दैनिक विश्वमित्र

कल आज और कल 111 वर्ष दैनिक विश्वमित्र 1915-2026

Get the e-paper from any corner of the world by contacting 9062771550

• हिन्दी का प्राचीनतम राष्ट्रीय दैनिक •

For Booking of Advertisements
9062771550
Display
Obituary
Notice
Classified
SUBSCRIBE
For yearly subscription of our Daily Newspaper
78906 49950

एशियन गेम्स में भारत ने रचा इतिहास

नीरू ढांडा ने ट्रैप शूटिंग में जीता गोल्ड

नागोया, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। इसे कहते हैं अचूक निशाना। भारत की बेटी नीरू ढांडा ने एशियन गेम्स के 75 साल के इतिहास में पहली बार वो कर दिखाया, जिसका इतिहास स्वर्णिम अक्षरों में लिख दिया गया है। अगले हजार सालों तक उनका नाम अमर हो गया है। उन्होंने महिलाओं की इंडिविजुअल ट्रैप शूटिंग में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। यह भारत को एशियन गेम्स 2026 में मिलने वाला 5वां गोल्ड मेडल रहा। उन्होंने गजब का प्रदर्शन करते हुए भारत की छाती जापान में चौड़ी कर दी। बता दें कि गोल्डन गर्ल नीरू का जन्म 25 मई 2000 को हुआ और वह हरियाणा के जींद की रहने वाली हैं। वह दिल्ली के डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में ट्रेनिंग करती हैं। नीरू की इस कामयाबी की खास बात यह रही कि उन्होंने खराब मौसम के बीच भी अपना धैर्य और सटीकता बनाए रखी। फाइनल में उन्होंने छह सीरीज में कुल 28 निशाने लगाए और शीर्ष स्थान हासिल किया। बारिश के बावजूद उनकी एकाग्रता में कोई कमी नहीं आई और वह मुकाबले में बढ़त बनाने में सफल रहीं। यह गोल्ड नीरू के लिए अचानक मिली सफलता नहीं है। पिछले कुछ समय से वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। 2025 में उन्होंने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में महिला ट्रैप का गोल्ड जीता था। इसके बाद 2026 में उन्होंने इटली के लोनाटो में शॉटगन वर्ल्ड कप में महिला ट्रैप का गोल्ड जीतकर इतिहास बनाया। वह आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में व्यक्तिगत ट्रैप गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनी थीं। एशियन गेम्स में भी नीरू ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। क्वालिफिकेशन में उन्होंने 50 में से 48 निशाने सही लगाए और संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहीं।

हावड़ा से शुरू हुई 'सारथी योजना'

• 12.59 लाख विद्यार्थियों को बांटी जाएगी साइकिल

अब टैब-स्मार्ट फोन की जगह छात्रों को पठन-पाठन सामग्री

हावड़ा, 29 सितम्बर (निप्र)। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बेंटरा स्थित मधुसूदन पाल चौधरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में 'सारथी' योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि उनकी सरकार इस शैक्षणिक वर्ष में इस योजना के तहत 12.59 लाख विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरित करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार निम्न स्तर का घटिया साइकिल खरीदती थी और उन्हें अपनी सबुज साथी योजना के तहत विद्यार्थियों को वितरित करती थी। भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती सरकार की सबुज साथी योजना का नाम बदलकर सारथी रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हावड़ा में उच्च गुणवत्ता वाली साइकिल बनाने वाला एक कारखाना लगाने के लिए जमीन आवंटित करेंगे। सारथी योजना के तहत इस शैक्षणिक वर्ष में 12.59 लाख छात्रों को साइकिलें मिलेंगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत स्कूलों के लिए संयुक्त अनुदान के तौर पर 300 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। उन्होंने पिछली तृणमूल सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति के तहत एक विशेष समुदाय के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने का आरोप लगाया। सीएम ने कहा कि हम इसे ठीक करेंगे। अब सनातनी धर्मों के साथ-साथ अन्य धर्मों के विद्यार्थियों को भी छात्रवृत्ति मिलेगी।

हावड़ा के बेंटरा स्थित एक स्कूल में 'सारथी योजना' शुरू करते हुए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी। – विश्वमित्र

मुख्यमंत्री शुभेंदु का निर्देश

खुफिया एजेंसियां ममता बनर्जी पर रखें नजर

नहीं होनी चाहिए राष्ट्रविरोधी ताकतों के साथ बैठक

कोलकाता, 29 सितम्बर (निप्र)। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी की दिल्ली यात्रा पर सवाल उठाए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज भारत-गठबंधन की बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंची। इस बैठक का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने खुफिया एजेंसियों पर ममता बनर्जी पर नजर रखने को कहा। उन्होंने ममता पर कई सनसनीखेज आरोप भी लगाए हैं। भारत गठबंधन की बैठक के संबंध में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा, "आप दिल्ली में क्या करने जा रहे हैं? आप बुद्धिजीवी नक्सलियों के साथ बैठक करने जा रहे हैं। हर कोई जानता है कि आज़ादी का नारा देने वाला क्या कर सकता है। मैं पुलिस और खुफिया एजेंसियों को कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दूंगा। राष्ट्रविरोधी ताकतों के साथ कोई बैठक नहीं होनी चाहिए। वह बुद्धिजीवी नक्सलियों का मुख्य सलाहकार बन गया है। वह दो लोगों के साथ दौड़ रहा है, एक तरफ जमात और दूसरी तरफ बुद्धिजीवी नक्सली।" मुख्यमंत्री शुभेंद अधिकारी ने इससे पहले ममता बनर्जी पर आजादी के नारे को लेकर हमला किया था। कुछ दिन पहले, ममता ने श्रीरामपुर में एक सभा से कहा था, "ममता बनर्जी ने शनिवार को सेरामपुर में एक सभा की।

हिन्दुस्तान क्लब में फिजिकल वोटिंग आज

कोलकाता, 29 सितम्बर (निप्र)। प्रतिष्ठित और बहुचर्चित हिन्दुस्तान क्लब की कल होने वाली वार्षिक आम सभा (एजीएम) में भारी गहमा-गहमी होने की संभावनाएं जताई जा रही है। इस बार का चुनाव तारीखों के ऐलान के समय से जितना चर्चित रहा है, जितने मुद्दे उछले हैं और जितनी सरगर्मी देखने को मिली है, शायद इसके पहले ऐसा माहौल देखने को नहीं मिला होगा। आरोप-प्रत्यारोप लगाने की हदें पार हो गईं। अध्यक्ष पद के दोनों उम्मीदवार श्री सी.एस. सारडा और श्री अजंनी धानुका अपनी पूरी टीम के साथ चुनावी मैदान में भरपूर ताकत झोंकते दिखाई दिए। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि 27 सितम्बर से आज शाम 5 बजे तक चली ई-वोटिंग के खत्म होने के बाद अब कल होने वाली फिजिकल वोटिंग नतीजे के लिए निर्णायक सिद्ध हो सकती है, क्योंकि सूत्रों की मानें तो आज शाम तीन दिन तक चली ई-वोटिंग खत्म होने के बाद दोनों ही दलों ने अपनी-अपनी जीत का भरोसा जताया है। इसलिए भी फिजिकल वोटिंग इस बार काफी महत्व रखती हैं। कई सदस्यों ने तो इस बार चले आरोप-प्रत्यारोप की गहमा-गहमी की वजह से भी ई-वोटिंग में हिस्सा न लेकर फिजिकल वोटिंग करने का फैसला किया। क्या गुल खिलाएंगे फिजिकल वोटर?

कैंसर की दवाओं पर सुप्रीम कोर्ट बोला- यह नरसंहार

2700 की दवा पर कीमत 27 हजार कैसे?



नई दिल्ली, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने आज दवाओं की कीमतों पर नाराजगी जताते हुए सवाल किया कि दवाओं के लिए अलग-अलग नियम क्यों हैं। इन पर अधिकतम 16% मार्जिन की सीमा क्यों नहीं तय की जा सकती। कोर्ट ने कैंसर की एक दवा का उदाहरण दिया, जिसकी रिटेल कीमत करीब 2,700 थी, लेकिन 27 हजार थी। कोर्ट ने कहा- यह नरसंहार है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने दवाओं की कीमत, जेनेरिक दवाओं की प्रिस्क्रिप्शन और मेडिकल डिवाइस के कंट्रोल से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई की। सरकार के फार्मास्यूटिकल्स विभाग की 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, 2024-25 में भारत में कैंसर-रोधी दवाओं की सालाना बिक्री 5,281 करोड़ रही। 2021-22 में यह 3,382 करोड़ थी। यानी तीन साल में बिक्री करीब 56% बढ़ी। इस कैटेगरी की बिक्री 2021-22 से 2024-25 के बीच 16.01% सालाना की दर से बढ़ी। सॉलिसिटर जनरल यह गंभीर मुद्दा है। ऐसा समाधान जरूरी है, जिसमें मरीजों, सरकार और फार्मा कंपनियों सभी के हितों का संतुलन रहे। फार्मा कंपनियां लाभ कमाने वाली नहीं हैं। ऐसा लगता है कि लाभ कमाने वाले निजी अस्पताल हैं। प्राइवेट हॉस्पिटल इंडस्ट्री की तरह काम कर रहे हैं। वे मरीजों को अपनी फार्मेसी से ही दवा खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। जिन दवाओं की कीमत सरकार तय करती है, उनका बाजार में हिस्सा कम है।

उग्रवादी हमले में जवान शहीद

ईटानगर, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले से बड़ी खबर सामने आई है। जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास मंगलवार को संदिग्ध उग्रवादी हमले में असम राइफल का एक जवान शहीद हो गया और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना नामपोंग क्षेत्र में नामपोंग नाला के पास सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई। 21 असम राइफल के जवान उस इलाके में गश्त कर रहे थे, जहां सीमा पर बाड़ लगाने का काम किया जा रहा है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, संदिग्ध उग्रवादियों ने गश्ती दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की।

भीतर के पन्नों पर खास

- पूर्व मंत्री इन्द्रनील सेन के ठिकानों पर छापा पृष्ठ 3
- एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में 5 डूबे पृष्ठ 7
- 'सनातनी स्वास्थ्य सेना' की पहल:मरीजों के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन पृष्ठ 8

शोक समाचार पृष्ठ 3 पर

अजब गजब

प्रसाद के साथ बैल निगल गया 3 तोले सोने की चेन

महाराष्ट्र के मालेगांव तालुका स्थित वनपत गांव में बैलपोला त्योहार के दिन एक हैरान कर देने वाला और अजीबोगरीब मामला सामने आया है। त्योहार के दिन पूजा-अर्चना के दौरान किसान के बैल ने प्रसाद (नैवेद्य) के साथ-साथ थाली में रखा करीब तीन तोले सोने का मंगलसूत्र निगल लिया। इस घटना के बाद किसान परिवार स्तब्ध रह गया। हालांकि, 15 दिनों के लंबे इंतजार के बाद पशु डॉक्टरों ने जटिल सर्जरी कर बैल के पेट से सोने की चेन सुरक्षित बाहर निकाल ली है। घटना के मुताबिक, वनपत गांव निवासी किसान शिवाजी बोरसे ने बैलपोला पर अपने दोनों बैलों की विधि-विधान से पूजा की थी और उनकेसामने नैवेद्य की थाली रखी थी। उसी थाली में तीन तोले की सोने की चेन भी रखी हुई थी। पूजा की आपाधापी में एक बैल ने प्रसाद केसाथ चेन को निगल लिया। चूंकि किसान के पास दो बैल थे, इसलिए वह इस गहरी दुविधा में पड़ गए कि दोनों में से किस बैल ने इस कीमती गहने को निगला है। डॉक्टरों की टीम ने 15 दिन की निगरानी के बाद डॉक्टरों की टीम ने बैल के पेट की सफल सर्जरी की और पेट में फंसी तीन तोले की पूरी सोने की चेन को बिना किसी नुकसान के सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

बांग्लादेशी आतंकवादी संगठनों से संबंध का आरोप

एनआईए ने मंगलकोट से इमाम को दबोचा

बंगाल के कई जिलों में चला तलाशी अभियान

कोलकाता, 29 सितम्बर (निप्र)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बांग्लादेश के आतंकवादी संगठनों से सीधे संबंध रखने के आरोप में एक मस्जिद के इमाम को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम पीर मोहम्मद शेख है। पता चला है कि गिरफ्तार व्यक्ति पूर्वी बर्दवान के मंगलकोट जिले के पालीसग्राम का निवासी है। एनआईए बांग्लादेश के आतंकवादी संगठनों से संबंध रखने के आरोप में राज्य के पांच स्थानों पर तलाशी अभियान चला रही है। असम में 10 स्थानों और केरल में एक स्थान पर तलाशी जारी है। पीर मोहम्मद शेख मोंटेस्वर के निवासी हैं। मंगलवार सुबह एनआईए के चार सदस्यों की एक टीम मंगलकोट पुलिस स्टेशन के पुलिसकर्मियों के साथ पालीसग्राम पुरबापारा स्थित मस्जिद में गई। पीर मोहम्मद शेख को मस्जिद से गिरफ्तार किया गया। उन्हें मस्जिद के उस कमरे में ले जाया गया जहां इमाम रहते थे। एनआईए ने वहां से एक डायरी और एक मोबाइल फोन जब्त किया। सूत्रों के अनुसार, जांचकर्ताओं को डायरी में कई बांग्लादेशियों के नंबर मिले। उन्हें मस्जिद से मंगलकोट पुलिस स्टेशन ले जाया गया। इस मामले में आज तड़के एनआईए की चार सदस्यीय टीम दक्षिण दिनाजपुर के बंसीहारी के कुस्करी मुंडेहर इलाके में मिजानुर रहमान के घर पहुंची। आज सुबह एनआईए अधिकारी मिजानुर रहमान के घर पहुंचे और तलाशी शुरू की। घर के विभिन्न हिस्सों में काफी देर तक तलाशी ली गई। हालांकि, तलाशी के दौरान क्या बरामद हुआ, इस बारे में अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

नीरव मोदी का करीबी संदीप मिस्त्री गिरफ्तार

मुंबई, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाला मामले में भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी के सहयोगी संदीप मिस्त्री को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, संयुक्त अरब अमीरात से प्रत्यर्पण के बाद आज मुंबई में मिस्त्री को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। मिस्त्री को सोमवार को यूएई से भारत लाया गया था। मंगलवार को सीबीआई ने उसे गिरफ्तार करने के बाद विशेष सीबीआई अदालत में पेश किया। एजेंसी ने उसकी हिरासत की मांग नहीं की। इसके बाद अदालत ने मिस्त्री को 6 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। यह गिरफ्तारी नवंबर 2025 में विशेष अदालत की ओर से जारी गैर-जमानती वारंट के अनुपालन में की गई है।

अक्टूबर में 15 दिन बंद रहेंगे बैंक

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में फेस्टिव सीजन शुरू हो चुका है। अक्टूबर में दशहरा, छठ पूजा और दुर्गा पूजा जैसे बड़े त्योहार हैं। साथ ही 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर भी पूरे देश में बैंक बंद रहेंगे। कई राज्यों में महीने के दौरान बैंक की कई छुट्टियां होंगी। कुल मिलाकर 15 दिन अलग-अलग राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। हालांकि इस दौरान ऑनलाइन बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। अक्टूबर 2026 में छुट्टियों की लिस्ट जारी की है। अक्टूबर में महात्मा गांधी जयंती, महालया अमावस्या, महा सप्तमी, दशहरा (महाष्टमी)/महानवमी/आयुध पूजा/दुर्गा पूजा/विजयादशमी/दुर्गा अष्टमी, दशहरा (विजयादशमी), महानवमी, आयुध पूजा/दुर्गा पूजा, विजयादशमी/दुर्गा पूजा, लक्ष्मी पूजा, करवा चौथ और सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती के मौके पर देश के अलग-अलग राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। भारत में, सभी शेड्यूल्ड और नॉन-शेड्यूल्ड बैंक दूसरे और चौथे शनिवार को बंद रहते हैं। बैंक कर्मचारी लंबे समय से हफ्ते में 5 डे वीक की मांग कर रहे हैं। बैंक कर्मचारियों के एक बड़े संगठन ने इस मुद्दे पर 28 से 30 अक्टूबर तक हड़ताल का आह्वान किया था। लेकिन आखिरी क्षणों में इसे स्थगित कर दिया गया। ग्राहक बैंक की छुट्टियों पर भी ऑनलाइन बैंकिंग, स्मार्टफोन ऐप और -आधारित पेमेंट का इस्तेमाल करके घर बैठे अपने ज्यादातर बैंकिंग कामकाज कर सकते हैं।

कच्चा हरा नारियल फल है, सूख गया तो क्या? मामला पहुंचा शीर्ष अदालत तक

ताजे और हरे फल पर टैक्स नहीं, लेकिन सूखे पर?

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। हमारे देश में किसी भी ताजे और हरे फल व सब्जी पर किसी भी प्रकार का कोई टैक्स नहीं लगता है। वहीं जब फल का रंग-रूप बदल जाता है, तो टैक्स संबंधी नियम बदल जाते हैं। कई बार इन नियमों को लेकर लड़ाई कोर्ट तक भी पहुंच जाती है। ताजा मामला नारियल से जुड़ा है। गुजरात में ऐसी ही मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया। विवाद इस बात को लेकर था कि क्या नारियल को ताजे हरे फल की श्रेणी में रखकर टैक्स से छूट दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कारोबारियों की अपील खारिज कर दी। यानी पके हुए नारियल को ग्रीन/फ्रेश फ्रूट की टैक्स छूट वाली श्रेणी में नहीं माना गया और उस पर लागू बिक्री कर तथा ऑक्ट्रॉय से संबंधित नियमों को बरकरार रखा गया।

कैसे शुरू हुआ पूरा विवाद?

मामला अहमदाबाद नगर निगम के ऑक्ट्रॉय यानी चुंगी टैक्स नियमों से जुड़ा था। निगम के नियमों के तहत कुछ जरूरी वस्तुओं को ऑक्ट्रॉय से पूरी तरह छूट दी गई थी। इनमें ग्रीन/फ्रेश फ्रूट्स यानी हरे या ताजे फल भी शामिल थे। शुरुआत में शहर की सीमा में लाए जाने वाले नारियल पर 100 किलो के लिए 1 रुपये का मामूली टैक्स लगाया जाता था। बाद में जब यह दर बढ़ाकर 5 रुपये प्रति 100 किलो कर दी गई, तो नारियल कारोबारियों ने इसका विरोध किया। कारोबारियों का तर्क था कि नारियल ताजा कृषि उपज है और इसे ग्रीन फ्रूट की श्रेणी में रखा जाना चाहिए। इसलिए इस पर ऑक्ट्रॉय टैक्स नहीं लगना चाहिए। नगर निगम ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया और मामला अदालत पहुंच गया।

हाई कोर्ट से भी नहीं मिली राहत

गुजरात हाई कोर्ट ने कारोबारियों की दलील को खारिज करते हुए माना कि पका हुआ भूरा नारियल ग्रीन फ्रूट की श्रेणी में नहीं आता। इसके बाद कारोबारियों ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट के सामने मुख्य सवाल यह था कि टैक्स कानून में नारियल को किस श्रेणी में रखा जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने अपनाया कॉमन पार्लेंस टेस्ट

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केवल वनस्पति विज्ञान की तकनीकी परिभाषा को आधार नहीं बनाया। अदालत ने कॉमन पार्लेंस टेस्ट यानी आम बोलचाल और बाजार में किसी वस्तु की सामान्य पहचान को महत्वपूर्ण माना। अदालत ने इस बात पर विचार किया कि अगर किसी व्यक्ति को बाजार से ताजे फल या सब्जियां खरीदने के लिए भेजा जाए, तो क्या वह सामान्य तौर पर भूरे छिलके वाला पका नारियल लेकर लौटेगा? अदालत का निष्कर्ष था कि रोजमर्रा के व्यावसायिक इस्तेमाल में पके हुए भूरे नारियल को सामान्य तौर पर ताजे खाने वाले फल या घरेलू सब्जी के रूप में नहीं देखा जाता।

आखिर नारियल है क्या?

वनस्पति विज्ञान की दृष्टि से नारियल एक फल है। इसे तकनीकी रूप से ड्रूप कहा जाता है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि टैक्स कानून में किसी वस्तु की श्रेणी तय करते समय केवल उसकी वैज्ञानिक या वनस्पति संबंधी परिभाषा ही निर्णायक नहीं होती। बाजार में पके हुए नारियल का इस्तेमाल तेल निकालने, किराना उत्पाद के तौर पर और धार्मिक कार्यों में भी होता है। इसलिए इसे ताजे फल की टैक्स छूट वाली श्रेणी में रखना उचित नहीं माना गया।

क्या नारियल ड्राई फ्रूट है?

कारोबारियों की ओर से एक वैकल्पिक दलील यह भी दी गई कि अगर नारियल को ताजा फल नहीं माना जाता, तो इसे ड्राई फ्रूट की श्रेणी में रखा जाना चाहिए। अदालत ने इस तर्क को भी स्वीकार नहीं किया। कोर्ट ने माना कि ड्राई फ्रूट एक अलग श्रेणी है और पके हुए नारियल को केवल ताजे फल की श्रेणी से बाहर होने के कारण ड्राई फ्रूट नहीं माना जा सकता। भारत में ताजे, बिना पैक और प्रिजर्व्ड फलों व सब्जियों पर किसी भी प्रकार का कोई टैक्स नहीं लगता। वहीं ड्राई फ्रूट्स, नट्स, फ्रोजन फ्रूट्स पर 5 फीसदी जीएसटी लगता है। वहीं जैम, पल्प और जूस पर भी 5 फीसदी जीएसटी है। सब्जियों की बात करें तो प्रोसेस्ड, प्रिपेयर्ड और प्रिजर्व्ड (जैसे डिब्बाबंद या अचार वाली सब्जियां) सब्जियों पर 5 फीसदी जीएसटी देना होता है।

।। नीति वचन ।।

गलत लोग सभी के जीवन में आते हैं
लेकिन सीख हमेशा सही देकर जाते हैं।

परहित बस जिनके मनमाहीं, तिन कहं जग दुर्लभ कछु नाहीं ।।

सम्पादकीय

हृदय स्वास्थ्य

विश्व हृदय दिवस केवल हृदय रोगों के प्रति जागरूकता का अवसर नहीं, बल्कि हमारी स्वास्थ्य-व्यवस्था और जीवनशैली की गंभीर समीक्षा का भी समय है। हृदय-रोग आज वृद्धावस्था तक सीमित समस्या नहीं रहा; बदलती जीवनशैली, असंतुलित आहार, शारीरिक निष्क्रियता, धूम्रपान, वायु-प्रदूषण, तनाव और अपर्याप्त नींद ने युवाओं को भी इसके जोखिम में ला दिया है। भारत जैसे युवा देश के लिए यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है, क्योंकि असमय होने वाली हृदय-सम्बंधी मृत्यु परिवार की आर्थिक सुरक्षा और राष्ट्रीय उत्पादकता दोनों को प्रभावित करती है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह और उच्च कोलेस्ट्रॉल जैसे जोखिम-कारक लंबे समय तक बिना स्पष्ट लक्षण के बने रह सकते हैं। इसलिए केवल अस्पताल-केंद्रित उपचार पर्याप्त नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों पर नियमित रक्तचाप, रक्त-शर्करा तथा कोलेस्ट्रॉल की जाँच को सहज और सुलभ बनाना आवश्यक है। हृदय-स्वास्थ्य के लिए व्यक्तिगत अनुशासन के साथ सार्वजनिक नीतिगत हस्तक्षेप भी जरूरी है। नमक, ट्रांस-फैट और अति-प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर प्रभावी नियंत्रण, तंबाकू-नियंत्रण, स्वच्छ वायु, पैदल चलने योग्य शहर और आपातकालीन चिकित्सा प्रशिक्षण को स्वास्थ्य नीति का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा। विश्व हृदय दिवस का वास्तविक संदेश यही है कि हृदय की सुरक्षा इलाज से पहले रोकथाम, जागरूकता और स्वस्थ सामाजिक परिवेश से सुनिश्चित होती है।

आज का सुविचार

आपको भाषा का अल्प विराप व पूर्ण विराम लगाना आता है परन्तु क्या व्यर्थ संकल्पों पर भी पूर्ण विराम लगाना आता है?
ब्रह्मकुमारीज-फ्री राजयोग सेंटर

आज का पंचांग

बुधवार, 30 सितम्बर 2026, आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्थी,
विक्रम संवत् 2083, राष्ट्रीय शक संवत्- 1948, ऋतु- वर्षा

आज का राशिफल

मेष (Aries): दूसरों की आलोचना में समय ख़राब न करें, क्योंकि इसका बुरा असर आपके स्वास्थ्य पर भी पड़ सकता है। कोई बड़ी योजनाओं और विचारों के ज़रिए आपका ध्यान आकर्षित कर सकता है।

वृष (Taurus): आज आप उम्मीदों की जादुई दुनिया में हैं। पुराने निवेशों के चलते आय में बढ़ोत्तरी नज़र आ रही है। शाम के समय सामाजिक गतिविधियाँ उससे कई बेहतर रहेंगी, जितनी आपने उम्मीद की थी।

मिथुन (Gemini): अपने आप पर एक सीमा के बाद दबाव न डालें और पर्याप्त आराम लें। आज निवेश के जो नए अवसर आपकी ओर आएँ, उनपर विचार करें। लेकिन धन तभी लगाएँ जब आप उन योजनाओं का अध्ययन कर लें।


कर्क (Cancer): कोई दोस्त आपकी सहनशक्ति और समझ की परीक्षा ले सकता है। अपने मूल्यों को दरकिनार करने से बचें और हर फ़ैसला तार्किक तरीक़े से लें। आप अच्छा पैसा बना सकते हैं।

सिंह (Leo): दिन फ़ायदेमन्द साबित होगा और आप किसी पुरानी बीमारी में काफ़ी आराम महसूस करेंगे। आपका कोई पुराना मित्र आज कारोबार में मुनाफा कमाने के लिए आपको सलाह दे सकता है।

कन्या (Virgo): आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है। आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। भागीदारी वाले व्यवसायों और चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में निवेश न करें।

तुला (Libra): आपके पति/पत्नि की सेहत तनाव और फ़िक्र की वजह बन सकती है। आपके पास आज पैसा भी पर्याप्त मात्रा में होगा और इसके साथ ही मन में शांति भी होगी। आप दूसरों में कमियाँ ढूंढने से बचें।


वृश्चिक (Scorpio): स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफ़ी मुश्किल में पड़ सकते हैं। ख़ास तौर पर अपने गुस्से पर क़ाबू रखें।

धनु (Saggiatarias): मुस्कुराएँ, क्योंकि यह सभी समस्याओं का सबसे उम्दा इलाज है। अगर आप यात्रा पर जाने वाले हैं तो अपने कीमती सामान का ध्यान रखें उसके चोरी होने की संभावना है।

मकर (Capricon): स्वास्थ्य के लिहाज़ से बहुत अच्छा दिन है। आपकी ख़ुशमिज़ाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी। दिन के दूसरे हिस्से में आर्थिक तौर पर फ़ायदा होगा।

कुंभ (Aquries): आज के दिन आप काम को अलग रखकर थोड़ा आराम करें और कुछ ऐसा करें जिसमें आपकी दिलचस्पी हो। आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता है।

मीन (Pisces): आज के दिन आप काम को अलग रखकर थोड़ा आराम करें और कुछ ऐसा करें जिसमें आपकी दिलचस्पी हो। आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता ह।

समकालीन हिंदी कविता — बसने लगी हैं ख़्वाहिशें ...

बसने लगी हैं ख़्वाहिशें दिल के दयार में
खिलने लगे हैं फूल मिरे ख़ार-ज़ार में
आज़ादी मेरी रूह को दिल-वाएगी अजल
कब तक रखेगी ज़िंदगी अपने हिसार में

रिज़वान अहमद राज़

मैं उस के वास्ते कभी लाखों में एक था
लाता नहीं है अब वो किसी भी शुमार में
मुझ को यक़ीन था वो फ़क़त मेरे साथ है
खाया है मैं ने धोका इसी एतिबार में

बच्चे की श्वास नली में फंसी सुई, सर्जरी

आसनसोल, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। दो साल के एक बच्चे ने गलती से अपने मुंह में सुई डाल ली। सुई उसकी श्वास नली में फंस गई। बच्चे के गले में सुई फंसने से परिवार चिंतित हो गया और उसे तुरंत अस्पताल ले गया। मंगलवार को बर्दवान मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने बच्चे की सर्जरी की और उसकी श्वास नली से सुई निकाल दी। अस्पताल के सूत्रों के अनुसार, बच्चे की शारीरिक स्थिति फिलहाल बहुत अच्छी है। झारखंड में एक बच्चे के गले में सुई फंस गई थी। उसके परिवार वाले सोमवार रात उसे बर्दवान मेडिकल कॉलेज ले गए और भर्ती कराया। डॉक्टरों ने बच्चे की सर्जरी कर उसे बचाया।

यूपी से चाची को भगाकर लाया अफेयर के शक में की थी हत्या

शव को घर में दफनाकर मंदिर दर्शन करने गया था कलयुगी भतीजा

जयपुर, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। रिश्ते जब पवित्रता और विश्वास की डोर से बंधे हों, तब वे जीवन का संबल बनते हैं, लेकिन जब हवस, शक और हैवानियत इन रिश्तों में घुल जाए, तो क्या अंजाम होता हैइसकी एक दहला देने वाली तस्वीर जयपुर के बिंदायका थाना क्षेत्र से सामने आई है। जिस महिला ने आरोपी पर भरोसा कर अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था, उसी की कोख में पल रहे मासूम बच्चे सहित उसकी बेरहमी से जान ले ली गई। पुलिस डीसीपी (वेस्ट) प्रशांत किरण के मुताबिक आरोपी प्रवेश रावत (22) उत्तर प्रदेश के बाराबंकी का रहने वाला है। वह रिश्ते में लगने वाली अपनी चाची किरण (32) को इसी साल जनवरी में उसके घर से भगाकर जयपुर ले आया था। दोनों पिछले दो महीनों से बिंदायका की प्रेस्टीज कॉलोनी में एक मकान किराए पर लेकर लिव-इन में रह रहे थे। मृतक किरण करीब छह महीने की गर्भवती थी। आरोपी प्रवेश काम पर जाते समय अपना मोबाइल घर पर ही छोड़ जाता था और उसे शक था कि किरण फोन पर किसी और से बात करती है।

इसी अंदेशे और शक की दीवानगी में उसने 23 सितंबर की अलसुबह बेरहमी से गला दबाकर किरण की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने शातिर तरीके से सबूत मिटाने की कोशिश की। उसने फिल्मों के दृश्यों की तर्ज पर घर के अगले हिस्से में बने लॉन में गड्ढा खोदा, शव को उसमें डाला और ऊपर से नमक छिड़ककर मिट्टी से ढक दिया। इस अमानवीयता की इंतहा यह रही कि हत्या के अगले ही दिन आरोपी अपने पाप धोने के लिए सामोद हनुमान मंदिर दर्शन करने चला गया और उसके बाद दो दिन तक फैक्ट्री में जाकर सामान्य रूप से काम करता रहा। तीन-चार दिन बीतने के बाद जब शव सड़ने लगा और लॉन से दुर्गंध उठने लगी, तब आरोपी ने मकान पर ताला लगाया और मोबाइल स्विच ऑफ कर फरार हो गया। 27 सितंबर को जब मकान मालिक मौके पर पहुंचे और जमीन खुदी हुई तथा बदबू महसूस की, तब इस भयानक राज से पर्दा उठा।

25-25 लाख की रिश्वत लेते सीजीएसटी के दो दलाल पकड़े

राजसमंद, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने राजसमंद में सीजीएसटी से जुड़े एक बड़े रिश्वत मामले में कार्रवाई को अंजाम दिया है। एसीबी की टीम ने कथित तौर पर रिश्वत की पहली किस्त लेते हुए दो बिचौलियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अनिल पारीक और सुशील के रूप में बताई जा रही है। दोनों को 25-25 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया गया। जानकारी के अनुसार, परिवादी को करीब 3 करोड़ 12 लाख रुपए का सीजीएसटी नोटिस दिया गया था। आरोप है कि इस नोटिस के सेटलमेंट के नाम पर 60 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले का सत्यापन कराया और इसके बाद ट्रैप की कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि रिश्वत की पहली किस्त के तौर पर 25 लाख रुपए लेते ही एसीबी टीम ने दोनों कथित दलालों को पकड़ लिया। सीजीएसटी के सुपरिटेंडेंट सांवलराम की भूमिका भी सामने आने की बात कही जा रही है।

विधायक गणेशराज बंसल के खिलाफ मामला दर्ज

हनुमानगढ़, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। हनुमानगढ़ विधायक गणेशराज बंसल सहित कई अन्य व्यक्तियों के खिलाफ प्लॉट में घुसने, तोड़फोड़ व धमकाने के आरोप में मंगलवार को जंक्शन थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार शिकायत 24 सितंबर को दी गई थी। जांच के बाद मामला दर्ज किया गया। चूंकि आरोपी वर्तमान में विधायक है, इसलिए विभागीय प्रावधानों के तहत अनुसंधान सीआईडीसीबी जयपुर से कराया जाएगा। अधिवक्ता हरबंशसिंह चंदी पुत्र मेहर सिंह निवासी सिविल लाइन, जंक्शन ने पुलिस को बताया कि जंक्शन के मिनी सचिवालय क्षेत्र में एच-39 प्लॉट उसके और एच-40 व एच-41 उसकी पत्नी सरणपाल कौर के नाम नीलामी में खरीदे गए थे।

लिव-इन पार्टनर के साथ रहने की जिद में टावर पर चढ़ी दो बच्चों की मां, चार घंटे बाद उतरी

डीग, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। पति को छोड़ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली दो बच्चों की मां मंगलवार सुबह अपने पार्टनर के साथ रहने की जिद को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गई। महिला के टावर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही आसपास के इलाके में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने महिला को समझाने का प्रयास किया। करीब चार घंटे तक चले घटनाक्रम के बाद महिला को सुरक्षित टावर से नीचे उतार लिया गया। जानकारी के अनुसार, महिला मूल रूप से अलवर जिले के एक गांव की रहने वाली बताई जा रही है। उसकी शादी भरतपुर जिले के कामां क्षेत्र में हुई थी और उसके दो बच्चे हैं। करीब दो साल पहले महिला का क्षेत्र में रहने वाले एक

युवक से संपर्क हुआ था। इसके बाद वह अपने पति और बच्चों से अलग होकर संबंधित युवक के साथ रहने लगी थी।

कुछ समय साथ रहने के बाद दोनों के बीच मनमुटाव हो गया और महिला अलग रहने लगी। इसके बाद महिला की ओर से संबंधित युवक के खिलाफ थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। पुलिस की ओर से जांच के बाद उस मामले में एफआर लगाए जाने की जानकारी सामने आई है। इसके बाद दोनों के बीच संबंध समाप्त होने की बात भी सामने आई। महिला बाद में कामां कस्बे में अलग किराये के मकान में रहने लगी। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे वह अंबेडकर सर्किल स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गई। महिला अपने लिव-इन पार्टनर के साथ रहने की मांग कर रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा काफी देर तक महिला को समझाने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने संबंधित युवक को भी मौके पर बुलाया। बातचीत और समझाइश के बाद महिला टावर से नीचे उतरने के लिए तैयार हुई। पुलिस ने महिला और युवक को थाने ले जाकर मामले की जानकारी जुटाई। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

सिलीगुड़ी समाचार

292 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

सिलीगुड़ी, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। गुप्त सूचना के आधार पर सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और बागडोगरा थाने की सादे कपड़ों में पुलिस ने बागडोगरा के केष्टपुर इलाके में चलाकर तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, तीनों कथित तौर पर ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री के लिए वहां एकत्र हुए थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मालदा के कालियाचक से एक आरोपी ब्राउन शुगर लेकर नशीले पदार्थ की डिलीवरी देने के लिए आया था। वहीं, नक्सलबाड़ी के तोताराम जोत से एक दंपती कथित तौर पर लग्जरी कार से ड्रग्स की डिलीवरी लेने पहुंचा था। इसी दौरान पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तारापद मंडल (55), निवासी कालियाचक, मालदा तथा मोहम्मद अनीसुल (42) और सैगाम खातून (40), दोनों निवासी तोताराम जोत, नक्सलबाड़ी के रूप में हुई है।

पत्रकारों पर हमले के आरोपियों को पुलिस रिमांड पर भेजा

सिलीगुड़ी, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। खालपारा इलाके में सेजल एंटरप्राइजेज में कथित नकली चावल की बिक्री को लेकर पुलिस छापेमारी की कवरेज के दौरान पत्रकार पर हमले के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विष्णु बंसल और विवेक बंसल के रूप में हुई है। दोनों को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने उन्हें 1 अक्टूबर तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया। साथ ही पुलिस को केस डायरी के साथ निर्धारित तारीख पर दोनों आरोपियों को फिर अदालत में पेश करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच के दौरान घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका और कथित तौर पर छीने गए मोबाइल फोन व अन्य उपकरणों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।इधर, पत्रकार पर हमले की घटना के विरोध में सिलीगुड़ी और उत्तर बंगाल के पत्रकारों में आक्रोश है। सिलीगुड़ी जर्नलिस्ट्स क्लब के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पत्रकार कोर्ट मोड़ स्थित गांधी मूर्ति के सामने एकत्र हुए और धरना देकर विरोध जताया। पत्रकारों ने हमले में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई और पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

नेशनल मोटर्स में हंगामा, कर्मचारी पर व्यक्ति से मारपीट का आरोप

सिलीगुड़ी, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। सेवक रोड स्थित पीसीएम टावर में यामाहा नेशनल मोटर्स को लेकर हंगामे की घटना सामने आई है। आरोप है कि किसी मुद्दे को लेकर कंपनी के कर्मचारियों और एक व्यक्ति के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो बाद में हाथापाई में बदल गई। इसके बाद कर्मचारियों पर उक्त व्यक्ति के साथ कथित तौर पर मारपीट करने का आरोप लगा है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। शिकायतकर्ता पक्ष का आरोप है कि कर्मचारियों के साथ कहासुनी के बाद अचानक स्थिति बिगड़ गई और उनके साथ कथित तौर पर शारीरिक दुर्व्यवहार एवं मारपीट की गई। घटना के बाद यामाहा नेशनल मोटर्स के सामने हंगामा शुरू हो गया। विवाद किस बात को लेकर शुरू हुआ और किन परिस्थितियों में मारपीट की घटना हुई, इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं।

आसनसोल समाचार

साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, सात गिरफ्तार

आसनसोल, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। साइबर अपराध के खिलाफ अभियान के तहत आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट की साइबर थाना पुलिस ने नियामतपुर के हरिजनपाड़ा इलाके में छापेमारी कर सात लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुजीत रुईदास, आकाश रुईदास, जितेन रुईदास, राजकुमार रुईदास, उज्ज्वल दास, सुनील रुईदास और राज रुईदास के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से छह मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिल जब्त की हैं। मंगलवार को सभी आरोपियों को आसनसोल अदालत में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, इससे पहले इसी इलाके में 11 लोगों की गिरफ्तारी के दौरान मिले डिजिटल और वित्तीय सुरागों के आधार पर इन आरोपियों तक पहुंच बनाई गई।

आसनसोल मंडल का प्लास्टिक पुनर्चक्रण मेला

आसनसोल, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के 13वें दिन के अंतर्गत आसनसोल मंडल, पूर्व रेलवे द्वारा 29 को आसनसोल, दुर्गापुर, जसीडीह और दुमका स्टेशनों पर प्लास्टिक पुनर्चक्रण मेले आयोजित किए गए। इस पहल का उद्देश्य जिम्मेदार अपशिष्ट निपटान को बढ़ावा देना तथा स्टेशन के विक्रेताओं, स्टॉल संचालकों और यात्रियों के बीच प्लास्टिक अपशिष्ट के उचित निपटान के प्रति जागरूकता पैदा करना था। इन स्टेशनों पर विक्रेताओं और स्टॉल संचालकों को अपने-अपने कार्यस्थल की स्वच्छता बनाए रखने तथा वहां उत्पन्न अपशिष्ट का उचित निपटान सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया गया। कैंटीन जैसे अधिक मात्रा में अपशिष्ट उत्पन्न करने वाले प्रतिष्ठानों को भी विशेष रूप से जागरूक किया गया।

दुर्गापुर समाचार

दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन अलर्ट

दुर्गापुर, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। आगामी दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर दुर्गापुर में प्रशासनिक एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन, आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट, दुर्गापुर नगर निगम, विभिन्न सरकारी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों तथा दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में दुर्गापुर पश्चिम के विधायक लक्खन चंद्र घोरूई, पांडेश्वर के विधायक जितेंद्र तिवारी, रानीगंज के विधायक पार्थ घोष, गलसी के विधायक राजू पात्रा, आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस कमिश्नर डॉ. प्रणव कुमार, पश्चिम बर्दवान के जिलाधिकारी पोन्नम्बलम एस. सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

शहीद वीरांगना मातंगिनी हाजरा के आत्म बलिदान दिवस पर रेड रोड पर उनकी मूर्ति पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी। साथ में है भाजपा नेता भोला प्रसाद सोनकर व अन्य।

नंदीग्राम के कांग्रेस प्रत्याशी को अंतरिम जमानत

कोलकाता, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। नंदीग्राम विधानसभा उपचुनाव के कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान को कलकत्ता हाई कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। मंगलवार को न्यायाधीश तीर्थंकर घोष ने उन्हें 20 अक्टूबर तक सभी मामलों में अंतरिम जमानत दे दी है। अब वह जेल से बाहर रहकर चुनाव लड़ सकेंगे। हालांकि उन्हें यह अंतरिम जमानत सशर्त मिली है। मामले की सुनवाई के दौरान वर्ष 2007 के एक पुराने मामले में चुनाव के ठीक पहले प्रत्याशी की गिरफ्तारी और इस पूरी प्रक्रिया में राज्य की भूमिका पर भी सवाल उठाए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिलन प्रधान ने नंदीग्राम उपचुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया था जिसके बाद उन्हें एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया। परिस्थितियों और मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए अदालत ने यह फैसला सुनाया है। इस अंतरिम जमानत के मिलने से अब कांग्रेस उम्मीदवार के लिए चुनाव प्रचार करने और अपनी उम्मीदवारी बरकरार रखने में कोई कानूनी बाधा नहीं आएगी।

हाईकोर्ट से हासिरानी रथ को मिली राहत

कोलकाता, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। कलकत्ता हाई कोर्ट से भाजपा उम्मीदवार हासिरानी रथ को बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने भाजपा प्रत्याशी के हलफनामे को चुनौती देने वाली कांग्रेस की याचिका को खारिज कर दिया है। मंगलवार को न्यायाधीश कृष्णा राव की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ता का आरोप था कि हलफनामे में हासिरानी रथ की आयु (60 वर्ष) और माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के वर्ष (1965) के बीच विसंगति थी, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट के आदेश की विस्तृत प्रति सामने आने पर इस मामले से जुड़े सभी तथ्य पूरी तरह स्पष्ट हो जाएंगे। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक, दिवंगत चंद्रनाथ रथ, जिसकी गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। हासिरानी रथ उनकी मां हैं, जिन्हें नंदीग्राम विधानसभा केंद्र से उपचुनाव में भाजपा ने मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने उनके हलफनामे को गलत करार देते हुए हाई कोर्ट में मामला दायर किया था।

पति की बेवफाई, पत्नी ने दी जान

कोलकाता, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। पति का अपनी पुरानी प्रेमिका के साथ संबंध था। पत्नी की शिकायत के बाद वैवाहिक विवाद शुरू हुआ। अगली सुबह पत्नी का शव फांसी पर लटका हुआ मिला। मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार कर लिया। यह घटना उत्तर 24 परगना जिले के बांगाँव पुलिस जिले के गोपालनगर पुलिस थाना क्षेत्र में घटी। आरोपी पति बैंक कर्मचारी है और प्रबंधक पद पर कार्यरत है। उसका नाम संदीप वैद्य है। चौदह वर्ष पूर्व, उसने चकदाहा निवासी पूर्णिमा मंडल से विवाह किया था। पूर्णिमा के ससुर ने आरोप लगाया कि दामाद का विवाहेतर संबंध था। पूर्णिमा पुलिस में कार्यरत है। पति के विवाहेतर संबंध के बारे में पता चलने के बाद वैवाहिक कलह शुरू हो गई। इसके बाद रविवार को उन्हें अपनी बेटी की मृत्यु की सूचना मिली। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया। इस बीच, पूर्णिमा के परिवार ने दामाद और उसके ससुराल वालों के खिलाफ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पूर्णिमा को लंबे समय से शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। विवाह के कुछ वर्षों बाद पूर्णिमा ने एक बेटी को जन्म दिया। तब से प्रताड़ना और भी बढ़ गई। संदीप पूर्णिमा पर उसके ससुर के घर से पैसे लाने का दबाव डालता था।

भर्ती घोटाले पर हाई कोर्ट का फैसला

कोलकाता, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। जांच अब किस चरण में है? जांच में अब तक क्या-क्या सामने आया है? इसका भविष्य क्या है? भर्ती भ्रष्टाचार की जांच कर रही सीबीआई की टीम को भंग करने की याचिका पर सुनवाई के दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने मंगलवार को ये सवाल पूछे। मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, इसलिए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सीबीआई की याचिका को सूची से हटा दिया है। सीबीआई चाहे तो सर्वोच्च न्यायालय में अपील कर सकती है। आज मामले की सुनवाई के दौरान, सहायक महाधिवक्ता ने कहा, कई अधिकारी सेवानिवृत्त होने वाले हैं। साथ ही, कुछ अधिकारी जांच के इतने वर्षों के दौरान सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उन्हें रिहा किया जाना चाहिए। फिर न्यायाधीश ने पूछा, जांच का भविष्य क्या है? आप किन लोगों की जांच कर रहे थे?

चिराग पासवान से मिले लोजपा (रामविलास) के बंगाल प्रदेश महासचिव रुपेश साव

कोलकाता, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पश्चिम बंगाल प्रदेश महासचिव रुपेश साव ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान पश्चिम बंगाल की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों के साथ-साथ जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान बंगाल में आम लोगों से जुड़े विषयों, सामाजिक सरोकारों तथा विभिन्न वर्गों के अधिकारों और हितों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। रुपेश साव ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सभी धर्मों और समुदायों के लोगों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए वे लगातार अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाना और समाज के हर वर्ग के साथ खड़ा रहना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे और लोगों के अधिकारों से जुड़े विषयों को उचित मंच तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। रुपेश

साव की चिराग पासवान के साथ हुई इस मुलाकात को पश्चिम बंगाल से जुड़े राजनीतिक एवं जनहित के मुद्दों पर महत्वपूर्ण संवाद के रूप में देखा जा रहा है।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मुख्य डिपो अधिकारी, संतरागाछी, दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर मंडल, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ई-टेंडरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। पात्र निविदाकारों से अनुरोध है कि वे नीचे उल्लिखित विवरण के अनुसार केवल ऑनलाइन माध्यम से वेबसाइट पर अपनी निविदाएँ प्रस्तुत करें। किसी भी प्रकार की ऑफलाइन निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया दस्तावेज़ अनुभाग में अपलोड किए गए निविदा दस्तावेज़ को पढ़ें। **निविदा सूचना संख्याः PDPK-C-PP-DT-280926; कार्य का नामः** पद्मपुकुर कोचिंग डिपो में सहायक कार्यों सहित 3 किमी लंबाई की कंप्रेस्ड न्यूमेटिक पाइपलाइन की त्वरित कपलिंग व्यवस्था सहित प्रावधान का कार्य। **निविदा मूल्यः** 76,01,076.91/-; **ईएमडीः** 1,52,000/-; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 22.10.2026 को 11:30 बजे; **निविदा दस्तावेज की लागतः** 0/- (शून्य)। **(PR-826)**

सूर्योदय 5.27 बजे

सूर्यास्त 5.26 बजे

■ आज अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 32 व 27 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम व न्यूनतम आर्द्रता 95% तथा 74% रही।

बारिश नहीं हुई

- श्री श्री ईश्वर सत्यनारायण एवं अन्य देवगण 51, कॉटन स्ट्रीट, बड़ाबाजार में निःशुल्क फिजियोथेरॉपी सुबह 8 से 10 बजे तक एवं निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा सायं 5 से 7 बजे तक। सुबह 10.30 से 11 बजे तक निःशुल्क भोजन 21 लोगों के लिए।
- श्री श्री सिद्धिविनायक देवस्थानम(कोलकाता) :श्री गणेश जी की आरती,सायं 7 बजे से,48बी,मुक्ताराम बाबू स्ट्रीट,बड़ाबाजार,कोलकाता में।
- श्री श्याम प्रेम मण्डल(बड़ाबाजार) :निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा एवं नेत्र परीक्षण,21/1,काशी दत्ता स्ट्रीट,जोड़ाबागान,कोलकाता में सुबह 9 बजे से।
- भूतड़ा परिवार(गिराजसर) :बाबा रामदेव जी की आरती,सुबह 7.30 बजे से,फोरम प्रवेश,ब्लॉक-जे,4 तल्ला,फ्लैट-402,रंगोली मॉल के पास, बेलूर, हावड़ा में।
- श्री श्याम मंदिर(घुसड़ीधाम) :श्री श्याम बाबा जी की आरती,सायं 7 बजे से,122,जे.एन.मुखर्जी रोड,विवेकानन्द कॉलोनी,घुसड़ी,हावड़ा में।
- माहेश्वरी सभा :निःशुल्क जल सेवा प्याऊ,4,शोभाराम बैशाख स्ट्रीट, बड़ाबाजार, कोलकाता में।

हाईकोर्ट में शुभेन्दु के खिलाफ मामला खारिज

कोलकाता, 29 सितम्बर (निप्र)। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने विपक्ष के नेता रहते हुए सुवेंदु अधिकारी के कोलाघाट स्थित कार्यालय और घर की तलाशी से संबंधित मामले को खारिज कर दिया है। पुलिस ने अदालत को बताया कि उस समय तलाशी अभियान राजनीतिक उद्देश्यों से चलाया गया था। कोलाघाट पुलिस स्टेशन ने उच्च न्यायालय को दी गई रिपोर्ट में कहा कि तलाशी में कुछ भी नहीं मिला। एक खाली सीज़र सूची तैयार की गई थी। इसी कारण जांच आगे नहीं बढ़ी। इसके बाद न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की एकल पीठ ने मामले को खारिज कर दिया। 2024 में लोकसभा चुनाव से पहले, पुलिस ने कोलाघाट स्थित सुभेंदु के घर की तलाशी ली। आरोप है कि 70-80 पुलिसकर्मियों ने घर को घेर लिया था। पुलिस का दावा था कि वे किसी उपद्रवी की तलाश में गए थे। हालांकि सुभेंदु ने पुलिस के दावे का खंडन किया, लेकिन उन्होंने उस समय आरोप लगाया था कि यह हमला तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आदेश पर किया गया था। घर में मौजूद लोगों की गैरमौजूदगी में छापेमारी कैसे की जा सकती थी? सुभेंदु ने इस सवाल को लेकर चुनाव आयोग से भी संपर्क किया था।

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रेड रोड पर शहीद वीरांगना मातंगिनी हाजरा की प्रतिमा पर उनके बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धांजलि दी। चित्र में विधायक विजय ओझा एवं जिलाध्यक्ष तमध्नो धोष व अन्य परिलक्षित हैं। *विश्वमित्र*

दुर्लभ बीमारी से पीड़ित बच्चे के लिए 17 करोड़ के इंजेक्शन की व्यवस्था करेगी राज्य सरकार

लकवाग्रस्त युवक के इलाज का भी आश्वासन

कोलकाता, 29 सितम्बर (निप्र)। एक ओर छह महीने का बच्चा है जो जानलेवा बीमारी एसएमए से पीड़ित है और उसकी जान बचाने के लिए अमेरिका में 17 करोड़ रुपये के इंजेक्शन की जरूरत है। दूसरी ओर, 23 वर्षीय युवक है जो चार साल की उम्र से दोनों पैरों से लकवाग्रस्त है और जिसका गरीब परिवार मासिक फिजियोथेरेपी के खर्चों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। घोर निराशा के बीच, ये दोनों असहाय परिवार मुख्यमंत्री के जनता दरबार में अपनी आखिरी उम्मीद बनकर पहुंचे। और वहां उन्हें आशा की एक किरण दिखाई दी। राज्य सरकार ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है।

बेलघरिया में रहने वाले इस दंपत्ति का छह महीने का बेटा पियाल है, जो स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) टाइप-1 नामक एक दुर्लभ और जानलेवा बीमारी से पीड़ित है। अपनी उम्र के बावजूद, बच्चे की गर्दन मजबूत नहीं हुई है और वह अपने हम उम्र बच्चों की तरह अपने हाथ-पैर नहीं हिला सकता। जब बच्चे को महज तीन महीने का होने पर इस बीमारी का पता चला, तो उसके माता-पिता पर संकट के बादल छा गए। डॉक्टरों ने स्पष्ट कर दिया कि बच्चे को बचाने का एकमात्र तरीका जीन थेरेपी है, जिसके लिए अमेरिका से दवा मंगवाने में लगभग 17 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। एक मध्यमवर्गीय परिवार के लिए यह खर्च वहन करना असंभव है। बेबस होकर वे मंगलवार को मुख्यमंत्री के सामने पेश हुए। उनकी गुहार सुनने के बाद, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने आश्वासन दिया कि सरकार हर संभव मदद करेगी। यहां तक कि मुख्यमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी ने उन्हें एक महीने का वेतन देने की घोषणा भी की है। पियाल के माता-पिता ने समाज के सभी वर्गों के लोगों से अपील की है कि वे नन्हे पियाल की जान बचाने के लिए मदद का हाथ बढ़ाएं।

दूसरी ओर, मंगलवार को भाजपा कार्यालय में इस तस्वीर के साथ एक और भावुक दृश्य देखने को मिला। व्हीलचेयर पर बैठे 23 वर्षीय युवक सुमन धारा सब कुछ हैरानी भरी निगाहों से देख रहे थे। चार साल की उम्र से ही उनके दोनों पैर बेकार हो गए थे। वेल्लोर से लेकर कोलकाता तक कई अस्पतालों में जाने के बावजूद कोई समाधान नहीं मिला। डॉक्टरों का कहना है कि इस बीमारी का कोई निश्चित इलाज नहीं है, एकमात्र उम्मीद नियमित दवाइयों और फिजियोथेरेपी में है। लेकिन अकेले फिजियोथेरेपी का खर्च ही 15-16 हजार रुपये प्रति माह है। एक छोटी सी ज़ेरॉक्स की दुकान में काम करने वाले पिता के लिए अपने बेटे का इलाज कराना बहुत मुश्किल है; वह दिन में दो बार दो मुट्ठी चावल कमाने के लिए घर से भाग जाते हैं। मुख्यमंत्री के नेत्रहीन भक्त सुमन, व्हीलचेयर पर बैठे अपने प्रिय मुख्यमंत्री से मिलने सीधे आए। उनका निवेदन था कि यदि हर महीने 10-12 हजार रुपये देकर फिजियोथेरेपी का खर्च पूरा कर दिया जाए, तो बाकी का खर्च वे बड़ी मुश्किल से उठा लेंगे। मुख्यमंत्री से मिलने के बाद जब वे हाथ में उनकी तस्वीर लिए बाहर आए, तो उनके चेहरे पर मुस्कान फैल गई। मुख्यमंत्री, जिनके वे बचपन से भक्त थे, ने उन्हें आश्वासन दिया, ''चिंता मत करो, मैं तुम्हारे साथ हूँ।'' उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि राज्य सरकार सुमन को स्वस्थ करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

CHANGE OF NAME / NAME CORRECTION

I, SANJAY KUMAR GOYAL, S/o Late Omprakash Goyal, residing at P-30/6, 3rd Floor, C.I.T. Road, Sunrise, P.O. - Kankurgachi, P.S. - Phoolbagan, Kolkata - 700054, do hereby declare that my name has been recorded as SANJAY KUMAR GOYAL in my Aadhaar Card, Pan Card, Voter ID and Passport and as SANJAY GOYAL in my Driving Licence vide No. WB-012001357150. My father's name has been wrongly written as O P Goyal instead of Late Omprakash Goyal in my Driving Licence. That SANJAY KUMAR GOYAL and SANJAY GOYAL is the same and identical person. Henceforth and by virtue of this affidavit, my name should be treated and recorded as SANJAY KUMAR GOYAL in all respects and records. Affidavit No. 33890 dated 29th September 2026, solemnly affirmed before the 2nd Court of Judicial Magistrate, 1st Class, Alipore.

हावड़ा नगर निगम
सर्वे विभाग
छठा तल, एनेक्स बिल्डिंग
हावड़ा – 711 101
टेलीफोन: (+91-33) 268-3211-13,
वेबसाइट: www.myhmc.in, ईमेल: survey@myhmc.in/ hmc.survey249@gmail.com

हावड़ा नगर निगम ने अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत प्रमुख सड़क/गली/लेन पर पार्किंग स्थल/स्लॉट की नीलामी के लिए बिक्री एजेंट के रूप में मेसर्स एमएसटीसी लिमिटेड को नियुक्त किया है। विवरण एमएसटीसी लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट : http://mstcecommerce.com से प्राप्त किया जा सकता है।

80(3)/26-27
29.9.26

कार्यपालक अभियंता (सर्वे)
हावड़ा नगर निगम

दुर्गा पूजा के फर्जी पास के नाम पर घोटाला

पूर्व मंत्री इंद्रनील सेन के दर्जनों ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई

कोलकाता, 29 सितम्बर (निप्र)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज सुबह तृणमूल कांग्रेस के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता इंद्रनील सेन के कई ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। यह कार्रवाई दुर्गापूजा परिक्रमा के नाम पर फर्जी पास बेचने और लगभग 50 से 60 लाख रुपए के वित्तीय अनियमितता से जुड़े एक बड़े घोटाले की जांच के सिलसिले में की जा रही है। खबर के लिखे जाने तक कार्रवाई जारी था। मामले में टीएमसी नेता के घर से तमाम सबूत बरामद भी हुए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आज सुबह ईडी की अलग-अलग टीमों ने पूर्व मंत्री इंद्रनील सेन के कोलकाता स्थित कासबा आवास पर दस्तक दी और पूरे परिसर को घेरकर तलाशी अभियान शुरू किया। ईडी की कार्रवाई केवल उनके निजी आवास तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी संस्था के कोलकाता स्थित कार्यालयों सहित कुल 15 जगहों पर एक साथ छापेमारी चल रही थी।

ईडी की एक विशेष टीम हुगली जिले में स्थित इंद्रनील सेन के लग्जरी फार्महाउस पर भी पहुंची है, जहां महत्वपूर्ण दस्तावेजों और वित्तीय लेनदेन के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। मामले से जुड़े आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पूर्व मंत्री इंद्रनील सेन और उनकी पत्नी द्वारा संचालित एक संस्था पर आरोप है कि उसने यूनेस्को का नाम भुनाकर फर्जी दुर्गापूजा परिक्रमा पास तैयार किए और उन्हें बेचकर करोड़ों रुपये का अवैध फंड जुटाया।दरअसल गायक रहे इंद्रनील सेन और उनकी पत्नी मधुछंदा सेन ने मिलकर मास आर्ट नाम की एक संस्था बनाई थी। 2022 में महानिर्वाण रोड मास आर्ट सोसाइटी के नाम से इसका गठन किया गया था। आरोप है कि इस संस्था ने यूनेस्को का नाम और लोगो चुराया और खुद को यूनेस्को का आधिकारिक पार्टनर बताकर प्रचार किया। इसके बाद संस्था ने कोलकाता के 24 दुर्गा पूजा पंडालों के प्रीव्यू शो दिखाने के नाम पर बेहिसाब कीमतों पर टिकट बेचे। इसी कथित वित्तीय गड़बड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के इनपुट्स मिलने के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह बड़ा कदम उठाया है। अब संस्था पर यूनेस्को के नाम का दुरुपयोग करने और दुर्गा पूजा के नाम पर करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप है। चार्जशीट में दावा किया गया है कि इस संगठन का नेतृत्व इंद्रनील सेन की पत्नी मधुचंदा सेन ही करती हैं। ऐसे में उन पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में शिकंजा कसा सकता है।फिलहाल ईडी के वरिष्ठ अधिकारी आवास और कार्यालयों के भीतर मौजूद दस्तावेज, बैंक खाते और डिजिटल सबूतों की बारीकी से जांच कर रहे हैं। हालांकि, केंद्रीय एजेंसी की ओर से अभी तक इस छापेमारी और बरामदगी को लेकर कोई आधिकारिक प्रेस बयान जारी नहीं किया गया है। मामले में आगे की विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है। बहरहाल जो भी हो जांच में सामने आयी जानकारी के अनुसार, प्रिव्यू शो के नाम पर बेचे जाने वाले पास की कीमत अलग-अलग मामलों में 1749 रुपये से लेकर 5499 रुपये तक बतायी गयी है।था

रोज वैली के रुपये वापस करने का निर्देश

कोलकाता, 29 सितम्बर (निप्र)। उच्च न्यायालय ने बहुचर्चित रोज़ वैली चिट फंड मामले में जमाकर्ताओं द्वारा जमा की गई धनराशि लौटाने की प्रक्रिया में हो रही धीमी गति और प्रशासनिक विफलताओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। 2015 से 2026 तक परिसंपत्ति निपटान समिति (एडीसी) के कार्यों की लंबी समीक्षा के बाद, न्यायालय ने कहा कि समिति रोज़ वैली की संपत्तियों को बेचकर आम लोगों की मेहनत की कमाई को वितरित करने की अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी निभाने में व्यावहारिक रूप से पूरी तरह विफल रही है। इस मामले में फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज और न्यायमूर्ति सुदीप देब की खंडपीठ ने स्पष्ट रूप से कहा कि एडीसी का एकमात्र कर्तव्य रोज वैली संपत्ति को बेचना और जमाकर्ताओं को धन वापस करना था। इसके अलावा, समिति को कोई अन्य कानूनी शक्ति या अधिकार क्षेत्र नहीं दिया गया था। न्यायालय ने पाया कि इस आदेश का उल्लंघन करते हुए, एडीसी की देखरेख में कार्यरत सहायक कंपनी चॉकलेट होटल्स प्राइवेट लिमिटेड (सीएचपीएल) ने एक तीसरे पक्ष के साथ होटल के संचालन का समझौता किया। लेकिन कानूनी रूप से, कंपनी को ऐसा समझौता करने का कोई अधिकार नहीं था। परिणामस्वरूप, न्यायालय ने सभी अनधिकृत समझौतों को प्रारंभ से ही अमान्य घोषित कर दिया।

स्पेशल ट्रेन
सियालदह और खोरधा रोड एवं सियालदह और विशाखापटनम के बीच

आगामी दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ उत्सव के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, स्पेशल ट्रेनें **सियालदह एवं खोरधा रोड और सियालदह एवं विशाखापटनम** स्टेशनों के बीच निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन के दिनों और गठन के अनुसार चलेंगीः-

03101/03102 सियालदह – खोरधा रोड – सियालदह स्पेशल

सियालदह – खोरधा रोड			(03101) (03102)	खोरधा रोड – सियालदह		
दिन	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	दिन
शनि	–	23.50	↓ सियालदह	02.00	–	सोम
रवि	01.00	01.05	आन्दुल	00.05	00.10	सोम
रवि	06.55	07.00	कटक	17.40	17.45	रवि
रवि	08.20	–	खोरधा रोड ↑	–	16.40	रवि

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में खड़गपुर, बालेश्वर, भद्रक और भुवनेश्वर स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने की तिथियाँ/दिन: सियालदह से:** 03101 दिनांक 17.10, 24.10, 31.10, 07.11, 14.11, 21.11 और 28.11.2026 (शनिवार) को = 07 ट्रिप। **खोरधा रोड से:** 03102 दिनांक 18.10, 25.10, 01.11, 08.11, 15.11, 22.11 और 29.11.2026 (रविवार) को = 07 ट्रिप। **गठन:** एसी 3-टियर-04, शयनयान श्रेणी-10, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)-06 और एसएलआरडी - 2 = कुल 22 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

03103/03104 सियालदह – विशाखापटनम – सियालदह स्पेशल

सियालदह–विशाखापटनम			(03103) (03104)	विशाखापटनम–सियालदह		
दिन	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	दिन
शुक्र	–	23.50	↓ सियालदह	12.30	–	रवि
शनि	01.00	01.05	आन्दुल	10.32	10.37	रवि
शनि	07.40	07.45	भुवनेश्वर	04.20	04.25	रवि
शनि	11.28	11.30	ब्रह्मपुर	01.58	02.00	रवि
शनि	17.15	–	विशाखापटनम ↑	–	20.10	शनि

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में खड़गपुर, बालेश्वर, भद्रक, जाजपुर क्योंझर रोड, नराज मार्थापुर, खोरधा रोड, बालूगांव, इच्छापुरम, सोमपेटा, पलासा, नौपाड़ा जंक्शन, श्रीकाकुलम रोड, चिपुरुपल्लि, विजयनगरम जंक्शन, कोत्तवलसा और पेन्दुर्ति स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने की तिथियाँ/दिन: सियालदह से:** 03103 दिनांक 16.10, 23.10, 30.10, 06.11, 13.11, 20.11 और 27.11.2026 (शुक्रवार) को = 07 ट्रिप। **विशाखापटनम से:** 03104 दिनांक 17.10, 24.10, 31.10, 07.11, 14.11, 21.11 और 28.11.2026 (शनिवार) को = 07 ट्रिप। **गठन:** एसी प्रथम श्रेणी- 1, एसी 2 टियर-4, एसी 3 टियर-12, पावर कार-2 और पैंट्री कार-1 (ताला और चाबी के तहत) = कुल 20 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

शराबी के हंगामे का विरोध करने पर महिला की पिटाई

हावड़ा, 29 सितम्बर (निप्र)। श्यामपुर में शराब की नशे में धुत एक युवक द्वारा हंगामा किये जाने का विरोध करना महिला को बेहद महंगा पड़ गया। युवक ने महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी। इस घटना में महिला का दाहिना आंख चोटिल हो गया। उसे उलबेड़िया महकमा अस्पताल व मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों ने तुरंत उसके आंख का ऑपरेशन किया। डॉक्टरों के अनुसार, कॉर्निया बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने से उस आंख की रोशनी चली गयी है। वहीं, दूसरी ओर पुलिस ने आरोपी दिलीप खानरा (30) को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात को आरोपी रात को शराब पीकर हंगामा कर रहा था। पीड़िता ने इसका विरोध किया। आरोप है कि शराब की नशे में धुत युवक ने महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। आंख पर घूसा लगने से खून निकलने लगा। चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपी वहां से भाग निकला। खबर पुलिस को दी गयी। महिला को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका ऑपरेशन किया। मंगलवार सुबह पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

BURDWAN MUNICIPALITY
UPHCS
Express Of Interest-
2026_MAD_5076231_1 Dt.- 29.09.2026
WBMAD/BM/UPHCS/2/2026-27 is invited vide **Memo No: 196/ xii/UPHCS Date: 28.09.2026** for one no Mobile Medical Van in favours of Burdwan Municipality, for Alamganj Poura Swastha Kendra. Last date of submission: - up to- 06.10.2026 up to 6 P.M. For Details visit **www.burdwanmunicipality.gov.in** and office notice board. Further corrigendum & addendum if issued will be published only on the above website.
Sd/-
Chairman
Burdwan Municipality

बुनियादी ढाँचा एवं सुविधाओं का आवर्धन

ई-निविदा सूचना संख्या. KIR/Engg./48 of 2026 तारीखः 24-09-2026। भारत के राष्ट्रपति की ओर से और तरफ से निम्नलिखित कार्यों के लिए "ई-टेंडरिंग" प्रणाली के माध्यम से कार्य की निविदा आमंत्रित किया गया है: **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के सियालदह कोलकाता में स्थित बेलियाघाटा विश्राम गृह पर बुनियादी ढाँचा एवं सुविधाओं का आवर्धन। **निविदा राशिः** ₹1,78,42,483.29/-। **धरोहर राशिः** ₹3,56,900/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 22-10-2026 तारीख के 15.00 बजे में **एवं खुलेगीः** 15.30 बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूर्ण जानकारी आगामी 22-10-2026 तारीख के 15.00 बजे तक www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

डीआरएम (डब्ल्यू)/ कटिहार
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

मालदा मंडल में पोड़ाडांगा स्टेशन पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति

आवेदन आमंत्रण सूचना

सूचना सं. सीओएम/एसटीबीए/पॉलिसी/एम/पीटी.-I दिनांकः 28.09.2026 पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के **पोड़ाडांगा (एनएसजी-6)** स्टेशन पर तीन वर्ष की अवधि के लिए स्टेशन मास्टर/उप स्टेशन मास्टर के पर्यवेक्षण के अधीन वर्तमान काउंटरों से कम्प्यूटरीकृत 'अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम' (यूटीएस) के माध्यम से अनारक्षित टिकटों को जारी करने के लिए **स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए)** के चयन हेतु योग्य **स्थानीय निवासी** से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा मुहरबंद आवेदन आमंत्रित करते हैं। **कार्य का विवरण एवं पात्रता मानदंडः** एनआईए कागजात/फॉर्म में विस्तार से वर्णित। **एनआईए कागजात का मूल्यः** रु.1,180/-(एनआईए कागजात का मूल्य = रु.1,000/-+ 18% जीएसटी) अप्रतिदेय। **बयाना राशि जमा :** एनएसजी-6 स्टेशन के लिए रु.2,000/-; एनआईए कागजात का मूल्य (यदि वेबसाइट से डाउनलोड किया जाता है) एवं बयाना राशि जमा (ईएमडी) कोलकाता में देय 'एफए एंड सीएओ', पूर्व रेलवे, कोलकाता के पक्ष में किसी राष्ट्रीयकृत या अधिसूचित बैंक से जारी डिमांड ड्राफ्ट/बैंक पे ऑर्डर के रूप में पृथक रूप से आवेदन के साथ जमा किए जाने चाहिए। बयाना राशि जमा और एनआईए कागजात की लागत के बिना दाखिल आवेदन तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। **कार्यालय का पता जहाँ से एनआईए कागजात का क्रय किया जा सकता है:** ऊपर वर्णित एनआईए कागजात की लागत (अप्रतिदेय) के लिए मनी रिसीट की प्रस्तुति पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा के कार्यालय से **दिनांक 30.09.2026 से 28.10.2026 तक 11.00 बजे से 17.00 बजे तक एवं दिनांक 29.10.2026 को 14.00 बजे तक** (कार्यदिवसों को) एनआईए कागजात का क्रय किया जा सकता है। एनआईए कागजात पूर्व रेलवे की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। तथापि, ऐसे मामले में आवेदक को आवेदन के साथ कोलकाता में देय एफए एंड सीएओ, पूर्व रेलवे, कोलकाता के पक्ष में जारी डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) के माध्यम से कागजात की लागत (अप्रतिदेय) जमा करनी होगी, अन्यथा उनके प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा। **अनुबंध की अवधिः** 03 वर्ष के लिए। **एनआईए कागजात जमा करने की तिथि और समयः** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, डीआरएम बिल्डिंग, प्रथम तल, पी.ओ.-झलझलिया, जिला-मालदा-732102 (पश्चिम बंगाल) के कार्यालय में इस उद्देश्य हेतु उपलब्ध निर्धारित मुहरबंद बॉक्स में **दिनांक 27.10.2026 से 29.10.2026 तक 11.00 बजे से 16.00 बजे तक। कोई आवेदन दिनांक 29.10.2026 को 16.00 बजे के बाद स्वीकार नहीं किया जाएगा। एनआईए बॉक्स के खुलने की तिथि और समयः** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, प्रथम तल, पी.ओ.-झलझलिया, जिला-मालदा, पश्चिम बंगाल-732102 के कार्यालय में **दिनांक 29.10.2026 को 17.00 बजे। वेबसाइट जहाँ से एनआईए का संपूर्ण विवरण देखा जा सकता है: www.er.indianrailways.gov.in** पर **दिनांक 30.09.2026 से। टिप्पणीः** (i) वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सरकारी मानदंडों के अनुसार लागू है। (ii) एनआईए फॉर्म/कागजात इसी अनुसार भरे जाने चाहिए।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालदा

पूर्व रेलवे

हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन

रेणिगुंटा यार्ड की रीमॉडलिंग तथा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग शुरू करने के संबंध में, दक्षिण तट रेलवे के तहत गुंतकल मंडल के गुडुर-रेणिगुंटा-तिरुपति अनुभाग में रेणिगुंटा यार्ड में **48 दिनों** की अवधि के लिए **प्री-प्री-नॉन इंटरलॉकिंग, प्री-नॉन इंटरलॉकिंग** एवं **नॉन इंटरलॉकिंग** कार्य का निष्पादन किया जाएगा। फलस्वरूप, नीचे उल्लेखित ट्रेनें निम्नानुसार परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगीः **(1) 06565 एसएमवीटी, बेंगलुरु-मालदा टाउन स्पेशल** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 13.12.2026 एवं 20.12.2026), **(2) 06566 मालदा टाउन-एसएमवीटी, बेंगलुरु स्पेशल** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 16.12.2026 एवं 23.12.2026), **(3) 12253 एसएमवीटी, बेंगलुरु-भागलपुर अंग एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 12.12.2026, 19.12.2026 एवं 26.12.2026), **(4) 13433 एसएमवीटी, बेंगलुरु-मालदा टाउन एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 22.12.2026), **(5) 13434 मालदा टाउन-एसएमवीटी, बेंगलुरु एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 20.12.2026), **(6) 16597 एसएमवीटी, बेंगलुरु-अलीपुरद्वार जंक्शन अमृत भारत एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 12.12.2026, 19.12.2026 एवं 26.12.2026), **(7) 16598 अलीपुरद्वार जंक्शन-एसएमवीटी, बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 14.12.2026 एवं 21.12.2026), **(8) 22503 कन्याकुमारी-डिब्रूगढ़ विवेक एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 11.11.2026, 12.11.2026 एवं 09.12.2026 से 26.12.2026 तक = 20 ट्रिप) एवं **(9) 22504 डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी विवेक एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 07.12.2026 से 24.12.2026 तक = 18 ट्रिप) ट्रेनें दोनों दिशाओं में अपने वर्तमान मार्ग मेलपक्कम केबिन-रेणिगुंटा जंक्शन-गुडुर जंक्शन के स्थान पर परिवर्तित मार्ग **अरक्कोणम जंक्शन-पेरम्बूर-गुडुर जंक्शन** के रास्ते चलेंगी एवं रेणिगुंटा जंक्शन स्टेशन पर नहीं ठहरेगी। असुविधा के लिए खेद है।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

अण्डाल और दुर्गापुर स्टेशनों के बीच कुछ मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का आंशिक निरस्तीकरण जारी रहेगा

दुर्गापुर स्टेशन के बदले अण्डाल स्टेशन पर निम्नलिखित मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का लोकोमोटिव रिवर्सल और 3 महीने की अवधि के लिए अर्थात दिनांक 01.10.2026 से 31.12.2026 तक जारी रहेगा। अतएव, ये ट्रेनें अपने मौजूदा मार्ग आसनसोल-अण्डाल-दुर्गापुर-अण्डाल-सांइथिया के बदले आसनसोल-अण्डाल-सांइथिया होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी और अण्डाल एवं दुर्गापुर स्टेशनों के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेंगी।

● **12551 एसएमवीटी बेंगलुरु–कामाख्या एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू दिनांक 03/10, 10/10, 17/10, 24/10, 31/10, 07/11, 14/11, 21/11, 28/11, 05/12, 12/12, 19/12 और 26/12/2026 (शनिवार)]। **अण्डाल पर ठहरने की समयसूचीः** आगमनः 20.00 बजे, प्रस्थान 20.01 बजे। ● **12552 कामाख्या–एसएमवीटी बेंगलुरु एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू दिनांक 07/10, 14/10, 21/10, 28/10, 04/11, 11/11, 18/11, 25/11, 02/12, 09/12, 16/12, 23/12 और 30/12/2026 (बुधवार)]। **अण्डाल पर ठहरने की समयसूचीः** आगमनः 06.45 बजे, प्रस्थान 06.47 बजे। ● **13417 दीघा–मालदा टाउन एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू दिनांक 01/10, 08/10, 15/10, 22/10, 29/10, 05/11, 12/11, 19/11, 26/11, 03/12, 10/12, 17/12, 24/12 और 31/12/2026(बृहस्पतिवार)]। **अण्डाल पर ठहरने की समयसूचीः** आगमनः 08.10 बजे, प्रस्थान 08.11 बजे। ● **13418 मालदा टाउन–दीघा एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू दिनांक 01/10, 08/10, 15/10, 22/10, 29/10, 05/11, 12/11, 19/11, 26/11, 03/12, 10/12, 17/12, 24/12 और 31/12/2026] (बृहस्पतिवार)]। **अण्डाल पर ठहरने की समयसूचीः** आगमनः 12.43 बजे, प्रस्थान 12.45 बजे। ● **13425 मालदा टाउन–सूरत एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू दिनांक 03/10, 10/10, 17/10, 24/10, 31/10, 07/11, 14/11, 21/11, 28/11, 05/12, 12/12, 19/12 और 26/12/2026 (शनिवार)] । **अण्डाल पर ठहरने की समयसूचीः** आगमनः 16.41 बजे, प्रस्थान 16.43 बजे। ● **13426 सूरत–मालदा टाउन एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू दिनांक 05/10, 12/10, 19/10, 26/10, 02/11, 09/11, 16/11, 23/11, 30/11, 07/12, 14/12, 21/12 और 28/12/2026 (सोमवार)]। **अण्डाल पर ठहरने की समयसूचीः** आगमनः 00.02 बजे, प्रस्थान 00.04 बजे। ● **15629 ताम्बरम–सिलघाट टाउन नगांव एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू दिनांक 05/10, 12/10, 19/10, 26/10, 02/11, 09/11, 16/11, 23/11, 30/11, 07/12, 14/12, 21/12 और 28/12/2026 (सोमवार)]। **अण्डाल पर ठहरने की समयसूचीः** आगमनः 03.41 बजे, प्रस्थान 03.42 बजे। ● **15630 सिलघाट टाउन–ताम्बरम नगांव एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू दिनांक 02/10, 09/10, 16/10, 23/10, 30/10, 06/11, 13/11, 20/11, 27/11, 04/12, 11/12, 18/12 और 25/12/2026 (शुक्रवार)]। **अण्डाल पर ठहरने की समयसूचीः** आगमनः 08.10 बजे, प्रस्थान 08.11 बजे।● **15640 कामाख्या–पुरी एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू दिनांक 04/10, 11/10, 18/10, 25/10, 01/11, 08/11, 15/11, 22/11, 29/11, 06/12, 13/12, 20/12 और 27/12/2026 (रविवार)]। **अण्डाल पर ठहरने की समयसूचीः** आगमनः 12.20 बजे, प्रस्थान 12.22 बजे।● **15661 रांची–कामाख्या एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू दिनांक 07/10, 14/10, 21/10, 28/10, 04/11, 11/11, 18/11, 25/11, 02/12, 09/12, 16/12, 23/12 और 30/12/2026 (बुधवार)] । **अण्डाल पर ठहरने की समयसूचीः** आगमनः 02.21 बजे, प्रस्थान 02.23 बजे। ● **15662 कामाख्या–रांची एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू दिनांक 06/10, 13/10, 20/10, 27/10, 03/11, 10/11, 17/11, 24/11, 01/12, 08/12, 15/12, 22/12 और 29/12/2026 (मंगलवार)]। **अण्डाल पर ठहरने की समयसूचीः** आगमनः 06.45 बजे, प्रस्थान 06.47 बजे। ● **15929 ताम्बरम–न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू दिनांक 01/10, 08/10, 15/10, 22/10, 29/10, 05/11, 12/11, 19/11, 26/11, 03/12, 10/12, 17/12, 24/12 और 31/12/2026(बृहस्पतिवार)। **अण्डाल पर ठहरने की समयसूचीः** आगमनः 03.41 बजे, प्रस्थान 03.42 बजे। ● **15930 न्यू तिनसुकिया–ताम्बरम एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू दिनांक 05/10, 12/10, 19/10, 26/10, 02/11, 09/11, 16/11, 23/11, 30/11, 07/12, 14/12, 21/12 और 28/12/2026 (सोमवार)]। **अण्डाल पर ठहरने की समयसूचीः** आगमनः 08.10 बजे, प्रस्थान 08.11 बजे। ● **22611 एमजीआर चेन्नई सेंट्रल–न्यू जलपाईगुड़ी सुपरफास्ट एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू दिनांक 07/10, 14/10, 21/10, 28/10, 04/11, 11/11, 18/11, 25/11, 02/12, 09/12, 16/12, 23/12 और 30/12/2026 (बुधवार)]। **अण्डाल पर ठहरने की समयसूचीः** आगमनः 16.55 बजे, प्रस्थान 16.57 बजे। ● **22612 न्यू जलपाईगुड़ी–एमजीआर चेन्नई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस** [यात्रा शुरू दिनांक 02/10, 09/10, 16/10, 23/10, 30/10, 06/11, 13/11, 20/11, 27/11, 04/12, 11/12, 18/12 और 25/12/2026 (शुक्रवार)]। **अण्डाल पर ठहरने की समयसूचीः** आगमनः 06.45 बजे, प्रस्थान 06.47 बजे।

मंडल रेल प्रबंधक/आसनसोल

पूर्व रेलवे

भागवत-भूषण डॉ. मनोजमोहन जी शास्त्री
द्वारा **श्रीमद् भागवत महापुराण** पर पंच दिवसीय प्रवचन
बुधवार दि. ३० सितम्बर २०२६ से रविवार दि. ४ अक्टूबर २०२६
समय : प्रतिदिन सायं ६ से ७ बजे तक
प्रसंग : नवधा भक्ति के विभिन्न उपासक
स्थान : कला कुंज, ४८, शेक्सपियर सरणी, कोलकाता-७०००१७
संगीत कला मंदिर | श्रद्धालु श्रोताओं का स्वागत है | संगीत कला मंदिर ट्रस्ट

व्यापार

एसपीजीसीएल की खनिज प्रसंस्करण इकाई में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू

नयी दिल्ली, 29 सितंबर (एजेंसियां)। श्री प्रियंका जियो कॉमेक्स लिमिटेड (एसपीजीसीएल) ने मोरक्को में अपनी खनिज प्रसंस्करण इकाई में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है। यह इकाई ग्रैविटी आधारित पृथक्करण प्रक्रिया के जरिये बैराइट की गुणवत्ता और ग्रेड में सुधार के लिए स्थापित की गई है। पूरी क्षमता पर यह इकाई सालाना करीब 72,000 टन कच्चे बैराइट का प्रसंस्करण कर सकेगी। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि यह इकाई शुरू होने से मोरक्को में उसके खनिज परिचालन में खनन और अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति के बीच एक महत्वपूर्ण प्रसंस्करण चरण जुड़ गया है।

इस्पात क्षेत्र में सुरक्षा मानकों को मजबूत करने के लिए नये निकाय

नयी दिल्ली, 29 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने इस्पात उद्योग में सुरक्षा मानकों को मजबूत करने के लिए एक शीर्ष निकाय के रूप में इस्पात उद्योग सुरक्षा परिषद (एसआईएससी) की स्थापना की घोषणा की। इस्पात मंत्रालय ने बताया कि इस परिषद के गठन का उद्देश्य इस्पात उद्योग में सुरक्षा मानकों, कार्यप्रणालियों, दुर्घटना रोकथाम और सुरक्षा जागरूकता को मजबूत बनाना है। यह इस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करेगा।

देश और दुनिया में धातु खनिज का हाल

कोलकाता, 29 सितम्बर। लिंक्डइन पर फेरोलॉयज और स्क्रैप नेटवर्क ग्रुप तथा एक्सपोर्ट इम्पोर्ट निर्यात आयात: फेरोलॉयज़, स्क्रैप, कोल एंड कोक, बिल्मेन के संस्थापक विनय डालमिया के अनुसार यूक्रेन के फ्लैट स्टील आयात जनवरी-अगस्त में 7% बढ़े। अमेरिकी स्टील उत्पादकों ने ट्रंप से Section 232 टैरिफ बरकरार रखने का आग्रह किया। यूरोपीय उत्पादकों ने सख्त "Made in Europe" नियमों की मांग की। अगस्त में जर्मनी की स्टील बिक्री 17.8% MoM घटी। सप्ताह 39 में अमेरिकी कच्चे स्टील का उत्पादन 3.4% बढ़ा। Midrex: 2035 तक वैश्विक DRI मांग 260 मिलियन टन तक पहुंच सकती है। बाढ़ के बाद JFE Steel को 600,000 टन उत्पादन नुकसान की आशंका। ArcelorMittal ने Eisenhttenstadt में उत्पादन आंशिक रूप से रोका। अल्जीरिया के Djen Djen पोर्ट ने तीसरी चीनी स्टील कॉइल खेप की शिपमेंट पूरी की। अमेरिका ने वियतनाम और मिस्र से रीबार पर CVD आदेश जारी किए। चीनी कोल टार पिच उत्पादकों ने ऑफर घटाए। Pak Steel उज्बेकिस्तान में रीबार प्लांट में निवेश पर विचार कर रही है। Ezz Steel समेत अन्य कंपनियों पर अमेरिकी CVD शुल्क लगा। LME कीमतें मजबूत रहने के बीच भारत की HZL ने जिंक बेंचमार्क बढ़ाया। सप्लाई चिंताओं के बीच LME जिंक 4,000/टन से ऊपर बना रहा। Essar ने अमेरिका में स्टील प्लांट लगाने की योजना बनाई, जिसे कथित तौर पर अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा प्लांट बताया जा रहा है। नई सप्लाई बढ़ने के बीच एल्युमिना की कीमतें स्थिर। 2027 के मध्य तक कॉपर 22,050/टन तक पहुंच सकता है।

'आर्थिक प्रगति में प्रौद्योगिकी और व्यापार महत्वपूर्ण'

कोलकाता, 29 सितंबर (नि.प्र.)। कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स की 195वीं वार्षिक आम बैठक का उद्घाटन सत्र मंगलवार को आयोजित किया गया। भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। पश्चिम बंगाल सरकार के उद्योग, वाणिज्य एवं उद्यम विभाग की प्रधान सचिव सुश्री वंदना यादव, आईएएस विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम में कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री अनंत सहारिया ने अतिथियों और सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि लगभग दो शताब्दियों की संस्थागत विरासत के साथ चैंबर की जिम्मेदारी है कि वह विकसित भारत 2047 की दिशा में अपनी भूमिका को आगे बढ़ाए। उन्होंने विनिर्माण, उत्पादकता, नवाचार, कौशल, बुनियादी ढांचे और वैश्विक मूल्य शृंखलाओं के साथ भारत के बेहतर एकीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बंगाल की समृद्ध औद्योगिक, व्यापारिक, बौद्धिक और उद्यमशील विरासत के साथ राज्य में नए औद्योगिक विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। इंजीनियरिंग, इस्पात, जूट, चाय, कपड़ा, रसायन, सेवा और व्यापार के पारंपरिक क्षेत्रों के साथ सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स, उन्नत विनिर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भी अवसर मौजूद हैं। मुख्य वक्ता श्री जितिन प्रसाद ने 'भारत के विकास के प्रमुख आधार और बंगाल की संभावनाएं' विषय पर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक प्रगति में प्रौद्योगिकी और व्यापार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने मुक्त व्यापार समझौतों के माध्यम से वैश्विक बाजारों में भारत की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि अब दुनिया भारत को केवल एक बाजार के रूप में नहीं, बल्कि एक समान भागीदार के रूप में देख रही है। चेंबर उपाध्यक्ष श्री अनुराग झुनझुनवाला के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। सुश्री वंदना यादव, आईएएस ने अपने विचार रखे।

शेयर बाजार लुढ़का

मुंबई, 29 सितंबर (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई का सेंसेक्स 243 अंक टूट गया। सेंसेक्स लाल निशान में खुला और शुरुआती कारोबार में ही करीब 708 अंक लुढ़क गया था। अंत में यह 242.65 अंक (0.33 प्रतिशत) नीचे 72,529.07 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक का ग्राफ भी लगभग सेंसेक्स जैसा ही रहा। यह 64.05 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,716.20 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांक छह महीने के निचले स्तर पर हैं। वृहत बाजार में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.04 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.81 फीसदी नीचे बंद हुआ। सेक्टर आधारित समूहों में रसायन समूह का सूचकांक 2.31 फीसदी टूट गया। ऑटो, आईटी, एफएमसीजी और रियल्टी समूहों में एक से दो प्रतिशत तक की गिरावट रही। बैंकिंग, वित्त और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। धातु, फार्मा, मीडिया और स्वास्थ्य समूहों में तेजी देखी गई। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन का शेयर पौने तीन प्रतिशत और एचसीएल टेक्नोलॉजीज का सवा दो प्रतिशत गिर गया। टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनीलिवर, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटरनल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस और मारुति सुजुकी के शेयर एक से दो प्रतिशत तक की गिरावट में रहे। आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी और पावरग्रिड के शेयर भी नीचे रहे। अडानी पोर्ट्स का शेयर करीब साढ़े चार प्रतिशत ऊपर बंद हुआ।

बंगाल में अमेज़न बिजनेस की बिक्री बढ़ी

कोलकाता, 29 सितंबर (नि.प्र.)। अमेज़न बिजनेस ने आज घोषणा की कि पश्चिम बंगाल में उसकी कुल बिक्री लगभग 40% की पांच-वर्षीय चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ी है। पश्चिम बंगाल भर के व्यवसाय उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला, प्रतिस्पर्धी कीमतों, जीएसटी-अनुरूप इनवॉइसिंग, बल्क छूट और सुविधाजनक डिलीवरी का लाभ उठाते हुए ऑनलाइन खरीदारी के लिए अपने पसंदीदा भागीदार के रूप में अमेज़न बिजनेस को तेजी से अपना रहे हैं। छोटे व्यवसायों और खुदरा विक्रेताओं से लेकर कार्यालयों और संस्थानों तक, अमेज़न बिजनेस सभी आकारों और श्रेणियों के व्यवसायों को सेवाएं प्रदान करता है, जिससे एक ही सुविधाजनक स्थान के माध्यम से खरीद प्रक्रिया सरल हो जाती है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, अमेज़न बिजनेस के निदेशक मित्रंजन भादुरी ने कहा, हम पूरे पश्चिम बंगाल में डिजिटल खरीद की दिशा में एक निर्णायक बदलाव देख रहे हैं, खासकर तब जब व्यवसाय आगामी त्योहारी सीजन की तैयारी कर रहे हैं। न केवल कोलकाता में, बल्कि पश्चिम बंगाल के तमाम जिलों में निर्माताओं, आईटी कंपनियों और सेवा फर्मों के ग्राहक अधिक सुविधा, लागत प्रभावी मूल्य निर्धारण, व्यापक विकल्प और लचीले खरीदारी विकल्पों की मांग कर रहे हैं। अमेज़न बिजनेस में, हम एक विस्तृत उत्पाद श्रृंखला, व्यवसायों के अनुकूल विशेष सुविधाएं और विश्वसनीय डिलीवरी एक ही स्थान पर उपलब्ध करा रहे हैं, ताकि व्यवसायों को अपनी खरीद को सुव्यवस्थित करने, कार्यक्षमता में सुधार करने और विकास के नए अवसरों को खोलने में मदद मिल सके।

मिंत्रा ने फेस्टिव बोनांजा पेश किया

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (वि.प्र.)। भारत के अग्रणी फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल डेस्टिनेशंस में से एक मिंत्रा ने पूर्वी भारत के लिए अपनी पहली पूजा स्पेशल फेस्टिव शॉपिंग ईवेंट पेश की है, जो दुर्गा पूजा से पहले इस क्षेत्र के शॉपर्स के लिए शानदार कलेक्शन लेकर आई है। यह ईवेंट शुरू हो चुकी है और इसमें पूर्वी भारत में शॉपिंग की पसंद के अनुरूप बेहतरीन फैशन प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं। साथ ही, यह ईवेंट रीजनल ब्रांड्स और सेलर्स को ग्राहकों से कनेक्ट होने का अवसर भी प्रदान कर रही है। पिछले साल के मुकाबले फेस्टिव सलेक्शन में 75 प्रतिशत की वृद्धि के साथ यह फेस्टिव बोनांजा ग्राहकों के लिए मेंसवियर, वीमेंसवियर, किड्सवियर, ब्यूटी, फुटवियर, एक्सेसरीज और होम श्रेणियों में 8.6 लाख से अधिक स्टाईल लेकर आया है, जो ग्राहकों को अपने फेस्टिव कलेक्शन को अपग्रेड करने का शानदार मौका दे रहे हैं।

आईसीसी का तीसरा डायमंड कॉन्क्लेव

कोलकाता, 29 सितंबर (नि.प्र.)। भारतीय वाणिज्य मंडल (आईसीसी) ने कोलकाता में तीसरे आईसीसी डायमंड कॉन्क्लेव का आयोजन किया, जिसमें ज्वेलरी और हीरा उद्योग की प्रमुख हस्तियां, विश्व प्रसिद्ध रत्न विज्ञान संस्थानों और अग्रणी विशेषज्ञों ने भारत के ज्वेलरी और हीरा क्षेत्र के बदलते परिदृश्य पर विचार-विमर्श किया। अपने स्वागत भाषण में, आईसीसी राष्ट्रीय विशेषज्ञ समिति (ज्वेलरी एंड लाइफस्टाइल) के अध्यक्ष और नेमीचंद बामलवा एंड संस के निदेशक श्री विनोद बामलवा ने कहा, भारत आज वैश्विक प्राकृतिक हीरा मूल्य श्रृंखला में एक निर्विवाद दिग्गज के रूप में खड़ा है, जो मात्रा के हिसाब से दुनिया के लगभग 90% रफ हीरों का प्रसंस्करण करता है। आईसीसी राष्ट्रीय विशेषज्ञ समिति (ज्वेलरी एंड लाइफस्टाइल) के सह-अध्यक्ष और सेनको गोल्ड एंड डायमंड के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री सुवांकर सेन ने थीम संबोधन देते हुए कहा, भारत में नए उभरते उपभोक्ता आधार के साथ, जिनकी आकांक्षाएं बढ़ रही हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री डॉ. स्वपन दासगुप्ता ने कहा, बंगाल इस क्षेत्र को महत्व देना चाहता है, और मुझे लगता है कि यह एक पथ-प्रदर्शक हो सकता है। मुझे लगता है कि यहां कोलकाता में, ज्वेलरी पार्क या जेम एंड ज्वेलरी पार्क के साथ किसी भी भविष्य के विकास में विशेष रूप से डिजाइन किया गया एक प्रशिक्षण केंद्र शामिल होना चाहिए। हम चाहते हैं कि पूरे भारत के सभी स्थापित घरानों के लोग यहां दुकान स्थापित करें। हम सुविधाएं देंगे। हम सुरक्षा देंगे। हम कस्टम को एक ही छत के नीचे लाने की कोशिश करेंगे।

वीवो इंडिया के टॉप 10 एजुकेटर्स की घोषणा

नई दिल्ली, 29 सितंबर (वि.प्र.)। इनोवेटिव स्मार्टफोन ब्रांड, वीवो इंडिया ने वीवो इग्नाइट 2026 के चौथे एडिशन के तहत 10 'टीचर इनोवेशन फेलो' के नामों की घोषणा की है। ये वे शिक्षक हैं जो पारंपरिक क्लासरूम लर्निंग से आगे बढ़कर छात्रों में जिज्ञासा, प्रयोग, समस्या-समाधान और इनोवेशन को बढ़ावा दे रहे हैं। इस फ़ेलोशिप के लिए पूरे भारत से 200 से ज़्यादा आवेदन मिले, जिनमें से 30 शिक्षक इंटरव्यू के दौर तक पहुँचे। कड़ी जाँच-परख के बाद, 6 राज्यों, 1 केंद्र शासित प्रदेश और 10 ज़िलों से 10 शिक्षकों को चुना गया। मूल्यांकन में चार क्षेत्रों का आकलन किया गया। वीवो इंडिया के चीफ़ कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस ऑफ़िसर, गीताज चन्नाना ने कहा, शिक्षक इस बात को तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं कि छात्र इनोवेशन का अनुभव कैसे करते हैं; वे उन्हें सवाल पूछने, प्रयोग करने और अपनी सीख को असल दुनिया की चुनौतियों पर लागू करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

नंबर 1 प्राइवेट होटल मैनेजमेंट कॉलेज की मान्यता

कोलकाता, 29 सितंबर (नि.प्र.)। एनआईपीएस इंस्टीट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट को 'टाइम्स नाउ लीडर्स ऑफ़ एक्सीलेंस ईस्ट 2026' में नंबर 1 प्राइवेट होटल मैनेजमेंट कॉलेज के तौर पर मान्यता दी गई है। यह इंस्टीट्यूट और हॉस्पिटैलिटी एजुकेशन में इसके लगातार योगदान के लिए एक अहम उपलब्धि है। यह प्रतिष्ठित सम्मान कोलकाता में आयोजित एक समारोह में मशहूर बॉलीवुड एक्ट्रेस संगीता बिजलानी ने प्रदान किया। NIPS इंस्टीट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट का प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ. विवेक पाठक ने श्री शेखर मुखर्जी और शेफ जोसेफ उत्तम गोम्स के साथ यह अवॉर्ड ग्रहण किया। NIPS हॉस्पिटैलिटी ग्रुप के फाउंडर डायरेक्टर डॉ. विवेक पाठक ने कहा, यह सम्मान पूरे NIPS परिवार के लिए बेहद गर्व का क्षण है। हम आभार के साथ यह अवॉर्ड स्वीकार करते हैं और इसे हमारे फैकल्टी, छात्रों, इंडस्ट्री पार्टनर्स, पूर्व छात्रों और पूरे NIPS समुदाय की सामूहिक कोशिशों का नतीजा मानते हैं।

खबरें पास-पड़ोस की

चारनॉक हॉस्पिटल्स
दिल की सेहत के लिए वॉकथॉन

कोलकाता, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। आज सुबह 500 से ज़्यादा कोलकातावासी 'वर्ल्ड हार्ट डे वॉकथॉन' के सालाना आयोजन के लिए इकट्ठा हुए। चारनॉक हॉस्पिटल्स ने बेलूर के रोटरी क्लब के साथ मिलकर आयोजित किया था। इसका मकसद शहर भर के लोगों को दिल की सेहत और स्वस्थ जीवन के महत्व के बारे में जागरूक करना था। सुबह 6:00 बजे शुरू हुई इस वॉकथॉन में सभी उम्र के लोगों ने जोश के साथ हिस्सा लिया, जिनमें डॉक्टर, हेल्थकेयर प्रोफेशनल, मरीज़, परिवार, छात्र और कोलकाता के आम नागरिक शामिल थे। लोग एक साथ चले, जिससे यह कार्यक्रम स्वस्थ दिल और स्वस्थ जीवन पर केंद्रित एक सार्थक पहल बना लगातार चौथे साल आयोजित होने वाली 'वर्ल्ड हार्ट डे वॉकथॉन' अब चारनॉक हॉस्पिटल्स की एक खास सालाना पहल बन गई है। यह कार्यक्रम हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स और आम लोगों को एक साथ लाता है, जिससे दिल की सेहत पर ध्यान सिर्फ़ अस्पताल तक सीमित न रहकर रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बन जाता है। इस मौके पर चारनॉक ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री प्रशांत शर्मा ने कहा, वर्ल्ड हार्ट डे वॉकथॉन हमारे दिल के बहुत करीब है क्योंकि यह असल में लोगों और अस्पताल के बाहर उनकी ज़िंदगी के बारे में पिछले चार सालों में यह वॉकथॉन एक शानदार परंपरा बन गई है।

शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई

कोलकाता, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। देश सामाजिक उत्थान समिति और शहीदे आजम भगत सिंह ब्रिगेड के द्वारा उनकी जन्म जयंती इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हॉल हावड़ा में 28 सितंबर 2026 को पालन किया गया। इसमें प्रमुख रूप से उपस्थित थे संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष श्री श्याम प्रकाश चतुर्वेदी जी, जिसमें श्री अमिताभ दत्त (शिक्षाविद्), श्री एस एन राय (कोलकाता हाई कोर्ट के सीनियर अधिवक्ता), श्री डॉ. जगन्नाथ भट्टाचार्य (पूर्व विधायक), प्रोफेसर डॉक्टर श्री शंकर कुमार सान्याल, श्री विपीनेश पांडे, श्री एलके तिवारी , श्री विजय शंकर अग्रहरी, श्री भूपेंद्र नाथ पांडे, श्री दिनेश गुप्ता, श्री एसपी गुप्ता, श्री निर्मल कुमार राय, संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष ने श्री श्याम प्रकाश चतुर्वेदी जी भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया और भगत सिंह के बलिदान और उनके देशभक्ति, राष्ट्रीय प्रेम, मातृभूमि, के लिए उनको नमन किया ,उनके बलिदान को सदियों तक याद किया जाएगा ,भगत सिंह एक व्यक्ति नहीं थे, वह एक विचार थे , जब तक यह देश है उनका विचार प्रासंगिक है सदियों तक। और तमाम प्रवक्ताओं ने अपने-अपने विचार को रखें , और उनको नमन किया। श्री श्याम प्रकाश चतुर्वेदी जी ने संस्था के कार्यकर्ताओं को, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए, सबको धन्यवाद दिया।

टैक्स ऑडिट की समय-सीमा बढ़ने से राहत

कोलकाता, 29 सितंबर (नि.प्र.)। टैक्स आडिट की समय सीमा बढ़ने से टैक्स पेयर ने राहत की सांस ली है। कुछ लोगों का कहना है कि अवधि बढ़ने से टैक्स जमा करने में सुविधा के साथ-साथ पारदर्शिता भी आएगी। मालूम रहे कि सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ डायरेक्ट टैक्सेस ने एक प्रेस रिलीज़ जारी करके कतिपय लोग जिनके लिए आईटीआर भरने की समय-सीमा 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 21 नवंबर कर दी है। इसी तरह, ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की तय तारीख भी 30 सितंबर, 2026 से बढ़ाकर 21 अक्टूबर, 2026 कर दी गई है। टैक्स एडवोकेट नारायण जैन ने इस फ़ैसले का स्वागत किया है। जैन ने बताया कि सेक्शन 139(1) के स्पष्टीकरण 2 के तहत दी गई तालिका में क्रम संख्या 2 में वे कंपनियों करदाता और ऐसे करदाता शामिल हैं जिनकी या अन्य व्यक्तियों (कंपनी के अलावा) के खातों का ऑडिट इनकम-टैक्स एक्ट (जैसे सेक्शन 44-इ) या किसी अन्य कानून के तहत होना ज़रूरी है, और साथ ही ऐसी फ़र्म के पार्टनर भी जिनके खातों का ऑडिट जिनके लिए एक्ट या किसी अन्य कानून के तहत होना ज़रूरी है।

पूजा में स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

हाजीपुर, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। आगामी पर्व त्यौहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार के विभिन्न स्टेशनों से नई दिल्ली/आनंद विहार, चंडीगढ़, फिरोजपुर कैंट, एरणाकुलम एवं पोत्तनूर के मध्य फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी सं. 04512/04511 चंडीगढ़-पटना-चंडीगढ़ फेस्टिवल स्पेशल गाड़ी सं. 04512 चंडीगढ़-पटना फेस्टिवल स्पेशल 01.10.2026 से 26.11.2026 तक सप्ताह के प्रत्येक गुरूवार को चंडीगढ़ से 23.55 बजे खुलकर अगले दिन 16.35 बजे वाराणसी,17.45 बजे डीडीयू, 18.45 बजे बक्सर, 19.32 बजे आरा एवं 20.03 बजे दानापुर रुकते हुए 21.15 बजे पटना जं. पहुंचेगी।

योग एवं नृत्य कक्ष का उद्घाटन

जगतदल, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। हरखचंद कांकरिया जैन विद्यालय (श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सभा द्वारा संचालित) के प्रांगण में स्कूल के संस्थापक भामा साह, दानवीर जय कुमार कांकरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथि सुशील गेलरा एवं अतिथि कमल कर्णावत, सचिव अशोक मिन्नी, शिक्षक प्रभारी प्रेम कुमार सिंह, विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहित अभिभावक गण एवं होनहार बच्चों की उपस्थिति में जय कुमार कांकरिया के करकमलों द्वारा योग कक्ष एवं नृत्य कक्ष का उद्घाटन किया गया। दीप प्रज्वलित होते ही पूरा कक्ष बच्चों के करतल से गूंज उठा। कार्यक्रम के आरंभ में सचिव अशोक मिन्नी ने जय कुमार कांकरिया जिनके परिवार के द्वारा विद्यालय का निर्माण कर हस्तांतरित करने एवं अनवरत मिल रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक योग एवं नृत्य की महत्ता को अपने मृदु वचनों के माध्यम से स्पष्ट किया एवं सभी बच्चों को नृत्य एवं योग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

कैंसर उपचार के साथ हृदय की देखभाल भी जरूरी

कोलकाता, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। इस विश्व हृदय दिवस पर हृदय स्वास्थ्य और कैंसर उपचार के बीच संबंध को समझना बेहद जरूरी है। आधुनिक कैंसर उपचार से मरीजों की जीवन प्रत्याशा बढ़ी है, लेकिन कुछ कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, लक्षित उपचार और इम्यूनोथेरेपी हृदय की कार्यक्षमता, रक्तचाप या हृदय की धड़कन को प्रभावित कर सकती हैं। डॉ. अभिनय टिबड़ेवाल के अनुसार, कैंसर उपचार शुरू करने से पहले हृदय की जांच, जिसमें आवश्यकता के अनुसार ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफी और रक्त जांच शामिल हैं, मरीज के जोखिम का आकलन करने में मदद करती है। उपचार के दौरान और बाद में भी नियमित निगरानी महत्वपूर्ण है। सांस फूलना, सीने में दर्द, तेज या अनियमित धड़कन, चक्कर, अत्यधिक थकान या पैरों में सूजन जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उपचार के दौरान अचानक ऐसी शिकायत होने पर तुरंत चिकित्सकीय टीम को सूचित करना आवश्यक है। ऑन्कोलॉजिस्ट और कार्डियोलॉजिस्ट के बीच बेहतर समन्वय से कैंसर का प्रभावी उपचार जारी रखते हुए हृदय स्वास्थ्य की भी सुरक्षा की जा सकती है।

कमजोर हड्डियों वालों के लिए स्वदेशी तकनीक

कोलकाता, 29 सितंबर (नि.प्र.)। सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल, बेंगलुरु के एडिशनल डायरेक्टर ऑर्थोपेडिक्स, डॉ. बनर्जी बी.एच. को उनके आविष्कार Apparatus for Trans-Osseous Rotator Cuff Repair के लिए भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय से भारतीय पेटेंट प्रदान किया गया है। यह उपकरण रोटेटर कफ रिपेयर के दौरान हड्डी के माध्यम से टेंडन को सुरक्षित करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए विकसित किया गया है। रोटेटर कफ कंधे के आसपास मौजूद टेंडन का समूह है, जो कंधे की गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके फटने पर सर्जरी के दौरान टेंडन को हड्डी से दोबारा जोड़ा जाता है। आमतौर पर इसके लिए स्यूचर एंकर का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन कमजोर हड्डियों वाले मरीजों, विशेष रूप से बुजुर्गों और ऑस्टियोपोरोसिस से प्रभावित मरीजों में यह प्रक्रिया चुनौतीपूर्ण हो सकती है। डॉ. बनर्जी के नवाचार में ट्रांस-ओसियस तकनीक के जरिए हड्डी में छोटे टनल बनाए जाते हैं। इन टनल के माध्यम से स्यूचर को पास कर फटे हुए टेंडन को दोबारा हड्डी से जोड़ा जाता है। यह प्रक्रिया आर्थ्रोस्कोपिक तरीके से की जा सकती है और उन मामलों में उपयोगी हो सकती है जहां हड्डी की गुणवत्ता सर्जरी को अधिक चुनौतीपूर्ण बनाती है।

दपूरे का स्वच्छता ही सेवा और स्वच्छता पखवाड़ा

कोलकाता, 29 सितंबर (नि.प्र.)। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2026 तक मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के तहत, दक्षिण पूर्व रेलवे अपने अधिकार क्षेत्र में स्वच्छता और जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम लगातार चला रहा है। स्वच्छता से समृद्धि थीम के तहत, अलग-अलग डिवीज़न स्वच्छता, सस्टेनेबिलिटी और लोगों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। 28 सितंबर, 2026 को खड़गपुर डिवीज़न ने रेलवे की कई जगहों पर बड़े पैमाने पर स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के काम किए। कबाड़ से जुगाड़/कबाड़ से कला पहल का मकसद रेलवे के कबाड़ जैसे पुराने सिग्नलिंग उपकरण, कोच के पुर्जे और धातु का कचरा को उपयोगी चीज़ों और रचनात्मक कलाकृतियों में बदलना था। रामरजतला, गोकुलपुर, टिकीयापारा, संतरागाछी, अबाडा, शालीमार रेलवे कॉलोनी, हल्दीपाड़ा, अंडुल, मौरीग्राम और दीघा स्टेशनों पर ज़ोर-शोर से स्वच्छता अभियान चलाए गए।

3 अक्टूबर को जैथलिया स्मृति व्याख्यानमाला

कोलकाता, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। श्री बड़ाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित 'कर्मयोगी जुगल किशोर जैथलिया स्मृति व्याख्यानमाला' का 11वां आयोजन आगामी शनिवार, 3 अक्टूबर 2026 ई. को सायं 5.30 बजे ओसवाल भवन (2बी, नन्दो मल्लिक लेन, कोलकाता-6) में किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे पांचजन्य के पूर्व संपादक एवं प्रखर चिंतक श्री बल्देवभाई शर्मा, मुख्य वक्ता होंगे भाजपा के राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव (संगठन) एवं वरिष्ठ राजनेता श्री शिवप्रकाश जी तथा प्रधान अतिथि होंगे वरिष्ठ आयकर सलाहकार श्री सज्जन कुमार तुल्स्यान। कुमारसभा के अध्यक्ष महावीर बजाज ने बताया कि 2047 का भारत केवल आने वाली पीढ़ियों का सपना नहीं, आज के युवाओं के संकल्प से निर्मित होने वाला हमारा भविष्य है। इस वर्ष के व्याख्यान का विषय है विकसित भारत 2047 की संकल्पना में युवाओं की भूमिका'।

प्रवासी राजस्थानी मीट में एमएआईएमएफ का सम्मान

कोलकाता, 29 सितंबर (नि.प्र.)। प्रवासी राजस्थानी मीट के अंतर्गत कोलकाता स्थित आईटीसी सोनार बंगला में आयोजित विशेष समारोह में माननीय श्री के.के. विश्नोई जी, राज्य मंत्री, उद्योग एवं वाणिज्य, राजस्थान सरकार द्वारा महा ऑल इंडिया मारवाड़ी फेडरेशन (एमएआईएमएफ) द्वारा समाज एवं राष्ट्रहित में किए जा रहे उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिए संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री श्री किशन किला जी को सम्मानित किया गया। यह सम्मान महा ऑल इंडिया मारवाड़ी फेडरेशन के लिए अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का विषय है। महा ऑल इंडिया मारवाड़ी फेडरेशन राजस्थान सरकार द्वारा प्रदान किए गए इस सम्मान के लिए हृदय से आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त करती है। संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य राजस्थान सरकार, माननीय श्री के.के. विश्नोई जी तथा प्रवासी राजस्थानी मीट के आयोजकों के प्रति तहेदिल से धन्यवाद एवं आभार प्रकट करते हैं। इस अवसर पर बंगाल के प्रवासी राजस्थानी समाज के अनेक प्रमुख उद्योगपति, समाजसेवी एवं प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनमें श्री हर्षवर्धन नेवटिया, श्री संजय बुधिया, श्री महेश गोयनका, श्री रूपक बरुआ चेयरमैन, CII West Bengal, श्री B. Sumant Director, ITC, सहित अनेक सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं राजस्थान सरकार के वरिष्ठ अधिकारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही।

रचनाकार ने आयोजित की शताब्दी काव्य गोष्ठी



कोलकाता, 29 सितंबर (नि.प्र.)। रचनाकार भारत फाउंडेशन द्वारा बड़ाबाजार लाईब्रेरी में स्वर्गीय दुर्गावती चौधरी की शताब्दी जयंती पर शताब्दी काव्य गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुजफ्फरपुर से पधारे संजय पंकज जी ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रेम शंकर त्रिपाठी, ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, सुशील साहिल, श्रीमती रेश्मी पांडा मुखर्जी,गिरिधर राय एवं जय कुमार रुसवा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के सांस्कृतिक मंत्री आलोक चौधरी द्वारा गणेश वंदना और प्रणति ठाकुर द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। संस्था अध्यक्ष रचना सरन ने औपचारिक रूप से सभी अतिथियों का स्वागत किया और स्व. दुर्गावती चौधरी स्मृति काव्यगोष्ठी की गत सात वर्षो से चल रही श्रृंखला के शताब्दी अंक तक की यात्रा का उल्लेख किया। इस कार्यक्रम का संयोजन आलोक चौधरी, भारती मिश्रा, रचना सरन एवं सुरेन्द्र सिंह ने किया और संचालन श्रीमती मौसमी प्रसाद ने किया। कार्यक्रम का समापन संस्था के संस्थापक सुरेश चौधरी जी ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। सभी सहभागियों को स्मृतिचिह्न एवं पुस्तकें प्रदान की गईं। कार्यक्रम की उपस्थित सभी रचनाकारों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

विश्व समाचार

ईरान ने मध्यस्थों के साथ पश्चिम एशिया में लड़ाई को सुलझाने पर चर्चा की : अराघची

तेहरान, 29 सितंबर (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि देश के अधिकारियों ने पश्चिम एशिया में लड़ाई को सुलझाने के लिए कतर के मध्यस्थों के साथ चर्चा की है और इन पर जल्द ही अमेरिका से जवाब मिलने की उम्मीद है। सूत्रों ने पहले दोनों देशों के अधिकारियों के हवाले से बताया था कि अमेरिकी और ईरानी प्रतिनिधियों ने सोमवार को पश्चिम एशिया में लड़ाई को खत्म करने के तरीकों पर मध्यस्थ देशों के साथ अलग-अलग चर्चा की थी। ईरानी ब्रॉडकास्टर प्रेस टीवी ने श्री अराघची के हवाले से कहा, हमने कतर के मध्यस्थों के साथ ईरान की शर्तों को पूरा करने के तरीकों पर चर्चा की। अमेरिका का जवाब कतर के मध्यस्थों के ज़रिए ईरान को बताया जाएगा उम्मीद है कि कल तक मिल जाएगा। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि ईरान ने क्षेत्रीय संकट को सुलझाने के लिए अगर अमेरिका किसी समझौते में दिलचस्पी रखता है तो एक समाधान का प्रस्ताव दिया है।

ब्रिटेन के फेयरफोर्ड सैन्य हवाईअड्डा पर हुई घटना में विदेशी ताकत का हाथ : रुबियो

वाशिंगटन, 29 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि ब्रिटेन के फेयरफोर्ड सैन्य हवाईअड्डे पर सप्ताहांत में हुई घटना में विदेशी ताकत का हाथ था। श्री रुबियो ने फॉक्स न्यूज़ को दिए एक साक्षात्कार में कहा ''ब्रिटेन में सप्ताहांत में जो हुआ वह बहुत गंभीर स्थिति है। इसमें साफ तौर पर किसी विदेशी ताकत का हाथ है... मैं ब्रिटेन को उनके सहयोग और मदद के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। आने वाले दिनों में इस बारे में और भी बहुत सी खबरें सामने आएंगी।'' रविवार को विस्फोटक अधिनियम के तहत अपराधों के शक में हवाईअड्डे के पास पांच लोगों को हिरासत में लिया गया था। पुलिस द्वारा जारी की गई हिरासत में लिए गए लोगों की सूची के अनुसार, सभी पांच ब्रिटिश हैं। उनकी उम्र 23 से 25 साल के बीच है और सभी लंदन में रहते हैं। अगले दिन उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि आरएएफ फेयरफोर्ड यूरोप में अकेला अमेरिकी सैन्य हवाईअड्डा है जिसे नियमित तौर पर रणनीतिक हमलावर विमानों के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

दक्षिणी लेबनान में इजरायली तोपखाने विमानों ने कई इलाकों को बनाया निशाना

बेरूत, 29 सितंबर (एजेंसियां)। इजरायली तोपखाने और विमानों ने दक्षिणी लेबनान के कई इलाकों और बस्तियों पर हमले किये हैं। लेबनान के एक सैन्य सूत्र ने स्पूतनिक को बताया कि सोमवार को इजरायली तोपखाने ने याटेर के बाहरी इलाके, हारिस और हदाथा के बीच के क्षेत्र, जावतर अल-शरकिया, बराआचित, खियाम, कफर तेबनीत, मैफदून, ऐतरून, हौला और अन्य इलाकों पर भारी गोलाबारी की। सूत्र ने बताया कि इजरायली विमानों ने जिबकीन, खियाम, मेइस अल-जबल, हारिस और हदाथा के बीच के क्षेत्र, मंसूरियेह, कफर तेबनीत और कंतारा के बाहरी इलाकों को भी निशाना बनाया। लेबनान और इजरायल ने 26 जून को वाशिंगटन में एक रूपरेखा समझौते पर हस्ताक्षर किये थे, जिसमें पूर्ण युद्धविराम और दक्षिणी लेबनान पर लेबनानी सेना का नियंत्रण बहाल करने का प्रावधान है। इसके लिए हिजबुल्ला के निरस्त्रीकरण की शर्त रखी गयी है। समझौते के क्रियान्वयन की व्यवस्था को लेकर चार से छह अगस्त तक रोम में बातचीत भी हुई थी। इसके बावजूद लेबनान में इजरायली हमले लगभग रोजाना जारी रहने की बात कही जा रही है।

अमेरिका में हैकर्स ने पेंटागन के 30 लाख से ज़्यादा कर्मचारियों का निजी डेटा चुराया

वॉशिंगटन, 29 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका में हैकर्स ने पेंटागन के 30 लाख से ज़्यादा मौजूदा और पुराने कर्मचारियों का गोपनीय डेटा चुरा लिया है, जिसमें उनके सोशल सिक्योरिटी नंबर और नौकरी संबंधी जानकारी शामिल हैं। एबीसी न्यूज़ ने एक अमेरिकी सैन्य अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी है। मिलिट्री टाइम्स अखबार ने पिछले हफ़्ते विभाग के निजी डेटा सेंटर में सेंधमारी की रिपोर्ट दी। यह सेंधमारी अक्टूबर 2025 और जुलाई 2026 के बीच हुयी। अधिकारी ने कहा कि इस सेंधमारी से 27 लाख 60 हजार ज़िंदा लोग और 294,000 मृत लोग प्रभावित हुए। ब्रॉडकास्टर ने बताया कि सामने आई जानकारी का पैमाना संवेदनशीलता राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंता को बढ़ा सकती है, खासकर इसलिए क्योंकि डेटा में सैन्य और असैन्य कर्मचारियों के पदों के बारे में जानकारी थीं। नेटवर्क के सूत्रों के मुताबिक अपराधी एफबीआई कर्मचारियों की निजी जानकारी जारी करने की धमकी दे रहे हैं।

नेपाल आयात करेगा भारत से 1,154 मेगावाट बिजली

काठमांडू, 29 सितंबर (एजेंसियां)। नेपाल आगामी सर्दियों में बिजली की कमी से बचने के लिए भारत से 1,154 मेगावाट बिजली आयात करेगा। हाल में बाढ़ और भूस्खलन के कारण देश में घरेलू बिजली उत्पादन प्रभावित हुआ है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) के कार्यकारी निदेशक दीर्घायु कुमार श्रेष्ठ के अनुसार, भारत से धल्केबर-मुजफ्फरपुर ट्रांसमिशन लाइन के जरिए 600 मेगावाट, टनकपुर-महेंद्रनगर मार्ग से 54 मेगावाट और बिहार के विभिन्न ट्रांसमिशन बिंदुओं से 350 मेगावाट बिजली आयात की जाएगी। इसके अलावा आरटीसी के जरिए 150 मेगावाट बिजली मिलेगी। एनईए के अनुसार, आगामी शुष्क मौसम में नदी का जलस्तर घटने से घरेलू बिजली उत्पादन घटकर 1,218 मेगावाट रह सकता है। भारत से आयातित बिजली जोड़ने पर कुल उपलब्धता 2,372 मेगावाट होगी, जबकि पिछले वर्ष देश की अधिकतम मांग 2,292 मेगावाट रही थी। 27 अगस्त को भोटेकोशी और त्रिशूली नदियों में आई बाढ़ से 430 मेगावाट बिजली उत्पादन प्रभावित हुआ है। प्राधिकरण के अनुसार, आयात के प्रभावी प्रबंधन से करीब 750 मेगावाट की आंतरिक कमी के बावजूद उपभोक्ताओं को नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

राजेंद्र खंडेलवाल कलकत्ता इंटरनेशनल क्लब के अध्यक्ष

कोलकाता, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। कलकत्ता इंटरनेशनल क्लब की वार्षिक आम बैठक में राजेंद्र खंडेलवाल को क्लब का अध्यक्ष चुना गया। बैठक 27 सितंबर को शेक्सपियर सरणी स्थित क्लब परिसर में आयोजित हुई। कलकत्ता इंटरनेशनल क्लब की स्थापना 1924 में 'स्विस क्लब' के रूप में हुई थी। इसकी स्थापना कोलकाता में रहने वाले स्विस समुदाय ने की थी। वर्ष 1970 में इसका नाम बदलकर 'इंटरनेशनल क्लब' किया गया। इसके बाद 2011 में इसे 'कलकत्ता इंटरनेशनल क्लब लिमिटेड' का नाम दिया गया। क्लब अपनी पुरानी परंपरा के तहत मित्रता, आपसी मेल-जोल और एकजुटता को बढ़ावा देता रहा है।

'रांधुनी ना कांदुनी' पेश

कोलकाता, 29 सितंबर (नि.प्र.)। कोलकाता में एक सामान्य-से मीडिया लंच का आयोजन देखते ही देखते एक सरप्राइज़ से भरे किचन में बदल गया, जब डेप्यू --ढकने अपने आगामी ओरिजिनल शो 'रांधुनी ना कांदुनी' की झलक पेश की। अंकुश हाज़रा द्वारा होस्ट किए गए इस अनोखे "Kitchen Takeover' में मीडिया और क्रिएटर्स को इस नए अनस्क्रिप्टेड कॉमेडी कुकिंग शो की दुनिया का करीब से अनुभव मिला जहाँ स्वादिष्ट खाना, हंसी-मज़ाक, सितारों की नोकझोंक और किचन का पूरा हंगामा देखने को मिलेगा। 'रांधुनी ना कांदुनी' का प्रीमियर 3 अक्टूबर 2026 को रात 9:30 बजे सोनी आठ और सोनी लीव पर होगा।

टीकेएम की स्थिरता रिपोर्ट जारी

बेंगलुरु, 29 सितम्बर (वि.प्र.)। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 'सबके लिए प्रगति' विषय के साथ अपनी स्थिरता रिपोर्ट 2026 जारी की। यह रिपोर्ट टोयोटा के मूल्यों और 'सबके लिए खुशियां पैदा करने' के उद्देश्य पर आधारित है। रिपोर्ट में पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक विकास, जिम्मेदार व्यवसाय और सुशासन के क्षेत्र में कंपनी की पहल और उपलब्धियों को रेखांकित किया गया है। रिपोर्ट का अनावरण कर्नाटक सरकार के वन, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण मंत्री श्री रामलिंगा रेड्डी ने टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के विनिर्माण विभाग के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष श्री बी. पद्मनाभ और कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में किया। श्री बी. पद्मनाभ ने कहा कि टोयोटा में स्थिरता समाज के लिए मूल्य सृजन का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कंपनी कार्बन उत्सर्जन में कमी, संसाधनों के बेहतर उपयोग, सामुदायिक विकास और जिम्मेदार सुशासन के लिए लगातार काम कर रही है।

यस बैंक का आईओए के साथ करार

कोलकाता, 29 सितंबर (नि.प्र.)। भारत 1.4 अरब आवाज़ों, अनगिनत भाषाओं और अलग-अलग संस्कृतियों का देश है। लेकिन जब टीम इंडिया मैदान में उतरती है, तो यह विशाल विविधता भरोसे, सम्मान और गर्व की एक ताकतवर आवाज़ में बदल जाती है। भारत के प्रमुख प्राइवेट बैंकों में शामिल यस बैंक इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) के साथ अपनी साझेदारी के जरिए टीम इंडिया के ऑफिशियल रिटेल बैंकिंग पार्टनर के तौर पर इसी आवाज़ के साथ खड़ा है। एशियन गेम्स 2026 में हिस्सा ले रहे अपने एथलीटों के जज़्बे, हिम्मत और लगन का जश्न मनाते हुए, यस बैंक ने पूरे देश को टीम इंडिया के साथ खड़ा करने के लिए एक देशव्यापी कैंपेन शुरू किया है। इसके केंद्र में एक प्रेरणादायक फिल्म है, जिसमें पूरा देश गर्व और सम्मान के साथ टीम इंडिया का हौसला बढ़ाता नज़र आता है। इस साझेदारी पर यस बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ विनय एम. तोंसे ने कहा, यस बैंक में हमारा मानना है कि भारत की तरक्की लोगों, समुदायों और उद्यमों के एक साझा मकसद के साथ जुड़ने से बनती है।

कृषक बंधु आवेदन की अवधि बढ़ी

कोलकाता, 29 सितंबर (नि.प्र.)। योजना से बाहर रह जाने के डर के बीच, आश्वासन दिया गया है। राज्य सरकार ने कृषक बंधु (नई) योजना से किसी भी पात्र लाभार्थी को वंचित न रहने देने के लिए आवेदन अवधि को 10 दिनों तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा, यह सुनिश्चित करने के लिए सूची की जांच की जा रही है कि किसी भी अपात्र लाभार्थी को सरकारी सब्सिडी न मिले। नबन्ना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री दुध कुमार मंडल ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि किसी भी अपात्र व्यक्ति को लाभ न मिले। कृषि मंत्री ने कहा, प्रत्येक किसान को केवल एक ही भत्ता मिलेगा। या तो पीएम किसान योजना या कृषकबंधु (नई) योजना। पिछली सरकार के कार्यकाल में कृषकबंधु योजना के तहत 1 करोड़ 1 लाख 9 हजार 571 किसान पंजीकृत थे। हमारी सरकार के सत्ता में आने के बाद, पीएम किसान योजना के तहत अभी भी 38 लाख 55 हजार 213 लोग हैं। शेष कृषकबंधु (नई) योजना के लिए 47 लाख 74 हजार 957 फॉर्म जमा किए गए हैं। जिनमें से 39 लाख 51 हजार 120 आवेदन वैध हैं। बाकी आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे। हालांकि, ताकि कोई भी सरकारी सहायता से वंचित न रहे, वास्तविक लाभार्थियों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 दिन बढ़ा दी गई है।

नि:शुल्क हाइड्रोसील एवं हर्निया ऑपरेशन कैंप

कोलकाता, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। मारवाड़ी रिलीफ सोसायटी कोलकाता द्वारा आज निशुल्क हाइड्रोसील एवं हर्निया ऑपरेशन कैंप का आयोजन किया गया ऑपरेशन डॉक्टर प्रसनजीत मुखर्जी एवं डॉक्टर अभिषेक भरतीय द्वारा किया गया यह कार्यक्रम हरियाणा सेवा सदन के सहयोग से किया गया कैंप का अवलोकन मारवाड़ी रिलीफ सोसायटी के मानद प्रधान सचिव प्रहलाद राय गोयंका एवं अध्यक्ष गोविंद राम अग्रवाल ने किया इसकी जानकारी कैंप कोऑर्डिनेटर अजय दिवाकर ने दी।

पेयजल सुविधा बेहतर करने में जुटा एनएफआर

मालीगांव, 29 सितंबर (नि.प्र.)। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने हाल ही में पांडु स्थित जल प्रशोधन संयंत्र का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य जल प्रशोधन एवं गुणवत्ता निगरानी की व्यवस्थाओं की समीक्षा करना तथा रेल कर्मचारियों एवं यात्रियों के लिए सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल की उपलब्धता को और अधिक बेहतर बनाना था। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक ने जल प्रशोधन संयंत्र का निरीक्षण कर इसके संचालन तथा शुद्ध किए गए जल की गुणवत्ता की निगरानी के लिए अपनाई जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पानी में गंदगी और अवशिष्ट क्लोरीन सहित महत्वपूर्ण मानकों की जांच की गई, जो संतोषजनक पाए गए। निरीक्षण के समय शुद्ध किए गए जल में अवशिष्ट क्लोरीन का स्तर 2 पीपीएम दर्ज किया गया।

कार्डियो केयर वॉकथॉन 2026 का आयोजन

कोलकाता, 29 सितंबर (नि.प्र.)। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर हृदय स्वास्थ्य, नियमित शारीरिक गतिविधि और संतुलित खान-पान के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए दिसन हॉस्पिटल ने मंगलवार को दिसन कार्डियो केयर वॉकथॉन 2026 का आयोजन किया। वॉकथॉन को राज्य की कैबिनेट मंत्री (नगर पालिका कार्य एवं शहरी विकास) अग्निमित्रा पॉल ने दिसन हॉस्पिटल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में दिसन हॉस्पिटल्स की सीईओ शाओली दत्ता, दिसन हॉस्पिटल्स के कार्डियोलॉजी निदेशक डॉ. संजीब कुमार पात्रा, डॉ. अविक करक, डॉ. बियस सामंत, डॉ. सौम्यजीत घोष, डॉ. झुलना कुमार जेना, डॉ. सुदेब मुखर्जी, डॉ. कौशिक पॉल के साथ अन्य डॉक्टर, वरिष्ठ अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ, स्थानीय निवासी और स्कूली छात्र उपस्थित थे।

मंत्री उमेश राय ने मरीजों को बांटे फल

हावड़ा, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। भारतीय जनता युवा मोर्चा उत्तर हावड़ा मंडल 3 की ओर से राज्यमंत्री उमेश राय के जन्मदिन के अवसर पर हावड़ा जिला हॉस्पिटल के मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। इस मौके पर खुद राज्यमंत्री उमेश राय मौके पर पहुंचे और मरीजों को फल दिया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष अविनाश प्रताप सिंह की ओर से किया गया था। इस मौके पर अमिताभ राय, विवेक प्रसाद, राजू यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

1008 कुण्डीय महायज्ञ एवं 9 दिवसीय श्रीराम कथा

कोलकाता, 29 सितंबर (नि.प्र.)। तुलसी पीठाधीश्वर पद्मविभूषण जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के उत्तराधिकारी, कृपापात्र शिष्य आचार्य रामचंद्र दास का भव्य स्वागत केड दादीजी के मन्दिर में श्री केडिया सभा के अध्यक्ष अनिल केडिया, सचिव मोहन केडिया, केड शक्तिधाम के अध्यक्ष राम अवतार केडिया, मनमोहन, विजय, प्रकाश, ललित, विनय, संजय, अमित, विजय राणासरिया एवं कार्यकर्ताओं ने किया। अपने आशीर्वचन में आचार्य रामचन्द्र दास महाराज ने सभी केडिया बंधुओं के जीवन में सुख-शान्ति, समृद्धि की शुभकामना दी। उन्होंने कहा जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के श्रीमुख से 9 दिवसीय श्रीराम कथा एवं उनके सानिध्य, आशीर्वाद से हिन्दू समाज में धार्मिक निष्ठा, जागरूकता के उद्देश्य से कोलकाता में 1 हजार 8 कुण्डीय महायज्ञ, धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। अनिल केडिया एवं निर्मल सराफ ने बताया 17 नवम्बर को नेताजी इंडोर स्टेडियम में हनुमान चालीसा एवं 16 से 24 जनवरी तक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी एवं धर्मानुरागी, विशिष्ट अतिथि नेताजी इंडोर स्टेडियम में 1008 कुण्डीय महायज्ञ, श्रीराम कथा में उपस्थित रह कर पूजन करेंगे। मोहन केडिया ने बताया पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी सनातन धर्म के प्रति निष्ठा से जागरूक रह कर कार्य कर रहे हैं।

एसएमई में ऑपरेशनल साइबर सिक्योरिटी

कोलकाता, 29 सितंबर (नि.प्र.)। पूर्वी भारत के डच्एि ऑपरेशनल साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में मजबूत परिपक्वता का प्रदर्शन कर रहे हैं। व्यवसाय लगातार विजिबिलिटी और व्यवस्थित सिक्योरिटी प्रथाओं पर अधिक जोर दे रहे हैं। यह जानकारी Tata Tele Business Services (TTBS) और CyberMedia Research (CMR) द्वारा किए गए नवीनतम SME Digital Insights 2026: Cybersecurity अध्ययन से सामने आई है। अध्ययन के अनुसार, पूर्वी भारत के 41% SMEs लगातार अपनी साइबर सिक्योरिटी की समीक्षा करते हैं, जो राष्ट्रीय स्तर के 12% आंकड़े से काफी अधिक है। वहीं, क्षेत्र के 35% SMEs इस कैलेंडर वर्ष में अपने IT खर्च को बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर 84% डच्एि अगले 12-24 महीनों में साइबर सिक्योरिटी पर अपने निवेश को बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। यह दर्शाता है कि साइबर सिक्योरिटी अब केवल IT का विषय न रहकर एक रणनीतिक व्यावसायिक प्राथमिकता बनती जा रही है।

स्टम्पिंग का शिविर सम्पन्न

कोलकाता, 29 सितंबर (नि.प्र.)। बंगीय स्वर्ण शिल्पी समिति, बड़ाबाजार शाखा की ओर से राज्य के उपभोक्ता विभाग के मंत्री के निर्देशानुसार स्वर्ण एवं चांदी के वजन की शुद्धता के लिये कॉंटों पर स्टाम्पिंग का शिविर लगाया गया। संस्था के सचिव हरी प्रकाश सोनी ने बताया कि बड़ाबाजार क्षेत्र के व्यापारियों, कारीगरों ने वजन में शुद्धता के लिये अपने कॉंटों में स्टाम्पिंग कराई। उन्होंने व्यापारियों से अपनी दुकानों एवं कारखानों में सी सी टी वी एवं फायर सेफ्टी का समुचित प्रबन्ध करने का निवेदन किया। हरी प्रकाश सोनी, प्रभुदयाल तोसावड़, उमेश बामलवा, गणेश भामा, सूरज नारनोली एवं कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

'दुर्गा पूजा इनड्राइव कॉन्टेस्ट' की घोषणा

कोलकाता, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। ग्लोबल मोबिलिटी और डिलीवरी प्लेटफ़ॉर्म, इनड्राइव ने आज अपने 'दुर्गा पूजा इनड्राइव कॉन्टेस्ट' की घोषणा की। यह फेस्टिव ड्राइवर एंगेजमेंट प्रोग्राम है, जो उन ड्राइवरों को पहचान देता है जो साल के सबसे व्यस्त ट्रैवल सीज़न में भी शहरों में लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पहुँचाते रहते हैं। इनड्राइव इंडिया के कंट्री मैनेजर, अविक करमाकर ने कहा, पूरे भारत में, त्योहारों के महीनों में हमारे ड्राइवर पार्टनर सबसे ज़्यादा मेहनत करते हैं और दुर्गा पूजा का समय साल के सबसे व्यस्त और चुनौतीपूर्ण समय में से एक होता है। यह प्रोग्राम हमारे उन ड्राइवरों को सम्मान देने और उन्हें इनाम देने का हमारा तरीका है, जो हमारे प्लेटफ़ॉर्म की जान हैं।

टाटा.ईवी के बैटरी सेवा योजना का विस्तार

मुंबई, 29 सितम्बर (वि.प्र.)। टाटा.ईवी ने अपने सभी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी सेवा योजना का विस्तार करने की घोषणा की है। इस योजना के माध्यम से ग्राहकों को इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए अधिक विकल्प, सुविधा और पारदर्शिता मिलेगी। योजना के तहत बैटरी की कीमत को वाहन की शुरुआती खरीद कीमत से अलग रखा जाएगा, जिससे इलेक्ट्रिक वाहन खरीदते समय शुरुआती खर्च कम किया जा सकेगा। इस अवसर पर टाटा.ईवी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने कहा, देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता और मांग तेजी से बढ़ रही है। ग्राहक अब केवल अपने पसंद के इलेक्ट्रिक वाहन ही नहीं, बल्कि उसे खरीदने और भुगतान करने के तरीके में भी अधिक विकल्प चाहते हैं। हमारा उद्देश्य है कि टाटा.ईवी खरीदने वाले ग्राहकों को अपनी जरूरत और आर्थिक सुविधा के अनुसार विकल्प चुनने की पूरी स्वतंत्रता मिले। इस योजना को पूरे वाहन पोर्टफोलियो में उपलब्ध कराने से ग्राहक बैटरी सहित पूरा वाहन खरीद सकते हैं या बैटरी की कीमत को अलग रखकर शुरुआती खरीद लागत कम कर सकते हैं।

पटना जंक्शन पर सीपीआर कार्यक्रम का आयोजन

हाजीपुर, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। आज दिनांक 29.09.2026 को विश्व हृदय दिवस के अवसर पर केन्द्रीय सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पूर्व मध्य रेल, पटना के तत्वाधान में जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पटना के द्वारा पटना जंक्शन के पोर्टिकों में सीपीआर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पटना जंक्शन में सभी कर्मचारियों व यात्रीगण को सीपीआर कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन हृदय गति रुकने या सांस बंद होने की स्थिति में जीवन बचाने वाली एक आपातकालीन प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में जय प्रभा मेदांता अस्पताल के निदेशक कार्डियोलॉजी, डॉ अजय कुमार सिन्हा ने सीपीआर के सभी चरण जैसे कार्डियेक एरेस्ट की पहचान, हाथों से सीपीआर जैसे हैंड्स ऑन प्रैक्टिस पर विस्तारपूर्वक बताया एवं कराया गया। इस कार्यक्रम में चिकित्सा निदेशक, डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा, दानापुर मंडल के ईनएचएम श्री विनय कुमार, जय प्रभा मेदांता अस्पताल से चिकित्सा निदेशक डॉ रवि शंकर सिंह, निदेशक कार्डियोलॉजी, डॉ अजय कुमार सिन्हा एवं एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, केयुर पटेल, एसडीआरफ टीम, रेल कर्मचारी एवं यात्रीगण उपस्थित थे।

पूसीरे जीएम का डिमापुर-कोहिमा नई लाइन का निरीक्षण

मालीगांव, 29 सितंबर (नि.प्र.)। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (निर्माण) के महाप्रबंधक श्री आशीष बंसल ने नागालैंड के डिमापुर-कोहिमा नई रेल लाइन परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए 26 और 27 सितंबर, 2026 को परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। 78.42 किलोमीटर लंबी डिमापुर-कोहिमा नई लाइन परियोजना, नागालैंड में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार की एक महत्वपूर्ण रेल अवसंरचना पहल है। परियोजना की कुल लंबाई में 31.339 किलोमीटर का निर्माण पूरा हो चुका है। इस परियोजना में 30 बड़े पुलों का निर्माण शामिल है, जिनमें से 13 पुलों का काम पूरा हो चुका हैं और 150 छोटे पुलों में से 138 बन चुके हैं। इस परियोजना में 31 रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) और 5 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) भी शामिल हैं, जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। इस नई लाइन में आठ स्टेशन शामिल होंगे, जिनमें धनसिरी, धनसिरीपार, मॉलवॉम, फेरिमा, पिफेमा, मेंगुज़ुमा, ज़ुब्ज़ा और कोहिमा हैं।

स्टाइल बाज़ार फुटबाल मुकाबलों का प्रिंसिपल पार्टनर

कोलकाता, 29 सितंबर (नि.प्र.)। पूर्वी भारत की प्रमुख वैल्यू फैशन रिटेल चेन में से एक, Baazar Style Retail Limited (Style Baazar), भारत और ब्राज़ील तथा भारत और उरुग्वे के बीच होने वाले बहुप्रतीक्षित अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मुकाबलों के लिए प्रिंसिपल पार्टनर के रूप में जुड़ा है। भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम 3 अक्टूबर 2026 को पांच बार के फीफा वर्ल्ड कप चैंपियन ब्राज़ील का सामना करेगी। इसके बाद 6 अक्टूबर 2026 को दो बार के फीफा वर्ल्ड कप चैंपियन उरुग्वे के खिलाफ मुकाबला होगा। दोनों मैच कोलकाता के प्रतिष्ठित विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (साल्ट लेक स्टेडियम) में खेले जाएंगे। Baazar Style Retail Limited के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री श्रेयांस सुराना ने कहा, कोलकाता में फुटबॉल हमेशा से एक जज़्बा रहा है और ब्राज़ील का इस शहर में आना हर फुटबॉल प्रेमी के लिए एक खास पल है।

डियाजियो इंडिया का मैकडॉवेल्स नंबर 1 लॉन्च

कोलकाता, 29 सितंबर (नि.प्र.)। डियाजियो इंडिया ने भारतीय अल्कोबेव इंडस्ट्री में सबसे महत्वपूर्ण ट्रांसफॉर्मेशन्स में से एक का अनावरण किया है। इसमें दिखाया गया है कि भारत के सबसे आइकॉनिक ब्रांड्स में से एक नई पीढ़ी के लिए किस तरह विकसित हो रहा है और व्हिस्की कैटेगरी के लिए एक नया बेंचमार्क स्थापित कर रहा है। यह ट्रांसफॉर्मेशन केवल लिक्विड तक सीमित नहीं है। एक रिडिज़ाइन्ड बॉटल और कंटेम्पररी विज़ुअल आइडेंटिटी शेल्फ पर अधिक प्रीमियम, विशिष्ट और एस्पिरेशनल प्रेज़ेन्स प्रदान करती है। यह अंदर मौजूद बेहतर एक्सपीरियंस को दर्शाती है और साथ ही ब्रांड के अगले अध्याय का संकेत देती है। इस ट्रांसफॉर्मेशन पर टिप्पणी करते हुए, रुचिरा जैतली, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, डियाजियो इंडिया, ने कहा, आज का व्हिस्की ड्रिंकर वैल्यू को नए तरीके से परिभाषित कर रहा है। अब यह केवल अफोर्डेबिलिटी के बारे में नहीं है, बल्कि क्वालिटी, क्राफ्ट्समैनशिप और एक्सपीरियंस भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं।

नया स्मार्टफोन नोवा 2 पॉवर 5जी लॉन्च

सिलीगुड़ी, 29 सितंबर (नि.प्र.)। एआई+ स्मार्टफोन ने नोवा 2 सीरीज़ का नया स्मार्टफोन नोवा 2 पॉवर 5जी लॉन्च किया है। यह फोन नई पीढ़ी के यूज़र्स के लिए तैयार किया गया है, जिसमें आकर्षक डिजाइन के साथ बेहतर परफॉर्मेंस और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी मिलती है। नोवा 2 पॉवर को पारंपरिक स्मार्टफोन लॉन्च से अलग अंदाज में नई दिल्ली में आयोजित एक फैशन शो के रैंप पर लॉन्च किया गया। इस दौरान, फोन को फैशन और टेक्नोलॉजी के मेल के साथ पेश किया गया और इसे रैंप पर पेश किए गए लुक्स का हिस्सा बनाया गया।

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
INFORMATION WANTED

This is the photograph of **Unknown Male Deadbody,** found on 03.09.2026, at about 16.20 hrs, On UP Main Line at KM Post No - 05/17 to 05/19 in between Liluah R/S to Belur R/S body out and inside the track, Description of this Deadbody is: **Age** - 45 Years (Approx), **Sex:** Male, **Complexion** - Sallow, **Height**- 5 Feet 6 Inch (Approx), **Build** - Medium, **Hair** - Black & White, **Wearing** - Light Orange half T-shirt and Check Lungi in yellow green and Maroon Half pant. Please Contact Officer in Charge, Missing Persons Bureau, C.I.D., West Bengal, Bhabani Bhaban, Kolkata-700027, Ph. No.-033-2450-6120.

ICA-D 1505(3)/2026

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
INFORMATION WANTED



This is the photograph of **Aditi Panja,** Father's Name - **Subir Kr. Bera**, of Vill + PO - Bodai, PS - Amdanga, Dist - North 24 Parganas, Who has been missing since 22.08.2026, at about 10.00 hrs, Residential area under Amdanga PS, Description of this Missing person is: **Age** - 26 Years (Approx), **Height** - 5 Feet (Approx), **Complexion** - Sallow, **Wearing** - Saree, **Language** - Bengali. **Identification Mark** - A cut mark on the down side of the right eye. Please Contact Officer in Charge, Missing Persons Bureau, C.I.D., West Bengal, Bhabani Bhaban, Kolkata-700027, Phone No. 033-24506120.

ICA-D 1500(3)/2026

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
INFORMATION WANTED



This is the photograph of **Sathi Mondal,** Father's Name - **Nimai Mondal**, of Kalikapur Ramkamal Vidyapith, Kalikapur GP 1, PO - Kalikapur, PS - Sonarpur, Dist - South 24 Parganas, Who has been missing since 02.05.2026, at about 17.30 hrs, Residential area under Sonarpur PS, Description of this Missing person is: **Age** - 15 Years (Approx), **Height** - 4 Feet 6 Inch (Approx), **Complexion** - Fair, **Wearing** - Blue - white Kurti, pant. **Language** - Bengali. Please Contact Officer in Charge, Missing Persons Bureau, C.I.D., West Bengal, Bhabani Bhaban, Kolkata-700027, Phone No. 033-24506120.

ICA-D 1493(3)/2026

लक्ष्य रायचंदानी के 240 रन की बदौलत भारत अंडर-19 की पारी से जीत

राजकोट, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। लक्ष्य रायचंदानी के 240 रन और मोहित उलवा, ईशान ओम और यशवर्धन चौहान की शानदार गेंदबाज़ी ने भारत अंडर -19 को पहले यूथ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के ख़िलाफ़ पारी और 48 रन से जबरदस्त जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 217 रन के जवाब में भारत ने 494 रन बनाए। इसके बाद दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया की टीम सिर्फ़ 229 रन ही बना सकी।

e-Tender Notice

The Administrator, Dankuni Municipality, invites Tender for Infrastructure Development for Car Shed for Solid Waste Management and Construction of Road Made With Pavere Block in Ward No-02, 08, 09, 11, 14, 18, 19, 06 and Construction of RCC Box Culvert in Ward No-11 & 09 under UD&MA Schemes within Dankuni Municipality for **E-N.I.T No- WB/DKM /Admin/e-NIT-38/2026-27, WB/DKM/Admin/e-NIT-39/2026-27, WB/DKM/Admin/e-NIT-40/2026-27, WB/DKM/Admin/e-NIT-41/2026-27, WB/DKM/Admin/e-NIT-42/2026-27, WB/DKM/Admin/e-NIT-43/2026-27, WB/DKM/Admin/e-NIT-44/2026-27, WB/DKM/Admin/e-NIT-45/2026-27 & WB/DKM/ Admin/e-NIT-46/2026-27.** Bid Submission closing date (Online)- **28/10/2026.** Details may be seen from **https://tenders.wb.gov.in** the official website of e-Tender.

Sd/-
Administrator
Dankuni Municipality

NORTH BARRACKPORE MUNICIPALITY
Panlta, P.O.-Barrackpore, Dist.-24 Pgs. (N), Pin-700120

CORRIGENDUM NOTICE

Notice Inviting e-Tender No: NBM/PWD/NIT-8(1-7)/2026
(Memo no. 1158/NBM/PWD Dated: 14/09/2026 Sl. Nos. 4)
Tender Id: 2026_MAD_5074033_4

As some typing mistakes were found for above mentioned Tender Ids the following Corrigendum incorporated in the said Notice Inviting e-Tender.

TIME SCHEDULE FOR SUBMISSION AND OPENING OF TENDER DOCUMENTS
Date and Time schedule

Sl. No.	Particular	Existing	Read As
1.	Last date & time for bid submission i.e., Technical and financial BID submissions closing date (on line)	29.09.2026 at 11:00 Hrs.	01.10.2026 at 11:00 Hrs.
2.	Date of opening technical proposal (on line)	01.10.2026 at 12:00 Hrs	03.10.2026 at 11:00 Hrs.

This Corrigendum Notice will also be a part of the Tender Document. All other terms and conditions will remain unchanged. All concerned are hereby informed accordingly.

Sd/- Administrator, North Barrackpore Municipality

NORTH BARRACKPORE MUNICIPALITY
Panlta, P.O.-Barrackpore, Dist.-24 Pgs. (N), Pin-700120

CORRIGENDUM NOTICE

Notice Inviting e-Tender No: NBM/PWD/NIT-6(1-17)/2026
(Memo no. 1243/NBM/PWD Dated: 01/09/2026 Sl. Nos. 3, 7, 14)
Tender Id: 2026_MAD_5021268_3, 2026_MAD_5021268_7, 2026_MAD_5021268_14.

As some typing mistakes were found for above mentioned Tender Ids the following Corrigendum incorporated in the said Notice Inviting e-Tender.

TIME SCHEDULE FOR SUBMISSION AND OPENING OF TENDER DOCUMENTS
Date and Time schedule

Sl. No.	Particular	Existing	Read As
1.	Last date & time for bid submission i.e., Technical and financial BID submissions closing date (on line)	28.09.2026 at 16:00 Hrs.	30.09.2026 at 16:00 Hrs.
2.	Date of opening technical proposal (on line)	01.10.2026 at 11:00 Hrs.	03.10.2026 at 11:00 Hrs.

This Corrigendum Notice will also be a part of the Tender Document. All other terms and conditions will remain unchanged. All concerned are hereby informed accordingly.

Sd/- Administrator, North Barrackpore Municipality

टीएडीके की नियुक्ति हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) का आमंत्रण

निविदा सूचना संख्या: Sr.DPO/AP/EOI/TADK/2026
दिनांक : 17-09-2026.

रेल मंत्रालय के अधीन पूर्वोत्तर सीमांत रेल्वे (पू.सी. रेलवे), पू.सी. रेलवे क्षेत्र (अलीपुरद्वार मंडल) में संविदात्मक मैनपावर आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से टीएडीके के स्थान पर परिचारकों की नियुक्ति हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है। पू.सी. रेलवे ऐसे परिचारकों की नियुक्ति करना चाहता है, अत: आवश्यकताओं को पूरा करने वाली इच्छुक मैनपावर उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों से अनुरोध है कि वे ईओआई दस्तावेज में उल्लिखित संबंधित दस्तावेजों के साथ विधिवत भरे हुए अपने आवेदन, पैनल में शामिल किए जाने हेतु विचारार्थ, जमा करें। ईओआई के लिए प्रस्ताव जमा करने हेतु कार्य का दायरा, अर्हता/पात्रता आवश्यकताएं, प्रपत्र और प्रक्रिया को दर्शाने वाला विस्तृत ईओआई दस्तावेज़ पू.सी. रेलवे की वेबसाइट **https://nfr.indianrailways.gov.in/ (General Info tab> Department>Personnel>Notice Board page)** से डाउनलोड किया जा सकता है और इसे दिनांक **07-10-2026** को **15:00** बजे तक या उससे पहले सीनियर डीपीओ/अलीपुरद्वार, एन.एफ.रेलवे, अलीपुरद्वार जंक्शन, पिन-736123 (पश्चिम बंगाल) के कार्यालय में जमा करना होगा। निविदा उसी दिन **16:30** बजे खोली जाएगी और निविदा खुलने के समय आपके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। पू.सी. रेलवे प्रक्रिया के किसी भी चरण में बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और इस संबंध में किसी भी दावे/विवाद पर विचार नहीं किया जाएगा।

सीनियर डीपीओ, एपीडीजे

पूर्वोत्तर सीमा रेल
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आपूर्ति का कार्य

निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है।

ई-निविदा सं.:TS265621, **दिनांक**: 25-09-2026; **पीएल कोड (ग्रुप)**: 5717018200121; **विवरण**: पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के तिनसुकिया मंडल के अंतर्गत 03 स्टेशनों, नामत: मरियानी, न्यू तिनसुकिया और डिब्रुगढ़ स्टेशनों पर 05 (पांच) वर्ष की व्यापक वारंटी और रखरखाव सहित पार्सल स्कैनरों की कार्यस्थल पर (ऑनसाइट) आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **निर्माता** - कृतिस्कैनटीएम- मॉडल '150180D' या उच्चतर (तकनीकी विनिर्देश संलग्न हैं)। [वारंटी अवधी : डिलीवरी की तारीख से 60 महीने तक]। **कुल मात्रा**: 3 संख्या।

पीएल कोड (ग्रुप): 5717018200122; **विवरण**: पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार मंडल के अंतर्गत 03 स्टेशनों, नामत: कटिहार, न्यू जलपाईगुड़ी और सिलीगुड़ी स्टेशनों पर 05 (पांच) वर्ष की व्यापक वारंटी और रखरखाव सहित पार्सल स्कैनरों की कार्यस्थल पर (ऑनसाइट) आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **निर्माता** - कृतिस्कैनटीएम- मॉडल '150180D' या उच्चतर (तकनीकी विनिर्देश संलग्न हैं)। [वारंटी अवधी : डिलीवरी की तारीख से 60 महीने तक]। **कुल मात्रा**: 3 संख्या।

पीएल कोड (ग्रुप): 5717018200123; **विवरण**: पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अलीपुरद्वार मंडल के अंतर्गत 01 स्टेशन, नामत: धुपगुड़ी स्टेशन पर 05 (पांच) वर्ष की व्यापक वारंटी और रखरखाव सहित पार्सल स्कैनरों की कार्यस्थल पर (ऑनसाइट) आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **निर्माता** - कृतिस्कैनटीएम- मॉडल '150180D' या उच्चतर (तकनीकी विनिर्देश संलग्न हैं)। [वारंटी अवधी : डिलीवरी की तारीख से 60 महीने तक]। **कुल मात्रा**: 1 संख्या।

अग्रिम राशि: ₹14,39,380/-; ई-निविदा के **बंद** करने की **तिथि और समय**: **23-10-2026** को **14:30** बजे।

विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** देखें।

उप सीएमएम/डीबीआरजी

पूर्वोत्तर सीमा रेल
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एथलेटिक्स में स्वर्ण का इंतजार खत्म: महिला 4गुणा400 मीटर रिले टीम ने जीता सोना, चार कांस्य भी आए, गुलवीर फिर चमके

नागोया, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय एथलीटों ने एशियन गेम्स में मंगलवार को भी पदक जीतने का सिलसिला जारी रखा। भारत ने आज एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक का इंतजार भी खत्म कर दिया और कुल पांच पदक जीते जिससे एशियाड की पदक तालिका में भारत के मेडल की संख्या 50 के पार पहुंच गई। महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि गुलवीर ने पुरुष 5000 मीटर में कांस्य पदक जीता जो उनका इस एशियाड में तीसरा पदक है। भारत की किरण पहल, पूवम्मा माचेतिरा , प्राची और वित्या रामराज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन गेम्स में महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर में स्वर्ण जीता जो इन खेलों में एथलेटिक्स में भारत का पहला स्वर्ण है। भारतीय टीम ने तीन मिनट 29. 69 सेकेंड का समय निकाला। बहरीन दूसरे और चीन तीसरे स्थान पर रहा।

रिले में टीम स्पर्धा में मिले दो कांस्य

गुरिंदरवीर सिंह, अनिमेष कुजूर, स्नेहा सत्यनारायण और हरिता भद्रा ने चार गुणा 100 मीटर मिश्रित रिले फाइनल में सत्र का सर्वश्रेष्ठ 41. 06 सेकेंड का समय निकालकर कांस्य पदक जीता। इसके अलावा भारत ने पुरुष 4400 मीटर रिले में 3:01.61 मिनट के सीजन के सर्वश्रेष्ठ समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। धर्मवीर चौधरी, मनु थेकिनिल, जय कुमार और विशाल टीके की चौकड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुनिश्चित किया कि भारत इस स्पर्धआ में पोडियिम फिनिश करे।

स्वर्ण से चूकीं पूजा

भारत की पूजा सिंह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहरा नहीं सकी लेकिन 1.84 मीटर की कूद से महिलाओं की ऊंची कूद में कांस्य पदक जीता। पूजा एक समय स्वर्ण की दौड़ में आगे चल रही थीं, लेकिन अंतिम क्षणों में वह पिछड़ गईं। उन्होंने 1.84 मीटर तक की सभी ऊंचाइयों को बिना किसी असफल प्रयास के पार किया। हालांकि, पूजा 1.87 मीटर की ऊंचाई को तीनों प्रयासों में पार नहीं कर सकीं।

गुलवीर का ऐतिहासिक प्रदर्शन

गुलवीर सिंह ने एशियन गेम्स में अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पुरुषों की 5000 मीटर रेस में 13 मिनट 32.75 सेकेंड का समय निकालकर कांस्य पदक जीता जो इन खेलों में उनका तीसरा पदक था। गुलवीर ने पुरुषों की 1500 मीटर और 10000 मीटर रेस में रजत पदक जीता था। इसके साथ ही वह ट्रैक और फील्ड स्पर्धा में एक ही एशियन खेलों में तीन व्यक्तिगत पदक जीतने वाले भारत के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। इससे पहले 1951 में दिल्ली में हुए पहले एशियाई खेलों में भारत के लेवी पिंटो ने 100 मीटर, 200 मीटर में स्वर्ण और चार गुणा 100 मीटर रिले में रजत पदक जीता था। पीटी उषा ने सोल में 1986 एशियाई खेलों में चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीता था। मध्यम दूरी की धाविका के एम बीनामोल ने 2002 बुसान एशियाई खेलों में तीन पदक जीते थे।

इन स्पर्धा में पदक से चूका भारत

भारत के देव कुमार मीणा ने पुरुषों के पोल वॉल्ट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए 5.50 मीटर का प्रयास किया, लेकिन सातवें स्थान पर रहे। महिलाओं की 800 मीटर में पूजा ओल्ला और पुरुष वर्ग में मोहम्मद अफजल क्रमश: सातवें और आठवें स्थान पर रहे और पदक नहीं जीत सके। वहीं, महिला हैमर थ्रो भी तान्या चौधरी और अनुष्का यादव पदक नहीं दिला सकीं।

कितने पदकों के साथ अभियान किया समाप्त

भारत ने 2026 एशियाई खेलों में एथलेटिक्स में अपने अभियान का अंत 24 पदक के साथ किया जिसमें एक स्वर्ण, नौ रजत और 14 कांस्य पदक शामिल हैं। हांगझोउ में 2023 खेलों में भारत ने एथलेटिक्स में छह स्वर्ण, 14 रजत और नौ कांस्य समेत 29 पदक जीते थे।

भारत का मुक़ाबला श्रीलंका से

निशिन, 29 सितंबर (एजेंसियां)। लगातार बारिश की वजह से चारों क्वार्टर-फ़ाइनल मैच रद्द होने के बाद, भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम एशियन गेम्स 2026 के सेमीफ़ाइनल में श्रीलंका से खेलेगी। आज श्रीलंका बिना एक भी गेंद फेंके नेपाल से आगे निकल गया; वे अपनी बेहतर टीम रैंकिंग के आधार पर आगे बढ़े। श्रीलंका नौवें स्थान पर है, जो नेपाल (14वें स्थान) से पाँच पायदान ऊपर है। इससे पहले भारत ने भी इसी तरह के हालात में सेमीफ़ाइनल के लिए क्वालिफ़ाई किया था, जब उनका क्वार्टर-फ़ाइनल मैच भी रद्द हो गया था। नागोया में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश ने पुरुषों के टूर्नामेंट में बाधा डाली है, और चारों क्वार्टर-फ़ाइनल में एक भी मैच नहीं हो पाया। टूर्नामेंट के स्पोर्ट्स डायरेक्टर जैरड शीरर के लिए, एशियन गेम्स के लिए बेसबॉल फ़ील्ड को क्रिकेट वेन्यू में बदलने की साल भर की मेहनत के बाद मैचों का रद्द होना बहुत निराशाजनक था। शीरर ने कहा, ''बेसबॉल की तरह क्रिकेट भी बारिश में नहीं खेला जा सकता। मैंने इस पर अपनी ज़िंदगी का एक साल लगाया, और बारिश हो गई।''

भारत की वर्ल्ड कप तैयारियों को पुख़्ता करने के साथ सीरीज़ जीत पर नज़र

गुवाहाटी, 29 सितंबर (एजेंसियां)। तिरुवनंतपुरम में विराट जीत के बाद भारतीय टीम अब गुवाहाटी पहुंच गई है। मैदान और माहौल में बड़ा बदलाव ज़रूर है, लेकिन दोनों टीमों के लक्ष्य बहुत ज़्यादा नहीं बदले हैं। सबसे पहले तो दोनों ही टीमें जीतना चाहेंगी। भारत की नज़र सीरीज़ अपने नाम करने पर होगी, जबकि वेस्टइंडीज़ सीरीज़ में बने रहना चाहेगा। भारत की अगली प्राथमिकता 2027 वर्ल्ड कप के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ 15 सदस्यीय टीम तय करने की दिशा में एक और क़दम आगे बढ़ाने पर है। इस सीरीज़ की शुरुआत भारत ने तीन ऑलराउंडरों और सिर्फ़ तीन विशेषज्ञ गेंदबाज़ों के दिलचस्प संयोजन के साथ की थी और गुवाहाटी में भी इसी संयोजन को जारी रखने की उम्मीद है। क्या नीतीश कुमार रेड्डी नई गेंद से गेंदबाज़ी करते रहेंगे? लगातार दूसरे वनडे में नमन धीर की

ऑफ़ब्रेक गेंदबाज़ी देखने को मिलेगी? और एशियन गेम्स में अक्षर पटेल की ग़ैरमौजूदगी के बीच क्या रवींद्र जडेजा वर्ल्ड कप की टीम में अपनी जगह के लिए मज़बूत दावा पेश कर पाएंगे?

तो वहीं वेस्टइंडीज़ के सामने फ़रवरी-मार्च में होने वाला वर्ल्ड कप क्वालिफ़ायर की चुनौती है, जिसके लिए उन्हें अपनी तैयारी करनी है। ऐसे में टीम तिरुवनंतपुरम में दिखी अच्छी चीज़ों को आगे बढ़ाना चाहेगी और सीरीज़ के बाक़ी मैचों में हर विभाग में बेहतर और संतुलित प्रदर्शन करना चाहेगी। पहले वनडे में उसकी बल्लेबाज़ी ने काफ़ी उम्मीद जगाई थी, जिसे एक बार फिर वे दोहराना चाहेंगे। गेंदबाज़ी में विकेट लेने की क्षमता बढ़ाना भी उनकी बड़ी ज़रूरत होगी। इसके लिए टीम अपनी बल्लेबाज़ी की गहराई से थोड़ा समझौता करके शमार जोसेफ़ या लेफ़्ट-आर्म रिस्ट स्पिनर विटेल लेविस में से किसी एक को टीम में शामिल करने पर विचार कर सकती है। नीतीश कुमार रेड्डी ने पहले वनडे की शुरुआत 17 रन के ओवर से की थी। उन्होंने कई बार गेंद ज़रूरत से ज़्यादा आगे डाली और जस्टिन ग्रीव्स ने उनके ओवर में चार चौके जड़ दिए। यह मैच का दूसरा ओवर था और भारत ने पावरप्ले में इसके बाद उन्हें दोबारा गेंद नहीं दी। हालांकि, बाद में उन्होंने वापसी की और अपने आख़िरी चार ओवरों में काफ़ी अच्छी गेंदबाज़ी की। पारी के आख़िरी ओवर में उन्होंने सिर्फ़ सात रन दिए और एक विकेट भी हासिल किया। हार्दिक पंड्या की फ़िटनेस को लेकर सवाल बने हुए हैं, ऐसे में 2027 वर्ल्ड कप की तैयारी के दौरान रेड्डी भारत के लिए अहम खिलाड़ी बन जाते हैं। हाल के महीनों में उन्होंने अपनी रफ़्तार में भी इज़ाफ़ा किया है और भारत चाहेगा कि उनकी गेंदबाज़ी लगातार बेहतर होती जाए, ताकि उन्हें सभी फ़ॉर्मेट में वर्ल्ड-क्लास सीम गेंदबाज़ी ऑलराउंडर के तौर पर तैयार किया जा सके। पहले वनडे में पांचवें गेंदबाज़ का भार नीतीश रेड्डी और नमन धीर के कंधों पर था। इन दोनों के 10 ओवर मिला दिए जाए तो 78 रन आए थे। नीतीश ने पांच ओवर में 45 रन दिए थे, जबकि नमन धीर ने पांच ओवर में 33 रन ख़र्च किए थे।

श्री चरणी महिला टी 20 रैंकिंग में अब तक की सबसे ऊंची रेटिंग पर

दुबई, 29 सितंबर (एजेंसियां)। भारत की स्पिनर श्री चरणी आईसीसी महिला टी बॉलिंग रैंकिंग में अब तक की सबसे ऊंची रेटिंग तक पहुंच गई हैं। पहले से ही नंबर 1 टी बॉलर रहीं इस बाएं हाथ की स्पिनर ने जापान में अपने हालिया शानदार प्रदर्शन के बाद 817 पॉइंट्स की रिकॉर्ड-तोड़ रेटिंग हासिल की। उनके इस प्रदर्शन ने उन्हें

ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट द्वारा नवंबर 2018 में बनाए गए 806 पॉइंट्स के पिछले रिकॉर्ड से आगे पहुंचा दिया है। चरणी भारत की मुख्य बॉलर थीं, जिन्होंने हाल ही में आठवां महिला एशिया कप खिताब और उसके कुछ दिनों बाद एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल जीतने में अहम भूमिका निभाई। श्री चरणी ने एशिया कप में कुल 12 विकेट लिए, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 4/20 का प्रदर्शन भी शामिल था; इस मैच में भारत ने 72 रनों से जीत हासिल कर आठवीं बार ट्रॉफी अपने नाम की। जापान में एशियाई खेलों के दौरान, श्री चरणी ने मेजबान जापान के खिलाफ अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (4/10) करते हुए भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाया। इसके बाद, 22 सितंबर को गोल्ड मेडल मैच में श्रीलंका के खिलाफ भारत की 147 रनों की जीत के दौरान उन्होंने दो विकेट लिए, जिससे उनकी रेटिंग 817 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (उत्पादन)/खड़गपुर कार्यशाला, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **17.10.2026** को 11:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्र. सं.: 1; निविदा संख्या: KGPWPROD-TRSPOH_CANTEEN-1; कार्य का नाम:** TRS-POH शॉप कैंटीन/KGPW के अंतर्गत भोजन, टिफिन एवं नाश्ता पकाने एवं परोसने तथा बर्तनों एवं क्रॉकरी आदि की सफाई का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत, 18% जीएसटी सहित (रु.):** 24,92,760.00; **धरोहर राशि (रु.):** 49,900.00; **ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 17.10.2026 को 11:00 बजे। वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** इच्छुक निविदाकार उपर्युक्त वेबसाइट पर जाकर निविदा के विस्तृत विवरण/विवरणिका/विशिष्टताओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा अपनी बोली ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इस कार्य हेतु मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 03.10.2026। **(PR-819)**

विद्युतीय परिसम्पत्तियों के प्रतिस्थापन एवं आवर्धन

ई-निविदा सूचना संख्या. Sr. DEE/LMG /25 of 2026-27 तारीख: 25-09-2026। भारत के राष्ट्रपति की ओर से और तरफ से निम्नलिखित कार्यों के लिए "ई-टेंडरिंग" प्रणाली के माध्यम से कार्य की निविदा आमंत्रित किया गया है निविदा संख्या. **EL/LM/26-27/14 recast। कार्य का नाम:** एसएसई/पी/लामडिंग एवं एसएसई/पी/न्यू हॉफलाग अधिक्षेत्र के अधीन उप स्टेशन, रेलवे कॉलोनी, पावर हाउस एवं डीआरएम भवन के विद्युतीय परिसम्पत्तियों का प्रतिस्थापन एवं आवर्धन। **निविदा राशि:** ₹3,19,73,415.01/-। **धरोहर राशि:** ₹6,39,500/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 16-10-2026 तारीख के **11.00** बजे में **एवं खुलेगी:** 11.30 बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूर्ण जानकारी आगामी **16-10-2026** तारीख के **11.00** बजे तक **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

वरिष्ठ डीईई/जीएंडसीएचजी/लामडिंग

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

4 स्वर्ण पदक जीतकर कॉमनवेल्थ रिकॉर्ड तोड़े

कोलकाता, 29 सितम्बर (निप्र)। भारत मैथान एलॉयज लिमिटेड की प्रायोजित एथलीट कु. स्नेहा घरामी ने विनिपैग, मैनिटोबा, कनाडा में आयोजित 2026 कॉमनवेल्थ पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में चार स्वर्ण पदक हासिल किए और कई रिकॉर्ड कायम किए। हावड़ा की रहने वाली कु. स्नेहा घरामी ने अपने अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण (डेब्यू) में एक ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए सभी भार श्रेणियों में अपना दबदबा बनाया और भारतीय पावरलिफ्टिंग के लिए नए कीर्तिमान स्थापित किए: 190 किग्रा स्काट: स्वर्ण / जूनियर रिकॉर्ड। 120 किग्रा बेंच प्रेस: स्वर्ण/जूनियर रिकॉर्ड। 190 किग्रा डेडलिफ्ट: स्वर्ण / कॉमनवेल्थ रिकॉर्ड। 490 किग्रा कुल लिफ्ट: स्वर्ण/ओवरऑल रिकॉर्ड। अंतर्राष्ट्रीय मंच तक कु. घरामी की यह यात्रा मैथान एलॉयज लिमिटेड के अध्यक्ष श्री सुभाष चंद्र अगरवाला के नेतृत्व में शुरू की गई एथलीट संरक्षण पहल (एथलीट पैट्रोनेज इनिशिएटिव) के माध्यम से संभव हुई। खेल विकास के प्रति अपने समर्पण के हिस्से के रूप में, श्री अगरवाला 35 से अधिक उभरते भारतीय एथलीटों को सक्रिय

रूप से प्रायोजित, परामर्श (मेंटॉर) और प्रोत्साहित करते हैं। ''अंतर्राष्ट्रीय मंच पर स्नेहा का यह ऐतिहासिक प्रदर्शन उनके असाधारण धैर्य, कड़ी मेहनत और अनुशासन का प्रमाण है। मैथान एलॉयज देश भर की युवा खेल प्रतिभाओं को निखारने के अपने मिशन में दृढ़ है। वह हमारी कंपनी और राष्ट्र के लिए अत्यधिक गर्व की बात लेकर आई हैं।''

''श्री सुभाष अगरवाला सर के वित्तीय सहायता, मार्गदर्शन और विश्वास के बिना अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रतिस्पर्धा करना संभव नहीं होता। मैं व्यक्तिगत रूप से अपना आभार व्यक्त करने के लिए कोलकाता लौटने का इंतजार कर रही हूं। मैं उनके हाथों में पदक रखकर उनका आशीर्वाद लेना चाहती हूं।''

-कु. स्नेहा घरामी, 4-बार की कॉमनवेल्थ स्वर्ण पदक विजेता

सितारों का मार्केट पर प्रभाव

पं. असुरारि नंद शांडिल्य ज्योतिष रिसर्च सेंटर, 381 मोता सिंह नगर, जालंधर, फोन : 098156-47057

30 सितम्बर से 6 अक्टूबर 2026 तक

आलोच्य सप्ताह के दौरान कोई सितारा अपना राशि परिवर्तन नहीं करता, इसलिए ग्रह योग में कोई बदलाव नहीं होता, किन्तु पूर्वार्द्ध में बुध नक्षत्र पर अपनी स्थिति बदलता है, फिर उत्तरार्द्ध में शुक्र वक्री होता है तथा राहु-केतू नक्षत्र पर अपना चरण बदलते हैं। चूंकि आलोच्य सप्ताह में ग्रह योग की पोजीशन में कोई बदलाव नहीं होता, इसलिए समझना चाहिए कि पिछले सप्ताह के आखिरी हिस्से में शुरू हुआ रुख ही इस आलोच्य सप्ताह में बना रहेगा, किन्तु बीच में होने वाले कुछ बदलने के कारण उठापटक का सिलसिला भी बना रहेगा।

यूं तो आलोच्य सप्ताह में मंदा का असर मार्केटों में बना रहने की आशा है, फिर भी नोट करने वाला नुक्ता यह है कि इस मंदा रुख की निर्भरता 28 सितम्बर को मंदा का झटका आने पर होगी। बीच में 1 तथा 5 अक्टूबर का जोरदार उठापटक हो सकती है-वैसे 5 अक्टूबर को एकतरफा झटका की आशा दिखती है।

तेल सोया, तेल मूंगफली, सरसों, अलसी, तोरिया, तिल, तेल, बिनौला, अरेंडी, खल, सींगदाणा, मेंधा, पिपरामेंट, अन्य तेल पदार्थों, वनस्पति इत्यादि में मंदा रुख प्रभावी रहने की आशा-वैसे 1 अक्टूबर मंदा का रियेक्शन आएगा, 5 अक्टूबर को किसी समय रेटों में उछाल आ सकता है। कॉटन, पटसन, रूई, कपास, सन्न, सूत, सिल्क, स्टैपल, उन्नी, सूती, रेशमी कपड़े तथा यारन इत्यादि में कमीबेशी के रियेक्शनों के बीच मंदा रुख बना रहेगा। 5 अक्टूबर एकतरफा झटका आ सकता है। शेयर मार्केट में 25 सितम्बर से मंदा रुख शुरू हो जाने पर आलोच्य सप्ताह में टूटन का रुख बना रहेगा-बीच में 5 अक्टूबर को रेट एकतरफ चलेंगे, किन्तु उछाले के साथ मार्केट के खुलने की आशा ज्यादा होगी।

सोना, चांदी, हीरे, जवाहरात, बहुमूल्य धातुओं, बहुमूल्य पत्थरों इत्यादि में मंदा रुख का दबदबा आलोच्य सप्ताह में बना रहेगा। बीच में 1 अक्टूबर मंदा के रियेक्शन की आशा, फिर 5 अक्टूबर रेटों पर नजर रखें, किसी समय रेट जम्प कर सकते हैं, 6 को भी रेट स्टेबल से रहेंगे। गुड़, खाण्ड, शक्कर तथा अन्य मीठी रसदार वस्तुओं एवं मिश्री इत्यादि में मंदा रुख की पकड़ पूरे सप्ताह में बनी रहेगी, किन्तु बीच में 5 अक्टूबर को मार्केट में उठापटक का प्रभाव रहेगा।

गेहूँ, गवारा, मटर, मक्की, चने, जौ, बाजरा, अरहर, मूंग, माष तथा अन्य आनाज पदार्थों तथा दालों इत्यादि में शुरू सप्ताह से यदि मंदा चलता जाए तो फिर मंदा पक्का समझें-वैसे 1, 5, 6 अक्टूबर खास दिन। हाजिर मार्केट में ग्राहकी तथा खरीददार का अभाव दिखेगा, किन्तु बिकवाल की दनदनाहट दिखेगी तथा बिकवाली का ट्रेंड नजर आएगा।

योगेश चन्द्र अग्रवाल द्वारा दैनिक विश्वमित्र के लिए मेसर्स एल एस पब्लिकेशन्स प्रा.लिमिटेड, 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700015 से मुद्रित एवं चटर्जी इंटरनेशनल, 19वां तल्ला, 33ए, जवाहर लाल नेहरू रोड, कोलकाता-71 से प्रकाशित। सम्पादक प्रकाश चन्द्र अग्रवाल, विज्ञापन व्यवस्था, सर्कुलेशन विभागों का पता- चटर्जी इंटरनेशनल, 19वां तल्ला, 33ए, जवाहर लाल नेहरू रोड, कोलकाता-71, फोन नं. 3348155544, e-mail : vismtra@gmail.com, RNI No. 2508/57

उत्तर प्रदेश समाचार

नीले ड्रम कांड में फैसला आज

मेरठ, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। मेरठ के बहुचर्चित नीला ड्रम कांड में आज अदालत का फैसला आ सकता है। आज हर किसी की निगाहें मेरठ की उस कोर्ट पर टिकी रहेंगी जहां सौरभ राजपूत के कत्ल के मामले में इंसाफ होना है। सौरभ हत्याकांड की आरोपी उसकी पत्नी मुस्कान रस्तोगी उर्फ सोभी और उसके सहपाठी रहे साहिल का क्या अंजाम होगा यह देश को आज पता चल सकता है। सौरभ की लाश उसके ही घर में प्लास्टिक के एक बड़े नीले ड्रम में मिली थी। मेरठ के जिला जज अरविंद कुमार मिश्रा की अदालत में इस सनसनीखेज मामले की सुनवाई के तहत पिछले 17 सितंबर को बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई थी। इससे पहले अभियोजन पक्ष और वादी पक्ष की ओर से भी अपनी-अपनी बहस पूरी की जा चुकी है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुनाने के लिए 30 सितंबर की तारीख तय की थी। इस मामले अभियोजन पक्ष की ओर से डीजीसी क्रिमिनल केके चौबे और वादी की ओर से अधिवक्ता विजय बहादुर सिंह ने अदालत में अपनी दलीलें पेश कीं। यह मामला मेरठ के ब्रह्मपुरी क्षेत्र से जुड़ा हुआ है।

टूटा नारायणी नदी का तटबांध, पानी में डूबे कई गांव

योगी ने हेलिकॉप्टर से लिया कुशीनगर बाढ़ का जायजा

बाराबंकी में 350 साल पुरानी मजार नदी में समाई

लखनऊ, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। यूपी में लगातार हुई बारिश से नदियां उफान पर हैं। कुशीनगर में गंडक (नारायणी) नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। एपी बांध का 20 फीट हिस्सा टूट गया। 12 गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया। 20 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। सीएम योगी ने मंगलवार दोपहर हेलिकॉप्टर से बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया। लोगों से कहा- सरकार आपके साथ खड़ी है। बिजनौर में स्टेट हाईवे पर गंगा नदी का पानी भर गया है। गाड़ियां 3-4 फीट पानी से निकल रही हैं। बाराबंकी में 350 साल पुरानी मजार सरयू नदी में समा गई है। बदायूं में 100 मीटर सड़क बाढ़ के तेज बहाव में बह गई। कानपुर में भी सड़कें जलमग्न हैं। इधर, सुबह-सुबह अमेठी, रामपुर और बदायूं में जनवरी जैसा कोहरा छाया। 25 मीटर दूर देखना भी मुश्किल हो गया। लोगों को हल्की ठंड का एहसास हुआ। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि दिन में तेज धूप के बाद रातें ठंडी हो रही हैं। हवा की रफ्तार धीमी है। ऐसे में हवा की नमी पानी की बूंदों में बदल जाती है। जमीन की सतह के पास जमा होकर रुक जाती है। यूपी से मानसून की विदाई भी शुरू हो चुकी है। मुजफ्फरनगर-अलीगढ़ समेत पश्चिमी यूपी के कुछ हिस्सों से यह वापस लौट चुका है। इसके असर से पूरे प्रदेश में बारिश थम गई है। लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज और वाराणसी समेत पूरे प्रदेश में मौसम साफ है। हालांकि, 17 जिलों में हल्की बारिश का अलर्ट है।

झांसी में श्राद्ध कर्म के दौरान दर्दनाक हादसा

नदी में एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में पांच डूबे, सभी की मौत

झांसी, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। झांसी जिले में मऊरानीपुर क्षेत्र के अंतर्गत देवरी सिंहपुरा गांव के पास सुखनई नदी में मंगलवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। ताऊ के श्राद्ध के बाद नदी में तिलांजलि देने गए एक ही परिवार के पांच लोग नदी के गहरे पानी में डूब गए। गोताखोरों की मदद से पांचों के शवों को बाहर निकाला गया। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से गांव और आसपास के पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। देवरी सिंहपुरा निवासी विजय तिवारी के अनुसार, 28 को अनूप तिवारी (45) के ताऊ का श्राद्ध कार्यक्रम था। मंगलवार सुबह अनूप अपने पारिवारिक सदस्यों श्रेयांश (21), अभिनय तिवारी (26), अर्पित (12) और जालौन के हरदोई निवासी रिश्तेदार पुष्कर शुक्ला (23) के साथ सुखनई नदी पर चैक डैम के पास तिलांजलि देने व स्नान करने गए थे। स्नान के दौरान अभिनय का अचानक पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देख एक-दूसरे को बचाने के प्रयास में पांचों लोग पानी के अंदर चले गए। बताया गया कि चैक डैम के बाहर पत्थर की चट्टानें होने के कारण सभी लोगों को चोट लगी और वे डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासन में हड़कंप मच गया।

इटावा के डीएफओ समेत दो की मौत

फिरोजाबाद, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह नींद की एक झपकी दो लोगों के लिए काल बन गई। माइलस्टोन 68.800 (थाना नगला खंगर क्षेत्र) पर एक बेकाबू स्कॉर्पियो-एन डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन में जा घुसी और सामने से आ रही एक्सयूवी 700 से टकरा गई। इस भीषण हादसे में इटावा के डीएफओ (डिस्ट्रिक्ट फारेस्ट ऑफिसर) विकास नायक और उनके चालक देवांश की इलाज के दौरान सैफई पीजीआई में मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस के अनुसार, मंगलवार सुबह लगभग 10:30 बजे हरियाणा से लखनऊ की ओर जा रही स्कॉर्पियो-एन को कोलकाता के राज, हॉट मेन रोड निवासी डेबिट वेरी योग गोत्र डिसूजा चला रहे थे। गाड़ी में उनकी 65 वर्षीय पत्नी भी सवार थीं। माइलस्टोन 68.800 के पास चालक को अचानक नींद की झपकी आ गई, जिससे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो गई।

बिहार समाचार

स्मिता ठाकरे ने गयाजी में किया तर्पण एवं पिण्ड दान

गयाजी, 29 सितम्बर (अनिल मिश्र)। मंगलवर को मराठा छत्रप और शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे की पुत्रवधू स्मिता ठाकरे गयाजी पहुंचीं। इस बीच उन्होंने अपने ससुर बाला साहेब ठाकरे और पिता का विधि-विधान से श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान किया। इस बीच स्मिता ठाकरे ने कहा कि गयाजी की पावन धरती पर आकर पितरों का स्मरण करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। इस बीच उन्होंने बताया कि लंबे समय से गया आने की इच्छा थी, जो गुरु के आशीर्वाद से पूरी हुई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पहले उन्हें लगता था कि महिलाएं पिंडदान नहीं करतीं हैं। हालांकि, गुरु से माता सीता द्वारा गया में पिंडदान किए जाने की कथा सुनने के बाद उन्हें भरोसा हुआ और उन्होंने खुद तर्पण और पिंडदान किया।

आंगन का मिलन की शुरुआत

सम्राट ने बच्चों से किया संवाद

पटना, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को फुलवारीशरीफ उच्च विद्यालय परिसर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-137 में आयोजित कार्यक्रम में राज्यव्यापी आंगन का मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों और सेविका से बातचीत कर केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं तथा संचालित गतिविधियों की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने बच्चों से संवाद के दौरान उनकी पढ़ाई और अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग और समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशालय की ओर से लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थियों को सांकेतिक चेक प्रदान किए। उन्होंने महिलाओं की गोदभराई की और बच्चों का अन्नप्राशन कराया। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका और आशा दीदी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ

मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को दिए चेक

ही लाभार्थियों के बीच पौष्टिक किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सुपोषित बचपन की रसोई नामक पुस्तिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने आंगन का मिलन कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों से संवाद किया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लाभार्थियों ने योजनाओं से प्राप्त सहायता और आंगनबाड़ी केंद्रों से मिल रही सेवाओं के संबंध में अपने अनुभव साझा किए। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि योजनाओं के माध्यम से प्राप्त आर्थिक सहायता का उपयोग पोषण, खान-पान और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों में किया जा रहा है। लाभार्थियों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीकाकरण, बच्चों के वजन और लंबाई की नियमित निगरानी तथा पोषण संबंधी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

रात के अंधेरे में प्रेमिका से मिलने आया था प्रेमी

ग्रामीणों ने पकड़ा तो मंदिर में गूंजी शहनाई

औरंगाबाद, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। रात के अंधेरे में एक युवक प्रेमिका से मिलने घर पहुंचा, जहां परिजनों ने उसे पकड़ लिया। पकड़े जाने पर प्रेमिका के परिवारवालों ने इसकी सूचना युवक के परिवार को दी। इसके बाद युवक के परिवारवाले मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों में विचार-विमर्श के बाद शादी की सहमति बनी। इसके बाद दिन के उजाले में दोनों की मंदिर में शादी करा दी गई और दोनों प्रेमी-प्रेमिका से पति-पत्नी बन गये। मामला औरंगाबाद जिले के हसपुरा थाना क्षेत्र के पथरौल गांव का है। मिली जानकारी के अनुसार, अरवल जिले के करपी निवासी युवक का हसपुरा थाना के पथरौल गांव निवासी युवती से पुरानी जान-पहचान थी। दोनों एक-दूसरे से प्रेम करते थे और शादी करने को भी तैयार थे लेकिन युवक के परिवारवाले शादी को तैयार नहीं थे। इसके बावजूद दोनों का चोरी-चुपके मिलना जारी था। इस बीच प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने सोमवार को रात के अंधेरे में उसके घर पहुंचा था, जहां परिवारवालों ने प्रेमी को पकड़ लिया। युवक को पकड़ने के बाद रात में ही प्रेमिका के परिजनों ने इसकी सूचना प्रेमी के परिवारवालों को दी। सूचना मिलने पर युवक के परिवारवाले मंगलवार को अहले सुबह पथरौल गांव पहुंची। गांव में दोनों पक्षों के बीच पंचायती हुई। इसके बाद दोनों पक्षों में शादी की सहमति बनी। सहमति के बाद दोनों पक्षों की मौजूदगी में प्रेमी युगल की दिन के उजाले में मंदिर में शादी करा दी गई। देवहरा गांव में पुनपुन नदी के तट पर स्थित सूर्य मंदिर में दोनों परिवारों की मौजूदगी में शादी की रस्में पूरी की गईं और प्रेमी ने प्रेमिका की मांग भरी। इस दोनों परिवारों की रजामंदी से प्रेमी युगल शादी के बंधन में बंध एक-दूजे के हो गये।

बोलेरो से 67.930 किलो गांजा बरामद चालक गिरफ्तार

बेतिया, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को एक बोलेरो से 67 किलो 930 ग्राम गांजा बरामद कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सूचना के आधार पर बखरिया-करमवा सड़क पर लालसरैया दलित बस्ती के समीप संदिग्ध बोलेरो को रोककर तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान वाहन में छिपाकर रखे चार पैकेटों से गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा लदे बोलेरो को भी जब्त कर लिया। बरामद गांजा की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 26 लाख रुपये आंकी गयी है। थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान शिकारपुर थाना क्षेत्र के पंचमेवा निवासी नबी हसन के पुत्र मुहम्मद करीमुल्ला के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए बेतिया न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

झारखंड समाचार

जेएसएससी-सीजीएल जांच पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने उठाए सवाल, कहा

बड़े साजिशकर्ताओं को बचाने की कोशिश

रांची, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी जेएसएससी-सीजीएल मामले की जांच कर रही सीआईडी को लेकर बड़ा सवाल खड़ा किया है। श्री मरांडी ने कहा कि जेएसएससी-सीजीएल मामले में जिस तरह से सीआईडी की जांच सिर्फ अभ्यर्थियों और एजेंटों की गिरफ्तारी तक सीमित दिखाई दे रही है, उससे यही लगता है कि एक बार फिर लोगों को गुमराह किया जा रहा है और बड़े साजिशकर्ताओं को बचाने की कोशिश हो रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मित्र विनोद सिंह के पास सीजीएल के एडमिट कार्ड मिले थे, लेकिन सीआईडी ने उनसे पूछताछ तक नहीं की। गिरिडीह परीक्षा घोटाले का हॉटस्पॉट बनाकर उभरा है। वहाँ से कई लोगों की गिरफ्तारी हुई, लेकिन अब तक वहां के झामुमो नेताओं से कोई पूछताछ नहीं हुई। श्री मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री सोरेन जी भला यह कोई कैसे मान सकता है कि इतने बड़े घोटाले में सिर्फ अभ्यर्थी और एजेंट ही शामिल थे और एजेंट ही करोड़ों-अरबों का खेल कर गए? इस जांच पर छात्र कैसे विश्वास करेंगे कि सिर्फ अभ्यर्थी और एजेंट ही दोषी हैं जबकि आपका पूरा तंत्र दूध का धुला हुआ है।

हम नहीं कह रहे, लोग कह रहे हैं कि अनुराग गुप्ता आपके सारे काले कारनामों की चिट्ठी दबाए बैठे हैं। इसीलिए सीआईडी अनुराग गुप्ता, सुधीर गुप्ता, नीरज सिन्हा, मनोज कौशिक, प्रशांत कुमार और विनोद सिंह की भूमिका की जांच नहीं कर रही। प्रशांत कुमार और सुधीर गुप्ता पर कार्रवाई तो दूर पद पर बैठाये रखने की क्या मजबूरी है आपकी। कहीं ये लोग भी तो आपके राज़दार नहीं? भ्रमण के दरम्यान आमलोगों की इस जिज्ञासा से हम जैसे लोगों को रूबरू होना पड़ रहा है।

श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन जी, इस सीआईडी जांच पर तब तक कोई भरोसा नहीं करेगा, जब तक जांच की पहुंच केवल छोटे मोहरों तक नहीं बल्कि पूरे नेटवर्क और जिम्मेदार लोगों तक नहीं होगी। वरना जनता यही मानेगी कि यह जांच भ्रष्टाचार की जड़ तक पहुंचने के बजाय सिर्फ लीपापोती तक सीमित है।

हाईवे पर अवैध रूप से खड़े 52 वाहनों से वसूला 4 लाख जुर्माना

धनबाद, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुगम यातायात सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को नेशनल हाईवे टास्क फोर्स टीम ने सघन जांच अभियान चलाया। इसके तहत राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अनाधिकृत एवं अवैध रूप से खड़े भारी एवं अन्य वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन कर सड़क किनारे पार्क किए गए कुल 52 वाहनों के विरुद्ध चालान काटा गया, जिनसे कुल 4,00,000 (चार लाख रुपये) का जुर्माना वसूल किया गया। अभियान में परिवहन कार्यालय से मोटरयान निरीक्षक, जिला सड़क सुरक्षा टीम, पुलिस पदाधिकारी एवं बल तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की रूट पेट्रोलिंग व्हीकल टीम संयुक्त रूप से शामिल रही। टीम द्वारा हाईवे के विभिन्न संवेदनशील हिस्सों का निरीक्षण कर यातायात बाधित कर रहे वाहनों पर त्वरित कार्रवाई की गई। कार्रवाई के साथ-साथ टीम ने वाहन चालकों एवं ट्रांसपोर्टरों को सड़क पर बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ा न करने की सख्त हिदायत दी। उन्हें समझाया गया कि हाईवे किनारे खड़े वाहन अक्सर गंभीर एवं जानलेवा सड़क हादसों का मुख्य कारण बनते हैं। चालकों को निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक भी किया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध पार्किंग के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

साइबर अपराधी गिरफ्तार, दो मोबाइल बरामद

धनबाद, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। पुलिस ने बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने वाले एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 53 शिकायतों से जुड़े दो मोबाइल बरामद हुए हैं। पत्रकारों को जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि 27 सितंबर की शाम राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से एक संदिग्ध मोबाइल नंबर (8294971395) द्वारा साइबर अपराध की घटना किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। तकनीकी शाखा द्वारा जांच करने पर उक्त संदिग्ध मोबाइल का लोकेशन भूली ओ.पी. अंतर्गत ग्राम पांडरपाला दास बस्ती प्राप्त हुआ। लोकेशन के सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई के लिए एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम जब पांडरपाला स्थित दास बस्ती के समीप पहुँची, तो एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस बल द्वारा उसे तत्परता से पकड़कर पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम राहुल कुमार दास बताया। संदेह के आधार पर उसके पास से बरामद मोबाइलों की जब एनसीआरपी पोर्टल से जांच की गई, तो पाया गया कि उन नंबरों पर विभिन्न राज्यों से वित्तीय धोखाधड़ी (पैसा फ्रॉड) की कई शिकायतें दर्ज हैं। उसके पास से बरामद दोनों मोबाइल फोनों के माध्यम से देश भर में कुल 53 धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज पाई गईं।

तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

जामताड़ा, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। जामताड़ा सदर थाना क्षेत्र के चेगायडीह गांव में मंगलवार को दर्दनाक हादसे में तीन मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि मंगलवार दोपहर गांव के तीन बच्चे एक साथ खेल रहे थे। खेलते-खेलते तीनों बच्चे गांव के चिरकुटोला स्थित तालाब की ओर चले गए। इसी दौरान तीनों तालाब में डूब गए। तालाब उनके घर से करीब आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। तीनों बच्चों के तालाब में डूबने की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

तोपचांची को छोड़, सभी जेई का वेतन रोकने का निर्देश

धनबाद, 29 सितम्बर (नि.प्र.)। उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सन्नी राज ने मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, हर घर जल, जल जीवन मिशन एवं ओडीएफ प्लस के तहत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। योजनाओं की धीमी प्रगति एवं कार्यों में लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं अभियंताओं को कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समयसीमा में सभी लंबित कार्य पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान सेग्रिगेशन शेड निर्माण की धीमी प्रगति पर उप विकास आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। जिले में कुल 256 सेग्रिगेशन शेड का निर्माण किया जाना है। इसमें लापरवाही एवं मॉनिटरिंग में कमी पाए जाने पर तोपचांची के कनीय अभियंता को छोड़कर अन्य सभी कनीय अभियंताओं के एक माह के वेतन पर रोक लगाने का निर्देश दिया। साथ ही, अगले एक माह में 60 सेग्रिगेशन शेड का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया। जबकि कार्य में लापरवाही बरतने पर एक जिला समन्वयक को भी शो-कॉज जारी करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि ग्रामीणों को नियमित एवं सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जल जीवन मिशन के तहत संचालित योजनाओं को समय पर पूरा कर ग्रामीण परिवारों तक पेयजल की सुविधा पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने तथा पाइपलाइन, सिविल वर्क एवं मशीनरी से संबंधित कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया।

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
West Bengal State AIDS PREVENTION & CONTROL SOCIETY
Swasthya Bhawan, 1st Floor, Wing B, GN-29, Sector-V, Salt Lake, Kolkata 700091
NOTICE
Online BIDS are invited vide no. HFW-28014(14)/1/2024-CST SEC/E-NIT-11 dated: 28/09/2026 for procurement of Consumables for Sample Collection for HIV 1 Viral Load Testing. The Tender documents and other details may be viewed at e-tender portal by opening E-procurement platform **https://tenders.wb.gov.in/nicgep/app** As well as other amendments & corrigendum also available in above website. Sd/- Controller of Finance.
ICA- T18422(3)/2026

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
PWD TENDER NOTICE
Executive Engineer-I, P.W. Dte., Central Kolkata Health Electrical Division, P-12, C.I.T Road (1st Floor), Kolkata-14 invites e-tender (online) for the work of (1) Electrical Installation work due to urgent repairing of civil work at old campus Dr. R Ahmed Dental College and Hospital, Kolkata. Vide e-tender no. WBPWD/EE-I/CKHED/eNIT-45/26-27. Tender ID: 2026_WBPWD_5076016_1. Bid submission end date (online) for the job is 20/10/2026 upto 14:00 P.M. Detail information/download/upload will be available from the website: **http://etender.wb.nic.in**, **https://tenders.wb.gov.in/** & **http://pwdwb.in** Sd/- (BIKASH DUTTA), Executive Engineer-I, Central Kolkata Health Electrical Division P.W. Dte.
ICA- T18482(3)/2026

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
e-TENDER NOTICE
The Director, IPGME&R-SSKM Hospital, having its office at 244, A.J.C Bose Road, Kolkata700020 is inviting e-tender for different items at DSA lab, Bangur Institute of Neurosciences, IPGME&R SSKMH. Tender ID: 2026_HFW_5075323_1 & 2026_HFW_5075323_2. For details logon to **https://tenders.wb.gov.in**
Sd/-MSVP, IPGMER-SSKMH, Kol-20 Sd/-Director IPGMER-SSKMH, Kol-20
ICA- T18420(3)/2026

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
KMDA TENDER NOTICE
e-NIT No: 04/SE(Prog)/SD/KMDA OF 2026-2027 (2nd Call)
Online two parts tender is invited by the Superintending Engineer, Programme Circle, SD Sector, KMDA, 5th Floor, Block-A, Unnayan Bhawan, Salt Lake City, Kolkata-700091, from reliable, resourceful, bonafied and experienced agencies, for the work, **Name of work, Estimated Cost, Earnest Money Deposit, Time of Completion**, Construction of covered storm water drain from Trikon Park to Nandankanan via Mahajan More via Bistubhadra More in ward no. 17 under Panihati Municipality. (2nd Call)., Rs.2,90,55,789.64, Rs.5,81,116/-, 240 days, **Last date & time of online Bid submission:** 28.10.2026 up to 18:55 hours. for details contact the above office or visit both websites. (KMDA-572)
www.kmda.wb.gov.in
www.wbtenders.gov.in
ICA- T18434(3)/2026

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
ABRIDGED E-TENDER NOTICE
e- Tender No. 10/DCF/URF/2026-27
The undersigned invites e-Tender from eligible contractors/suppliers for Avenue Plantation at Roads, Institutions and parks under ward 73 Massive Urban greening Programme in Bhawanipur KMC area of Calcutta South Range under URF Division. Details can be seen at **https://wbtenders.gov.in** Date of Publication 01.10.2026. The closing date of e-tender is 27.10.2026 Sd/- DCF/URF Division.
ICA- T18448(3)/2026

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
KMDA TENDER NOTICE
e-NIT No. KMDA/WS/GAP/SE(N)/ NIT-04/26-27
Online e-Tender is invited by The Superintending Engineer, North Circle, GAP Wing, W&S Sector, KMDA, Block-D, 1st Floor, Unnayan Bhawan, Kolkata-700091, from reliable, resourceful, bonafied and experienced firms / companies / individual contractors, for the work, **Name of the Work, Estimated Amount, Earnest Money, Time of Completion**, Renovation of Old sewer line along with house connections with the existing sewerage network under Bhatpara Municipality., Rs.38,47,49,010/-, Rs.10,00,000/- through online as per the System, **12 Months** followed by 5 (five) years Operation & Maintenance., **Last date & time of online Bid submission:** 02.11.2026 Time: 15:00 hrs.., for details contact the above office or visit both websites. (KMDA-591)
www.kmda.wb.gov.in
www.wbtenders.gov.in
ICA- T18467(3)/2026

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
PWD TENDER NOTICE
NIeT No. 11/CSD of 2026-27, E.E. - I, Alipore Division, PWD. **Name of Work** – Repair & painting works of IPS Quarter no 02, Ground floor at 12, Belvedere Road, Alipore, Kolkata-700027 during the year 2026-2027. **(Rs. 9,61,786.00)** Bid Submission end date 09.10.2026 upto 15:00 P.M. Tender ID : **2026_WBPWD_5076124_1.** Details will be available from the website **http://wbtenders.gov.in** and notice board of this office on all working days within office hours. Sd/- Executive Engineer–I, Alipore Division, PWD.
ICA- T18452(3)/2026

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
PWD TENDER NOTICE
Executive Engineer-I, P.W. Dte., Central Kolkata Health Electrical Division, P-12, C.I.T Road (1st Floor), Kolkata-14 invites e-tender (online) for the work of (1) Compound lighting and Fire pump room EI work at G+6 Drugs Control & Research Laboratory Tangra Entally Kol-15. vide e-tender no. WBPWD/EE-I/CKHED/eNIT-46/26-27. Tender ID: 2026_WBPWD_5076292_1. Submission end date (online) for the job is 20/10/2026 upto 14:00 P.M. Detail information/download/upload will be available from the website: **http://etender.wb.nic.in**, **https://tenders.wb.gov.in/** & **http://pwdwb.in** Sd/- (BIKASH DUTTA), Executive Engineer-I, Central Kolkata Health Electrical Division, P.W. Dte.
ICA- T18481(3)/2026

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
KMDA TENDER NOTICE
e-NIT No. 09/EE(E/M)/EBSD/EM/ KMDA/eT-09 of 2026-27
Online percentage tender is invited by The Executive Engineer, (E/M), EBSD, EM Sector, KMDA, 83/1A, Vivekananda Road, 3rd Floor, Kolkata-700006, from reliable, resourceful, bonafide and experienced agency, for the work, **Name of Work, Estimated Value, Earnest Money, Time of Completion**, Operation & Maintenance of the Clear Water Booster Pumping station at Garden Reach Water Works for Budge-budge municipality for a period of 2 Years 11 Months (from 01.02.2027 to 31.12.2029)., Rs.62,22,168/-, Rs.1,24,444/- (balanced amount, if any, to determine @02% of the contract/accepted amount is to be deposited by the concerned bidder before issuing of order).As per Memo No.6718-F(Y) dt.08/09/2015 and subsequent Memo No.815-F(Y) dt.23/02/2023 of the FD, Audit Branch, "the Labour Co-operative Societies are exempted from payment of Earnest Money". However, "if selected through tender, will have to furnish requisite Security Deposit for Performance of the work, 2 Years and 11 Month, **Last date & time of online tender submission:** 22.10.2026, 12:00 hrs., for details contact the above office or visit both websites.
www.kmda.wb.gov.in (KMDA-575)
www.wbtenders.gov.in
ICA- T18437(3)/2026

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
NOTICE INVITING e-TENDER
On behalf of the Govt. of West Bengal, E-Tender vide **Memo no. RIO-2026/976** is invited by the Director, Regional Institute of Ophthalmology (RIO), MCH Campus, Kolkata – 700 073, for **Selection of Firm/Distributor/Manufacturer towards supply of Drugs/Food Supplement/Kits/Implants/reagents, in Regional Institute of Ophthalmology, Kolkata – 700 073.** Technical & Financial Bid Submission Closing Date: 30/10/2026 at 5:00 P.M. For Detail, Please visit the website **https://tenders.wb.gov.in** or **http://riokolkata.in/** or the Office of the Undersigned. Sd/- Director, RIO, MCH Campus, Kolkata-73.
ICA- T18421(3)/2026

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
KMDA TENDER NOTICE
e-NIT No : SE(E&M)-II/T-04 of 2026-27
Online two part item-rate/amount quoting e-Tender is invited by the Superintending Engineer (E&M)-II, E/M Sector, KMDA, Unnayan Bhavan, 6th Floor, Salt Lake City, Kolkata-700091, from the agencies having successfully completed the work of 'operation and maintenance of pumps and pumping equipment of surface resource-based potable water pumping station' in any Government / Govt. Undertaking / Autonomous Bodies/Semi-Govt./ Statutory Bodies/ Local Bodies, for the works, **Name of the Work, Estimated Amount, Earnest Money Deposit, Time of Completion,** Round the clock operation and minor maintenance of 16 nos. booster pumping stations under Integration, SWTP, KMDA for 12 months, Rs.2,58,68,715/-, Rs.5,17,375/- (balanced amount, if any, to determine @02% of the contract/accepted amount is to be deposited by the concerned bidder before issuing of order), 12 calender months, **Last date & time of online Bid submission:** 28.10.2026 up to 14.00 Hrs, for details contact the above office or visit both websites. (KMDA-573)
www.kmda.wb.gov.in
www.wbtenders.gov.in
ICA- T18435(3)/2026

GOVERNMENT OF WEST BENGAL
P.W.D. TENDER NOTICE
Senior Superintending Engineer, Southern Highway Circle, P.W.(Roads) Directorate, Block-I, 2nd floor, WRITERS' BUILDINGS, Kolkata-700001
e-NIT No. 06 of 2026-27 (2nd Call) of Sr. SE/SHC, PWRD, invites online e-Tender for the work of 1. Nilkuthi Piyangegunge Road from 0.000 Kmp to 5.700 Km for the work of Strengthening under Diamond Harbour Highway Division in the district of South 24 Paraganas. Estimated cost Rs. 10,68,74,148.00, Tender ID : 2026_WBPWD_5076067_1. Bid submission start date (online) 30.09.2026 from 3.00 p.m. Bid submission end date (online) 02.11.2026 upto 2:00 p.m. Corrigendum if any will be published in the website. Details of NIT and tender documents may be downloaded from : https://tenders.wb.gov.in & Office Notice Board. Sd/- Sr. SE/SHC, P.W.(Roads) Dte.
ICA- T18454(3)/2026

WEST BENGAL STATE ELECTRICITY DISTRIBUTION COMPANY LIMITED
(A Govt. of West Bengal Enterprise)
Regd. Office : Vidyut Bhavan, Block-DJ, Sector-II, Bidhannagar, Kolkata - 700 091
CIN : U40109WB2007SGC113473, www.wbsedcl.in
WBSEDCL
WBSEDCL invites e-Tender(s) as follows:
NIT No.: WBSEDCL/P&E/e-TENDER/2026-27/02, **Date:** 29.09.2026 of the **Chief Engineer (P&E)** for 'Procurement of software for Power System Studies for Electrical System Development, Renovation, Modernisation and Expansion Plan within the jurisdiction of WBSEDCL'. For document download, visit the Company's website on and from **09.10.2026 (17:00 hrs.)**
For details, visit **https://wbtenders.gov.in** & **www.wbsedcl.in**
ICA- T18490(3)/2026

WBPDCL Corp. Id. No. U40104WB1985SGC039154
AMC FOR FOUR UNITS OF POLY VC HARDWARE G7500 4K CODEC WITH ACCESSORIES OF WBPDCL FOR THREE YEARS
Notice Inviting E-Tender
Ref No. WBPDCL/Tend-Adv/26-27/CORP/CC-6185, Dtd: 28/09/26
NIT No: WBPDCL/CORP/NIT/E2305/26-27/E1471791/S-1269(ITC)
E-Tenders in prescribed format are invited at https://wbtenders.gov.in by GENERAL MANAGER (M&C), Corporate Office, WBPDCL from eligible Agencies / Companies in 2 Part bid system for **"AMC FOR FOUR UNITS OF POLY VC HARDWARE G7500 4K CODEC WITH ACCESSORIES OF WBPDCL FOR THREE YEARS"**. **Tender Document Download Start Date:** 29-SEPTEMBER-2026, 02:00 PM, **Bid Submission End Date:** 13-OCTOBER-2026, 11:00 AM. **Contact Person:** Smt. A. Sil, Sr. Manager (M&C). **Contact No.:** 9474973379. **E-mail:** asil@wbpdcl.co.in.
For details please visit: **https://wbtenders.gov.in**
ICA- T18444(3)/2026

● R.N.I. NO. 2508/57 ● Regd. No. KOL RMS/291/2019-2021

विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान की तारीफ

भारत-यूएस संबंधों पर 'सबसे बड़ी समस्या'

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका में एशिया सोसाइटी इवेंट में भारत और अमेरिकी संबंधों के बीच में जिस तरह से सबसे बड़ी बाधाओं में आतंकवाद का मुद्दा उठाया है, उसका कूटनीतिक एक्सपर्ट काफी तारीफ कर रहे हैं। पूर्व राजनयिक कंवल सिब्बल ने कहा है कि बहुत ही सामान्य तरीके से बहुत बड़ी बात कह दी है।

खुले तौर पर कहा जा रहा, सामान्य तरीके से

भारत के पूर्व विदेश सचिव और पूर्व राजनयिक कंवल सिब्बल ने विदेश मंत्री के अमेरिका के साथ संबंधों पर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर लिखा, भारत-अमेरिका के मौजूदा संबंधों को लेकर यथार्थवादी नजरिया। सावधानी भरी कूटनीतिक भाषा में कह दिया कि व्यापार, आतंकवाद और लोगों की आवाजाही के मोर्चे पर संबंधों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें सुधार का इंतजार है।

आतंकवाद पर अमेरिका को किया बेनकाब

दरअसल, विदेश मंत्री इन दिनों अमेरिका में हैं। वहां न्यूयॉर्क में एशिया सोसाइटी इवेंट में दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्तों को लेकर जब उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने बेझिझक वास्तविक स्थिति सामने रख दी और बता दिया कि असल में दिक्कत कहां आ रही है। उन्होंने दोनों देशों में चल रही ट्रेड डील की चर्चा पर बात की और भारतीयों के अमेरिका जाने का मुद्दा भी उठाया, लेकिन बिना लागलपेट के आतंकवाद पर अमेरिका का दोमुंहा चेहरा भी उजागर कर दिया।

भारत के आतंकवाद का मुद्दा महत्वपूर्ण

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत के लिए आतंकवाद का मुद्दा विशेष तौर पर महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि ..शायद ही कोई ऐसा देश हो, जिसे दशकों से किसी पड़ोसी (पाकिस्तान) की सोची-समझी और जान-बूझकर अपनाई गई नीति के चलते आतंकवाद का सामना करना पड़ा हो..जैसा हमने किया है। उन्होंने अमेरिका के चेहरे से उस नकाब को उतारने की कोशिश की है, जो भारत में आतंकवाद के मुद्दे पर अब तक वह अपनाता रहा है। विदेश मंत्री ने कहा, अब हमारे लिए जो सबसे ज्यादा मायने रखता है, उसके लिए उतनी समझ या सराहना या सहानुभूति नहीं है, मैं समझता हूं कि इससे भी समस्या पैदा होती है।

तनीषा मुखर्जी के घर की बिजली कटी

एक्ट्रेस ने अमित शाह से लगाई गुहार

मुंबई, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। काजोल की बहन, एक्ट्रेस और बिग बॉस 7 फेम तनीषा मुखर्जी का महाराष्ट्र राज्य बिजली बोर्ड पर गुस्सा फूटा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारी बिजली बिल के कारण लोनावला में उनके पुश्तैनी घर की बिजली काट दी गई। एक्ट्रेस ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मामले में दखल देने की अपील की है। यही नहीं, अजय देवगन की साली ने यहां तक कहा है कि लोनावला का बिजली विभाग माफिया की तरह काम कर रहा है। दिग्गज एक्ट्रेस तनुजा की बेटी तनीषा की पुणे के लोनावला में एक विंटेज-स्टाइल पुश्तैनी प्रॉपर्टी है। वह अक्सर खास मौकों और छुट्टियों पर पूरे परिवार के साथ वहां जाती हैं। मंगलवार को 48 साल की एक्ट्रेस ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर महाराष्ट्र राज्य बिजली बोर्ड की आलोचना की है।

दिल्ली एयरपोर्ट पर दस मिलिट्री-ग्रेड ड्रोन जब्त

वियतनाम के रास्ते हांगकांग से लेकर आए भारतीय

नई दिल्ली, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर तीन भारतीय पैसेंजर को 10 मिलिट्री-ग्रेड ड्रोन के साथ पकड़ा गया है। छानबीन के बाद इन्हें प्रोफेशनल ग्रेड ड्रोन बताया जा रहा है, जो थर्मल इमेजिंग और लेजर रेंज फाइंडर से लैस है। मंगलवार को अधिकारियों ने हांगकांग से वियतनाम के रास्ते भारत लाए गए इन अनमैन्ड एरियल व्हीकल की जानकारी दी है। दिल्ली कस्टम्स (एयरपोर्ट एंड जेनरल) ने एक्स पोस्ट के माध्यम से 10 मिलिट्री-ग्रेड ड्रोन की इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से इस बरामदगी की जानकारी दी है। जब्त किए गए 10 ड्रोन की कीमत 1,03,55,900 रुपये बताया जा रहा है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार ये ड्रोन 25 सितंबर को वियतनाम के रास्ते हांगकांग से टर्मिनल-3 पहुंचा था। कस्टम अधिकारियों ने खुफिया सूचना के आधार पर ग्रीन चैनल पार करने के दौरान संदिग्ध पैसेंजरों को रोक लिया। हालांकि, इस मामले की जानकारी मंगलवार को सार्वजनिक की गई। जब सामान की विस्तृत जांच की गई तो उसमें से बरामद हुए 10 मिलिट्री-ग्रेड ड्रोन के साथ उससे जुड़े उपकरण भी लाए गए हैं, जिनमें कंट्रोलर, गिम्बल के साथ कैमरे, केबल, प्रोपेलर और जॉयस्टिक्स शामिल हैं। एक चार्टर्ड इंजीनियर के मूल्यांकन से इस बात की पुष्टि हुई है कि ये ड्रोन प्रोफेशनल-ग्रेड के हैं, जिसमें थर्मल इमेजिंग और लेजर रेंज फाइंडर की सुविधा उपलब्ध है। आधिकारिक बयान के अनुसार इन ड्रोनों को मिलिट्री या डिफेंस-ग्रेड का यूएवी माना गया है, जिनके लिए डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन के पास रजिस्ट्रेशन होना जरूरी है।

भविष्य के लिए जरूरी है सही प्लानिंग

सुरक्षा कवच का काम करता है बीमा

दैनिक विश्वमित्र विशेष

कोलकाता, 29 सितम्बर (निप्र)। हम अपने और परिवार के सुरक्षित भविष्य के लिए वर्षों तक बचत करते हैं, निवेश करते हैं और संपत्ति बनाते हैं। लेकिन बीमारी, दुर्घटना, असामयिक मृत्यु या संपत्ति को हुए बड़े नुकसान जैसी एक अप्रत्याशित घटना वर्षों की वित्तीय योजना को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में सही बीमा आर्थिक सुरक्षा कवच का काम करता है। यह कथन है एसकेएम फाइनेंसियल सर्विसेज के डायरेक्टर विनय मोहता का, जो 'दैनिक विश्वमित्र' से बातचीत कर रहे थे।

VINAY MOHATA

> A comprehensive indemnity health insurance policy with adequate coverage is essential. Considering the rising cost of healthcare, a cover of Rs.50 Lakhs to Rs.1 Crore may be considered, depending on your profile and requirements.

स्वास्थ्य बीमा : श्री मोहता कहते हैं कि लगातार बढ़ते चिकित्सा खर्चों को देखते हुए पर्याप्त स्वास्थ्य बीमा आज एक आवश्यकता बन गया है। व्यक्ति की आय, उम्र, परिवार और जरूरतों के अनुसार 50 लाख से 1 करोड़ रुपये तक के स्वास्थ्य कवर पर विचार किया जा सकता है।

गंभीर बीमारी बीमा : गंभीर बीमारी का असर केवल अस्पताल के बिल तक सीमित नहीं रहता। इलाज के दौरान आय कम या बंद हो सकती है, जबकि घर और परिवार के खर्च जारी रहते हैं। क्रिटिकल इलनेस पॉलिसी में शामिल गंभीर बीमारी का निदान होने पर पॉलिसी की शर्तों के अनुसार एकमुश्त राशि मिलती है। इसका उपयोग आय में आई कमी, स्वास्थ्य लाभ, जीवनशैली में बदलाव तथा अन्य आवश्यक खर्चों के लिए किया जा सकता है।

कैंसर बीमा : कैंसर का उपचार लंबा और खर्चीला हो सकता है। विशेष कैंसर बीमा योजना पॉलिसी की शर्तों के अनुसार एकमुश्त राशि अथवा अन्य वित्तीय सहायता प्रदान कर सकती है, जिससे इलाज के साथ जुड़े आर्थिक दबाव को कम करने में मदद मिलती है।

टर्म इंश्योरेंस : परिवार के कमाने वाले सदस्य की असामयिक मृत्यु पूरे परिवार की आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर सकती है। बच्चों की शिक्षा, गृह ऋण, रोजमर्रा के खर्च और भविष्य के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त टर्म इंश्योरेंस जरूरी है। कई परिवारों के लिए 3 से 5 करोड़ रुपये या उससे अधिक का जीवन बीमा कवर उपयुक्त हो सकता है। हालांकि इसकी वास्तविक जरूरत आय, देनदारियों, जीवनशैली, आश्रित सदस्यों और भविष्य के वित्तीय लक्ष्यों के आधार पर तय की जानी चाहिए।

गृह बीमा : घर जीवन की सबसे महत्वपूर्ण संपत्तियों में से एक है। आग या अन्य बीमित जोखिम से मकान और उसमें रखे सामान को बड़ा नुकसान हो सकता है। उचित गृह बीमा ऐसे जोखिमों से होने वाले आर्थिक नुकसान को कम करने में सहायक हो सकता है।

जरूरत के अनुसार अन्य बीमा

जीवनशैली, व्यवसाय और संपत्तियों के आधार पर ग्लोबल हेल्थ इंश्योरेंस, कीमती आभूषणों व घड़ियों के लिए ऑल रिस्क कवर और व्यक्तिगत साइबर बीमा जैसे विकल्पों पर भी विचार किया जा सकता है।

बीमा केवल खर्च नहीं, आर्थिक सुरक्षा है : हम बच्चों की शिक्षा, सेवानिवृत्ति, संपत्ति निर्माण और बेहतर भविष्य के लिए निवेश करते हैं। लेकिन पर्याप्त बीमा सुरक्षा के अभाव में एक बड़ी अप्रत्याशित घटना वर्षों की बचत पर भारी पड़ सकती है। बीमा का उद्देश्य किसी अनहोनी की आशंका में जीना नहीं, बल्कि अनिश्चित परिस्थितियों के लिए आर्थिक रूप से तैयार रहना है। इसलिए समय-समय पर अपने बीमा पोर्टफोलियो की समीक्षा करना और अपनी जरूरतों के अनुसार विशेषज्ञ की सलाह लेना समझदारी भरा कदम हो सकता है।

SKM FINANCIAL SERVICES

'सनातनी स्वास्थ्य सेना' की पहल: मरीजों के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन

कोलकाता, 29 सितम्बर (निप्र)। पश्चिम बंगाल में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक बड़ी और मानवीय पहल शुरू होने जा रही है। राज्य के गांवों और दूर-दराज के इलाकों से कोलकाता इलाज के लिए आने वाले लाखों मरीजों की सबसे बड़ी परेशानी - कहाँ जाएं, किस अस्पताल में भर्ती हों, किस डॉक्टर से मिलें और सरकारी प्रक्रिया कैसे पूरी करें - को अब आसान बनाने के लिए *सनातनी स्वास्थ्य सेना* नामक संगठन ने एक टोल-फ्री हेल्पलाइन शुरू करने का फैसला किया है। कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ। पीके हजारा ने इसकी घोषणा की। यह पहल बंगाल की खबरों में सबसे ज्यादा चर्चा का विषय बनी हुई है।

पश्चिम बंगाल में आज भी स्वास्थ्य का ढांचा कोलकाता केंद्रित है। एसएसकेएम, एनआरएस, आरजी कर, मेडिकल कॉलेज, चित्तरंजन जैसे बड़े सरकारी अस्पताल और कई बड़े निजी अस्पताल कोलकाता में हैं। लेकिन बंगाल के पुरुलिया, बांकुड़ा, उत्तर दिनाजपुर, कूचबिहार, सुंदरबन, जंगलमहल के गांवों से जब कोई गरीब मरीज गंभीर बीमारी लेकर कोलकाता आता है, तो वह पूरी तरह से अकेला और भ्रमित होता है।

उसे नहीं पता होता कि एसएसकेएम में न्यूरोलॉजी कहाँ है, आरजी कर में कार्डियोलॉजी का किस दिन लगता है, सरकारी अस्पताल में स्वास्थ साथी कार्ड कैसे काम करेगा, या किस निजी अस्पताल में किफायती इलाज मिलेगा। दलालों और अनजान लोगों के चक्कर में कई बार मरीज का समय और पैसा दोनों बर्बाद हो जाता है। कई बार तो सही जानकारी न मिलने से मरीज बिना इलाज के ही वापस गांव लौट जाता है।

इसी खाई को पाटने के लिए सनातनी स्वास्थ्य सेना ने यह पहल की है। संगठन का कहना है कि उनका उद्देश्य सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सकों को एक मंच पर लाना है ताकि मरीज को सही दिशा-निर्देश मिल सके। कार्यक्रम में दी गई जानकारी के अनुसार, यह एक साधारण फोन नंबर नहीं होगा, बल्कि एक पूरी सहायता प्रणाली होगी।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्वामी प्रदीप्तानन्द महाराज (कार्तिक महाराज) । साथ में हैं डॉ. पी.के. हाजरा एवं अन्य।

सनातनी स्वास्थ्य सेना का प्रथम महासम्मेलन

विधायक देवाशीष धर का सम्मान करते हुए डॉ. पी.के. हाजरा और सुष्मिता मुखर्जी।

कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते हुए अतिथिगण।

'दैनिक विश्वमित्र' की निदेशक आद्या अग्रवाल का सम्मान करते हुए विवेक शुक्ला

डॉ. पी.के. हाजरा और कार्तिक महाराज।

अस्पताल में भर्ती से लेकर इलाज तक गाइडेंस: टोल-फ्री नंबर पर कॉल करने वाले व्यक्ति को संगठन से जुड़े प्रशिक्षित वॉलंटियर और स्वास्थ्यकर्मी जानकारी देंगे। उन्हें बताया जाएगा कि उनकी बीमारी के लिए कौन सा अस्पताल सबसे उपयुक्त है - सरकारी या निजी। सरकारी अस्पताल में बेड की उपलब्धता, के दिन, जरूरी कागजात की जानकारी दी जाएगी। हेल्पलाइन पर संपर्क करने वाले लोग न सिर्फ मदद प्राप्त कर सकेंगे, बल्कि वे चाहें तो संगठन से जुड़कर दूसरों की मदद भी कर सकेंगे। यानी यह एक जन-आंदोलन के रूप में विकसित होगा। इस संगठन की सबसे बड़ी ताकत इसकी टीम है। इसमें सरकारी मेडिकल कॉलेजों के वरिष्ठ चिकित्सकों के साथ-साथ निजी अस्पतालों के डॉक्टर, नर्स, स्वास्थ्यकर्मी और एमबीबीएस के छात्र भी शामिल हैं। इसका मतलब है कि मरीज को हर स्तर पर - डॉक्टर से लेकर बेडसाइड केयर तक - मदद मिल सकेगी। महानगर में आयोजित कार्यक्रम में मंच पर कई जाने-माने डॉक्टर मौजूद थे, जिनमें डॉ। मधुसिमा माइती, डॉ। सुनीप बंद्योपाध्याय, डॉ। प्रदीप कुमार घोष, एसएसकेएम अस्पताल के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉ। अर्दिम सरकार और त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ। असीम सरकार शामिल थे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में रहने वाले अर्पण सरकार (आरएसएस) रवि चाणक्य, सनातनी स्वास्थ्य सेना के प्रवक्ता विवेक शुक्ला और सुष्मिता मुखर्जी समेत अन्य चिकित्सक भी मौजूद रहे। यह दर्शाता है कि यह पहल पूरी तरह से सामाजिक और गैर-राजनीतिक रूप से चिकित्सा सेवा को समर्पित है। डॉ. पीके हाजरा ने कार्यक्रम में दो बहुत महत्वपूर्ण बातें कही जो इस संगठन के बड़े विजन को दिखाती हैं। आज बंगाल के हजारों मरीज बेहतर इलाज के लिए वेल्लोर, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु जाते हैं। इससे बंगाल का पैसा बाहर जाता है और मरीज पर आर्थिक बोझ 3 से 4 गुना बढ़ जाता है। ट्रेनों में लंबा सफर, भाषा की समस्या और रहने की दिक्कत अलग। संगठन का लक्ष्य है कि बंगाल के मरीजों को बंगाल में ही बेहतर इलाज मिले, ताकि उन्हें बाहर न जाना पड़े। इसके लिए वे राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं। संगठन ने दावा किया है कि वे बंगाल में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए 5,000 करोड़ रुपये तक का निवेश लाने की दिशा में काम कर रहे हैं। अगर यह निवेश आता है तो ग्रामीण क्षेत्रों में नए डायग्नोस्टिक सेंटर, टेलीमेडिसिन सुविधा और सुपर-स्पेशियलिटी क्लिनिक खुल सकते हैं।

पिछले कुछ वर्षों में बंगाल में डॉक्टरों पर हमले की घटनाएं बढ़ी हैं। आरजी कर की घटना के बाद यह मुद्दा और भी गंभीर हो गया है। सनातनी स्वास्थ्य सेना ने कहा है कि वे आने वाले दिनों में रक्तदान शिविर आयोजित करने के साथ-साथ अस्पतालों में ड्यूटी करने वाले डॉक्टरों की सुरक्षा बढ़ाने जैसे मुद्दों पर भी काम करेंगे। उनका मानना है कि जब तक डॉक्टर सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे, वे मरीजों को अच्छी सेवा नहीं दे पाएंगे। इस टोल-फ्री हेल्पलाइन के शुरू होने से तीन बड़े फायदे होंगे। एक फोन कॉल पर उसे सही और निष्पक्ष जानकारी मिलेगी। कई लोगों को पता ही नहीं होता कि स्वास्थ साथी कार्ड कहाँ और कैसे काम करता है। हेल्पलाइन पर उन्हें यह गाइडेंस मिलेगी। जब एक ही मंच पर सरकारी और निजी दोनों तरह के डॉक्टर होंगे, तो मरीज को लगेगा कि उसे व्यापारिक नजरिये से नहीं, बल्कि सेवा भाव से सलाह दी जा रही है। बंगाल जैसे राज्य में जहाँ स्वास्थ्य हमेशा एक बड़ा राजनीतिक और सामाजिक मुद्दा रहा है, वहाँ सनातनी स्वास्थ्य सेना जैसी पहल एक सकारात्मक कदम है। यह पहल अगर अपने वादे पर खरी उतरती है और टोल-फ्री नंबर वास्तव में 247 काम करता है, तो यह हजारों मरीजों के लिए जीवन रेखा बन सकती है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि संगठन अपने टोल-फ्री नंबर की औपचारिक घोषणा कब करता है और यह सेवा जमीन पर कैसे काम करती है। कार्यक्रम में कार्तिक महाराज, विधायक विजय ओझा, सजल घोष,रितेश तिवारी, दैनिक विश्वमित्र की निदेशक आद्या अग्रवाल एवं वीर बहादुर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।